रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम

₹91000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,041.59 | 84.947 |
| -1,176.45 | -0.158 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 23 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 318, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 रोहित शर्मा, राहुल और आकाश...

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 24.1° | 23.6° |
| न्यून. | 13.1° | 13.8° |

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं तीरंदाज दीपिका कुमारी और कोच डी. साईश्वरी

# सरकार खिलाड़ियों के लिए प्रतिबद्धता से कर रही कार्य : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने मुलाकात की। सेंटर फॉर एक्सीलेंस की कोच डी. साईश्वरी भी उनके साथ थीं। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्व पटल पर झारखंड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



सीएम सोरेन ने हालिया प्रदर्शन पर दीपिका कुमारी को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

## आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मिले मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन रविवार को आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात की। वे पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस गए और आर्चबिशप आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### पीएम 71 हजार युवाओं को आज देंगे नियुक्तिपत्र

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दिन में करीब 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

### केंद्र ग्राहकों की सुरक्षा के लिए लांच करेगा तीन ऐप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत आने वाले उपभोक्ता मामलों के विभाग ने रविवार को जानकारी दी कि मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर 'जागो ग्राहक जागो', 'जागृति' और 'जागृति डैशबोर्ड' तीन ऐप जनता के लिए लांच किए जाएंगे। सरकार द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गया कि विभाग की इन पहलों का उद्देश्य एक पारदर्शी और निष्पक्ष डिजिटल मार्केटप्लेस बनाना है, जहां उपभोक्ता बिना किसी धोखे या दबाव के सोच-समझकर फैसले ले सकेंगे।

### बिहार के औरंगाबाद में चार आईईडी बरामद

**औरंगाबाद।** बिहार की औरंगाबाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन ने संयुक्त छापेमारी अभियान में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। टीम ने चार प्रेशर आईईडी विस्फोटक बरामद किए। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस को नक्सलियों की चहलकदमी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस और कोबरा बटालियन-205 ने मदनपुर थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया था।

### दिल्ली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, चार घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बुराड़ी इलाके में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में घातक विस्फोट में चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की घटना में चार लोग झुलस गए, जबकि आग पर काबू पाने की कोशिश करते समय एक अग्निशमन विभाग के कर्मचारी के हाथ में चोट आई है। गर्ग ने कहा, बुराड़ी इलाके में अवैध पटाखा निर्माण के दौरान विस्फोट हुआ।

## डिजिटल अरेस्ट का एक और व्यक्ति शिकार

# बीएसएल कर्मी से साढ़े नौ लाख रुपए की हुई ठगी

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**बोकारो।** साइबर ठगों ने बोकारो में एक साथ साइबर ठगी की तीन घटनाओं को अंजाम दिया है। साइबर अपराधियों ने 18 लाख 44 हजार रुपए उड़ा लिए। अपराधियों ने एक बीएसएल कर्मी से ट्राई और सीबीआई अधिकारी बनकर 09 लाख 50 हजार रुपए उड़ा लिए। वहीं, दूसरी साइबर ठगी की घटना शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई, जहां अपराधियों द्वारा 08 लाख 19 हजार रुपए ठगने की बात सामने आई है। साइबर ठगी की तीसरी घटना गोमिया में दो महिलाओं के साथ हुई है, जहां साइबर ठगों ने 75 हजार रुपए की ठगी की है। इन दोनों महिलाओं से सुखाड़ राहत योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी की गई है।

घटना की सूचना के बाद अब बोकारो पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। वर्तमान में मोबाइल फोन के कॉल के पहले साइबर ठगी को लेकर सरकार कई तरह से लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। वहीं, इतनी जागरूकता के बाद भी लोग लगातार साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। बोकारो में एक ऐसा मामला सामने आया हैं, जहां एक बीएसएल कर्मी को ट्राई व सीबीआई अधिकारी बनकर पहले डिजिटल अरेस्ट करते हुए एक दिन बंधक बनाकर रखा गया, फिर उनसे 09 लाख 50 हजार रुपए का ठगी कर ली गई। साइबर ठगों ने पीड़ित से कहा, आपके खाते में मनी लांड्रिंग हुआ है और आपके नाम से 17 केस दर्ज हो चुके हैं। जांच के नाम पर पीड़ित से साढ़े नौ लाख रुपए मंगवा लिए और कहा कि वापस कर देंगे, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया गया। पूरा मामला बोकारो के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सेक्टर 4-जी का बताया जा रहा है। सेक्टर 4-जी निवासी राम प्रवेश कुमार की शिकायत पर बोकारो के साइबर थाने में मामला दर्ज हुआ है।




● बोकारो में साइबर अपराधियों ने की कुल 18 लाख की ठगी

### मनी लांड्रिंग में फंसे होने की धमकी देकर की गई ठगी

पूरी घटना के बारे में पता चला है कि बोकारो के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सेक्टर 4-जी के रहने वाले रामप्रवेश कुमार के मोबाइल पर एक फोन आया, जिसमे कहा गया कि ट्राई यानी टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बोल रहा हूं। आपके एचडीएफसी बैंक के खाते को लिंक किया गया है, जिसमे 68 मिलियन का ट्रांजैक्शन हुआ है और यह पैसा मनी लांड्रिंग का है। इसे बंद करने के लिए सुमित नामक युवक को कॉल ट्रांसफर की गई। सुमित स्वयं को ट्राई का अधिकारी बोल डिलेल्स लिया और इसके बाद महज कुछ ही घंटो में पीड़ित को कंगाल कर दिया।

# कुवैत ने पीएम मोदी को दिया 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर'

- यह कुवैत का सर्वोच्च सम्मान है, किसी देश के प्रमुख को ही दिया जाता है
- पीएम मोदी को किसी देश से मिला यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत का सबसे बड़ा सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' दिया गया है। यह पीएम मोदी को किसी देश द्वारा दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। 'मुबारक अल कबीर ऑर्डर' कुवैत का एक विशेष नाइटहुड सम्मान है। यह सम्मान आमतौर पर किसी देश के प्रमुख, विदेशी शासकों और राजपरिवार के सदस्यों को दोस्ती के प्रतीक के रूप में दिया जाता है। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे अंतरराष्ट्रीय नेताओं को दिया जा चुका है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया। पीएम मोदी ने कुवैत के मीना अब्दुल्ला क्षेत्र में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया, जिसमें लगभग 1,500 भारतीय नागरिक कार्यरत हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने श्रमिकों से बात की। उल्लेखनीय है कि कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत की कुल आबादी में भारतीय 21 प्रतिशत (1 मिलियन) हैं और इसके कार्यबल (लगभग 9 लाख) में 30 प्रतिशत हैं। इससे पूर्व, 21 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार दोपहर कुवैत सिटी स्थित होटल में पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने भव्य स्वागत किया। पीएम मोदी कुवैत राज्य के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर अपनी ऐतिहासिक दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।

शेष पेज 11 पर



### कुवैत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में होगी बहुत वृद्धि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय कुवैत दौरा समाप्त हो गया। रविवार को वे भारत के लिए लौटे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुवैत दौरे की कई तस्वीरें साझा की और दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होने की बात कही। साथ ही, उन्होंने विदाई देने के लिए एयरपोर्ट तक आने के लिए कुवैत के प्रधानमंत्री का आभार जताया। पीएम मोदी ने कुवैत की अपनी यात्रा ऐतिहासिक बताया। शेष पेज 11 पर

### कुवैत के साथ कई क्षेत्रों में किए गए अहम समझौते

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक दो दिवसीय यात्रा के दौरान भारत और कुवैत ने संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने पर सहमति जताई और रविवार को रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को नियमित बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। रक्षा को रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण घटक स्वीकार करते हुए दोनों देशों का कहना है कि समझौता

शेष पेज 11 पर

### नाबालिग की मांग में सिंदूर डालने वाला युवक गिरफ्तार, गया जेल

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** जिला के कटकमसांडी के ढौठवा में एक युवक ने स्कूल से आ रही नाबालिग की मांग में सिंदूर डाल दी। घटना की चर्चा पूरे कटकमसांडी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और सभी लोग तरह तरह की चर्चा करने लगे। इस घटना की सूचना दोनों पक्षों के परिजनों को मिली। नाबालिग लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत कटकमसांडी थाना प्रभारी से की। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर उसे बाद में कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है, कि ढौठवा गांव के देवल दांगी के पुत्र नितेश कुमार दांगी ने इस गांव के अंतर जाति समाज की नाबालिक लड़की की मांग में जबरन सिंदूर भर दी थी। घटना के बाद नाबालिग के परिजन और लड़की ने थाना में आवेदन देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। घटना के बाद युवक को न्यायिक हिरासत भेज दिया। वहीं, नाबालिग को उसके परिजन को सौंप दिया गया है।

### चतरा मुखिया संघ जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा पंचायत के मुखिया एवं मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। अपराधी किस्म के लोगों ने मुखिया के आवास पर पोस्टरबाजी कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। रविवार को इस मामले में पुलिस को सूचना दी गई है। चिपकाए गए पोस्टर में उन्हें गांव छोड़ने की धमकी दी गई है। पोस्टर में कहा गया है कि गांव नहीं छोड़े, तो पिता से पहले अर्थी उठा देंगें।

## कोचिंग इंस्टीट्यूट के फर्जी दावे वाले विज्ञापन पर सरकार का डंडा

# शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी पर 2 लाख का जुर्माना

**एजेंसी**

**दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने रविवार को शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी पर ये जुर्माना लगाया है। जुर्माने के साथ सीसीपीए ने संस्थान को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश भी दिया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी की आधिकारिक वेबसाइट पर सफल उम्मीदवारों का विवरण दिया गया है और साथ ही साथ उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों का विज्ञापन भी किया गया है। हालांकि, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में उक्त सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी उपर्युक्त विज्ञापन में प्रकट नहीं की गई थी। बयान में आगे कहा गया है कि शुभ्रा रंजन आईएएस स्टडी ने अपने विज्ञापन में दावा किया है कि यूपीएससी सीएसई 2023 में शीर्ष 100 में 13 छात्र, शीर्ष 200 में 28 छात्र और शीर्ष 300 में 39 छात्र हैं। सरकार ने आरोप लगाया कि कोचिंग संस्थानों ने अपने विज्ञापनों और लेटरहेड में 'शुभ्रा रंजन आईएएस' और 'शुभ्रा रंजन आईएएस के छात्र' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे गलत तरीके से यह संकेत मिलता है कि शुभ्रा रंजन एक आईएएस अधिकारी हैं या थीं। यह गलत बयानी एक अनुचित व्यापार व्यवहार का गठन करती है, जो जनता और भावी छात्रों को यह विश्वास दिलाने में गुमराह करती है कि संस्थान की सेवाएं सीधे तौर पर एक आईएएस अधिकारी की विश्वसनीयता से जुड़ी हैं।



## इंडिया भागती दौड़ती जिंदगी और नर्क बनते शहर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

नब्बे के दशक में जब कलर टीवी के साथ विदेशी संस्कृति और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने लग्जरी और शानदार फैशन भरे उत्पादों के साथ दुनिया के सबसे बड़े बाजार भारत में प्रवेश किया तो सभी की आंखें चौंधिया गईं थीं और वह समय था जब सादा जीवन उच्च विचार की भारतीय परंपरा दम तोड़ रही थी जिसका दुष्परिणाम अब सामने आने लगा है । संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों व शहरों में निवास करने लगेगी। वर्ष 2001 तक भारत की आबादी का 27.81 प्रतिशत हिस्सा शहरों में रहता था। वर्ष 2011 तक यह 31.16 फीसदी और वर्ष 2018 में यह आंकड़ा बढ़कर 33.6 फीसदी हो गया। 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत में 53 ऐसे शहर हैं, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है। विकास की अंधी दौड़ में शामिल दिल्ली सहित भारत के बड़े-बड़े शहर कभी प्रदूषण के गैस चैंबर बन जाते हैं, तो कभी बाढ़ में डूब जाते हैं। वायु प्रदूषण के कारण देश की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में गिरावट की चिंताजनक दर यातायात की भीड़, पराली, व्यापक निर्माण से धूल और औद्योगिक प्रदूषण के कारण होती है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। भीषण गर्मियों के दौरान कूलिंग के लिए बिजली की बढ़ी मांग, भूजल के गिरते जल स्तर और पानी की कमी से इन शहरों की आबादी विकास की चमक-दमक के बावजूद त्राहि-त्राहि करने लगती है। चाहे राजधानी दिल्ली हो या फिर भारत की मिलेनियम सिटी के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा गुरुग्राम या फिर भारत की व्यापार नगरी मुंबई ।राजस्थान के जयपुर में भी टैंकर से पानी सप्लाई का बड़ा व्यापार शुरू हो गया है ।भारत के अधिकांश शहर दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ती जनसंख्या, ट्रैफिक जाम, पीने योग्य पानी की कमी और लगातार बढ़ते जहरीले लैंडफिल के कचरे, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, पर्यावरणीय गिरावट और वायु प्रदूषण जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और यह रहने लायक नहीं बचे हैं। जहां एक तरफ उत्तर भारत के सभी नगरों समेत दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि में हर साल जाड़े का मौसम आते ही लोग वायु प्रदूषण से बेहाल, दम घोंटू हालात का सामना करने पर मजबूर नजर आते हैं। वहीं बंगलूरू और चेन्नई में, गर्मियों के दौरान पानी की कमी और इसके विपरीत, मानसून के दौरान बाढ़ से सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। पिछले दो दशकों में बंगलूरू एवं पुणे, बेहतर मौसम, अच्छे रोजगार के अवसर, हरियाली और व्यवस्था के चलते आकर्षण का केंद्र व सबसे ज्यादा 'इन डिमांड' रहे। महानगरीय संस्कृति, सुरक्षित माहौल, और काफी मजबूत रोजगार व्यवस्था ने इन्हें प्रिय बना दिया। लेकिन, आज इसी बंगलूरू शहर को प्रतिदिन 50 करोड़ लीटर पीने के पानी की कमी हो रही है, जो कि शहर की कुल जरूरत का पांचवां हिस्सा है ।वैश्विक यातायात भीड़ सूचकांक 2023 में बंगलूरू को भारत का सबसे भीड़-भाड़ वाला शहर घोषित किया गया था। गर्मी के मौसम में बेतहाशा गर्म तापमान के साथ ही, यहां बार-बार बाढ़ आने से जीवन हर साल अस्त-व्यस्त होता है। कमोबेश यही हाल पुणे का भी है। इस साल गर्मी के मौसम में, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पुणे में दिन का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हाल ही में इस साल, पुणे में भयानक बाढ़ आई थी, जब शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए थे। बंगलूरू शहर सिंगापुर से सबक सीख सकता है, जो 1980 के दशक में पानी की गंभीर कमी से परेशान था। इसने वर्षा जल को एकत्र करने और उसका पुनः उपयोग करने और अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया। दिल्ली इस मामले में बीजिंग और सियोल से भी सबक ले सकती है। साथ ही क्लाइमेट रेजिलिएंट सिटीज यानी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की रोकथाम से लैस शहर अब आज की दुनिया की जरूरत बन चुके हैं ।झारखंड की राजधानी रांची सहित अनेक शहर भी अब प्रदूषण के कारण बदले मौसम और जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं ।इसे एक चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए और विशेषज्ञों की सलाह पर दीर्घकालिक और कम अवधि के त्वरित उपाय करना आवश्यक है ।अभी ऑटो पाइलट सिस्टम से चल रहे शहरों में मास्टर प्लान लागू करना चाहिए और ट्रैफ़िक व्यवस्था में सुधार के लिए कदम उठाना चाहिए ताकि भविष्य में दिल्ली जैसी प्रदूषण की समस्या न हो ।सभी बेतरतीब बसे प्राचीन शहरों को यथासंभव व्यवस्थित करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण से लेकर फुटपाथ की दुकानों की समस्या का स्थाई निराकरण हो ।



# अल्लू अर्जुन के घर पर उपद्रवियों ने किया हमला

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** फिल्म 'पुष्पा 2' की वजह से चर्चा में बने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के हैदराबाद स्थित आवास को रविवार को निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि ओयू जेएसी से जुड़े उपद्रवियों ने अल्लू अर्जुन के आवास पर टमाटर फेंके और गमलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर, अल्लू अर्जुन के आवास पर हुए हमले की तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी निंदा की और पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई का आदेश दिया। साउथ सुपरस्टार के घर को उपद्रवियों के एक समूह ने निशाना बनाया है। हमलावरों ने अभिनेता के घर पर टमाटर फेंके और परिसर में रखे गमलों को भी नुकसान पहुंचाया है। इस घटना के बाद आवास पर अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को संभाला और उपद्रवियों को मौके से खदेड़ दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि हैदराबाद स्थित संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था। अभिनेता को तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दी गई थी, जबकि एक निचली अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेज दिया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मैं फिल्म सेलिब्रिटी के घरों पर हुए हमले की निंदा करता हूं।



● सीएम रेवंत रेड्डी ने दिया कार्रवाई का आदेश

### भाजपा ने 5628 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

# मजबूत भाजपा से ही मजबूत व आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने रविवार को शक्ति केंद्र पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर सदस्यता अभियान संगठन महापर्व का शुभारंभ किया। सदस्यता ग्रहण करने के लिए जनता में उत्साह देखा गया। पंचायत, बूथों पर लोग एकत्रित होकर सदस्यता ग्रहण करने में जुटे रहे। ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को तकनीक रूप में सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़चढकर सहभागिता निभाई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल अंतर्गत डीएवी स्वर्णरेखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इचाक के चाराडीह में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा



टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्तिकेंद्र में, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में, राकेश प्रसाद रामगढ़ के पतरातु स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित रहे।

सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। आज भाजपा के 11 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की नीतियों,कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, अंत्योदय, किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है।

कहा कि जनता को यह विश्वास आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भी भाजपा ने बनाया और भाजपा ही संवारेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि विकसित भारत केलिए भाजपा को मजबूत करें। हर घर भाजपा हो। युवा और महिला शक्ति से उन्होंने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया और कहा कि ऑनलाइन नंबर 88000024 डायल कर भाजपा के सदस्य बने।

### ट्रैफिक जुर्माना लगा कर जनता का शोषण कर रही सरकार : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक सिर्फ जुर्माना वसूलने से समस्या का हल नहीं होगी।

### कांग्रेस ने किया भाजपा सांसदों की सद्बुद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना

# भाजपा सरकार पिछले चुनावों में अपने किए गए वादों से मुकरी : डॉ राकेश किरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में रविवार को मोरहाबादी मैदान में झारखंड एनडीए के वर्तमान सभी 12 लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की सद्बुद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से अपनी धार्मिक पद्धति से ईश्वर से प्रार्थना की कि झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसदों को उनकी जवाबदेही एवं कर्तव्य का बोध हो। उन्हें झारखंड की 3.50 करोड़ जनता की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं का आभास कराने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में रांची जिला,प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने कहा विदित हो कि भाजपा एवं केंद्र सरकार पिछले चुनावों में अपने किए गए वादों से मुकर गई है। उनके वादे अब जुमले बन चुके हैं। उनकी सभी फ्लैगसिप योजनाएं विफल साबित हो रही हैं। वर्ष 2014 में बनी इस सरकार से आशा थी कि वह जनहित में काम करेगी परंतु बेतहासा बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी ने आम जनता की कमर कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मजदूर पलायन कर रहे हैं। महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं परंतु उनकी देखभाल और सुधि लेने वाला कोई नहीं है । मोदी सरकार का जन सरोकार से अब कोई लेना-देना नहीं है। इसीलिए झारखंडी जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। राज्य के मुद्दों को केंद्र सरकार अनदेखा कर रही है।

झारखंड सरकार को उसका वाजिब हक- अधिकार देने में भी आनाकानी की जा रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया गया। झारखंड सरकार केंद्र की भाजपा सरकार से लगातार अपना हक-अधिकार मांग रही है परंतु ना उसके कोयला रॉयल्टी का बकाया 1,36,000 करोड़ रूपया ही दे रही है और ना ही पीएम आवास, मनरेगा सहित अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि निर्गत कर रही है। यह झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार है और झारखंडियों के साथ अन्याय है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के दल इस मुद्दे पर अब चुप नहीं बैठेंगे।

## जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाना है उद्देश्य : मिथलेश कुमार

- *ग्रामीणों समेत आमजन को सरकार के विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी*
- *जागरूकता शिविर में लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का किया गया वितरण*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को जिला के 18 प्रखंड में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश व न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में श्रम विभाग, ग्रामीण विकास, शिक्षा, समाज कल्याण, कल्याण, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता 75 हजार लाभुक के बीच परिसंपत्ति लाभुकों में वितरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों समेत आमजन को सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। ओरमांझी प्रखंड में जिला स्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में अपर न्यायायुक्त छह सह विशेष न्यायाधीश एफटीसी मिथलेश कुमार ने झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित पुनर्वास के लिए विधिक सेवा प्राधिकार रांची की जिम्मेवारी के संबंध में बताया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने जागरूकता कैंप का मुआयना किया व प्राधिकार से मिलने वाली सुविधा की जानकारी दी। मांडर प्रखंड में न्यायिक दंडाधिकारी नुमान खान ने जागरुकता शिविर में लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। डालसा सचिव ने बताया कि लाभुकों का चयन कर परिसंपत्तियों का वितरण जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है।

## राष्ट्रपति से मिलकर गृह मंत्री को हटाने की मांग करेंगे टाना भगत

- *अखिल भारतीय टाना भगत संघ के 112 वें स्थापना दिवस में गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हुआ विरोध*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को चान्हो प्रखंड के सोनचिपी में अखिल भारतीय टाना भगत संघ के 112 वें स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि आजादी के बाद भी आजतक बड़ी ही सादगी से अपने जीवन को व्यतीत करते आ रहे टाना भगत जिस प्रकार मांसाहार, नशापान आदि से दूर हैं और जिस प्रकार वे समाज में आदर्श जीवन जीते हैं, उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। तिर्की ने कहा कि टाना भगतों ने हमेशा झारखण्ड की एक वैसी तस्वीर देश में गढ़ी है जहां शांति, सद्भावना, विकास, सादगी और



सपनों को पूरा करने की ललक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि टाना भगत विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष किसी वरिष्ठ टाना भगत को ही बनाया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि टाना भक्तों का जीवन कहां है कि टाना भगतों का आर्थिक-सामाजिक और कुल मिलाकर जीवन स्तर ऊंचा उठना आज के समय में न केवल सबसे बड़ी चुनौती है बल्कि सरकार के लिये सबसे बड़ी जिम्मेदारी और जवाबदेही भी है। तिर्की ने कहा कि टाना भगतों ने जिस प्रकार आजादी के आंदोलन में आगे बढ़कर महात्मा गांधी के अहिंसात्मक संग्राम में अपना योगदान दिया वैसा दूसरा उदाहरण दुनिया में नहीं है।

समारोह में संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संबंध में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये बयान की निन्दा की गयी। वहीं प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति से मांग की गयी कि गृह मंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से अविलम्ब हटाया जाये। टाना भगतों ने निर्णय लिया कि वे गृह मंत्री के विरुद्ध आंदोलन करेंगे और उन्हें हटाने के लिये वह दिल्ली कूच करेंगे जहां वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग करेंगे।

### आपराधिक घटना को अंजाम देने घुसा अपराधी, की तोड़फोड़

**रांची।** नयासराय ईदगाह के समीप रहने वाले मो अयुब अंसारी के घर में अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में अर्धनग्न अपराधी घुसा। जबरन दरवाजा तोड़ने का प्रयास भी किया। घटना 19 दिसंबर को देर शाम की है। इस संबंध में अयूब अंसारी ने विधानसभा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अयूब अंसारी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात में वह अपनी पत्नी व परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान अर्धनग्न व्यक्ति उनके घर की बाउंड्री फांदकर घुसा। दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाने लगा। जब वे लोग दरवाजा नहीं खोले तो आरोपी उनके घर के दरवाजे में तोड़फोड़ करने लगा। सूचना मिलने पर विधानसभा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की तथा झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### विधायक निशात और निरल ने सीएम हेमंत सोरेन से की भेंट



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक निशात आलम एवं विधायक निरल पूर्ति एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### अमित शाह ने बाबा साहेब का किया अपमान : रामकृष्ण पांडा




**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में राज्य कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा मौजूद थे। मौके पर राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि संसद भवन के अंदर धक्का मुक्की संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पर दिये गये बयान की निंदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में कमजोर हो रही है। आने वाले दिनों में सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रयास करेगी। हमें मुस्तैद रहने की जरूरत है।

### कांग्रेस कर रही अमित शाह के इस्तीफे की मांग



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बाबा साहेब अंबेडकर के उपर कथित टिप्पणी के विरोध में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरूद्ध दर्ज एफआईआर के विरूद्ध में जिलों में आज संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया है। संवाददाता सम्मेलन में कल सभी जिलों में आयोजित अंबेडकर सम्मान मार्च के संबंध में भी जानकारी दी जायेगी। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि संवाददाता सम्मेलन को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची में डॉ रामेश्वर उरांव, खूंटी में कालीचरण मुण्डा, संथाल परगना प्रमण्डल के दुमका में प्रदीप यादव, देवघर में फुरकान अंसारी, कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, जमशेदपुर में सुबोधकांत, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के धनबाद में राजेश ठाकुर, हजारीबाग में राजीव रंजन प्रसाद, पलामू प्रमंडल के डाल्टेनगंज में बंधु तिर्की सम्बोधित करेंगे।

### रांची प्रेस क्लब की वार्षिक आमसभा संपन्न

## 25 वर्षों से अधिक के पत्रकारों को स्थायी सदस्यता के प्रस्ताव पर सभा ने दी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब के वार्षिक आम सभा ने रविवार को वरिष्ठ पत्रकार सदस्यों को सम्मान देते हुए उन्हें आजीवन निःशुल्क सदस्यता देने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की। प्रेस क्लब हॉल में क्लब की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ, जिसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा के बाद पास किया गया। सभा की कार्यवाही दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट के मौन के साथ शुरू हुई। उसके बाद वरिष्ठ सदस्य सह



पत्रकारों के संबोधन और सुझावों लिए गए। इसके बाद क्लब के सचिव अमरकांत ने वार्षिक प्रतिवेदन और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह ने आय व्यय का ब्यौरा रखा। अध्यक्षीय संबोधन के दौरान क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने कहा कि विगत एक वर्ष में क्लब ने पत्रकारों के लिए कई काम किये गये, लेकिन आगे इस संस्था को नयी ऊंचाईयों पर ले जाने की योजना है। पत्रकारों को अपने निजी हितों के साथ साथ पत्रकारिता के गरिमा का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि की ओर से दिया गया। आम सभा में पांच सदस्यीय मेम्बरशिप रिव्यू कमिटी को ध्वनिमत से पारित किया गया साथ ही नये सदस्यता अभियान शुरू करने पर सहमति बनी। इस बैठक में मैनेजिंग कमिटी के सह सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य राजू प्रसाद, आलोक सिन्हा, अंजनी कुमार, संजय सुमन, अरविंद प्रताप, चंदन भट्टाचार्य, विजय मिश्र, मोनू सिंह, सौरव शुक्ला शामिल रहे। यह जानकारी रांची प्रेस क्लब ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## राजधानी रांची में 700 अतिरिक्त जवान तैनात

**रांची।** रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में पर्यटनस्थलों पर सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों-मनचलों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त प्रबंध किए हैं। इसके लिए रांची में 700 अतिरिक्त जवानों को पर्यटनस्थल और पार्कों के आसपास लगाया गया है। महिलाओं-लड़कियों से छेड़खानी को रोकने के लिए रांची में 50 शक्ति कमांडों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 25 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी तक शक्ति कमांडो शहर के पार्कों पर नजर रखेंगी। एसएसपी चंदन सिन्हा सुरक्षा की खुद मॉनिटरिंग करेंगे। एसएसपी ने बताया कि पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर डीएसपी और थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वे प्रतिदिन पर्यटनस्थलों और आसपास के इलाकों में गश्त करेंगे। लोगों को समस्या होने पर उसका तुरंत समाधान करने को भी कहा गया है। एसएसपी के अनुसार पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्रों की भी सहायता ली जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है, उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है। साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है।

### रांची सिटीजन फोरम की बैठक सह जागरूकता पदयात्रा संपन्न

## खुले में कचरा फेंकने से किया मना साफ सफाई के लिए किया प्रेरित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चुटिया के मंडा मैदान में रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक हुई। बैठक के उपरांत फोरम के सदस्यों ने मोहल्ले में घूम-घूम कर पदयात्रा कर स्थानीय लोगों से जनसंपर्क किया और उनसे खुले में कूड़े-कचरा ना फेंकने की अपील की। साथ ही समझाया कि खुले में कचरा फेंकने से कई तरह की बीमारियों के साथ-साथ दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ता है। ऐसे में कूड़ा-कचरा को रांची नगर निगम की गाड़ियों को ही सुपुर्द करें।मौके पर अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, सह-सचिव विवेक कुमार और हरीश नागपाल सहित वार्ड 14 के प्रवीण प्रसाद, राजकुमार महतो, रेखा महतो, कौशिक मेहता, राधेश्याम केसरी, सुमित कुमार महतो, सोनू ठाकुर, रवि गोप, धनंजय सिंह, मिथिलेश गोप, राजेंद्र प्रसाद खोवाल, इत्यादि उपस्थित हुए।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का फैसला

## एनटीपीसी पर लगा जुर्माना रखा बरकरार

- *क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली दुमुहानी नदी को नष्ट कर किया खनन कार्य*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पर 857 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जुर्माना बरकरार रखा गया है। यह अब तक किसी भी सरकारी कंपनी पर लगाया गया सबसे बड़ा जुर्माना है। यह मामला हजारीबाग जिले में एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना से जुड़ा है। एनटीपीसी के माइंस डेवलपर ऑपरेटर (एमडीओ) त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड पर भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की शर्तों का उल्लंघन कर अवैध खनन करने का आरोप है।

दरअसल एनटीपीसी ने पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के तहत




दुमहानी नदी को नष्ट कर अवैध खनन किया था। क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली दुमहानी नदी, जिसे सरकारी रिकॉर्ड में नाला के रूप में दर्ज किया गया है, की औसत चौड़ाई 20-30 मीटर थी। मंत्रालय ने इसे सुरक्षित रखने के लिए नदी के किनारे 50 मीटर ग्रीन बेल्ट निर्माण कराने का आदेश दिया था। लेकिन एनटीपीसी और उसके एमडीओ ने मंत्रालय की शर्तों का उल्लंघन करते हुए नदी को नष्ट कर खनन कार्य शुरू कर दिया।

### उपसमिति की जांच में हुआ खुलासा

दुमहानी नदी को नष्ट कर अवैध खनन कार्य करने का खुलासा तब हुआ, जब एक्टिविस्ट मंटू सोनी ने इसकी शिकायत की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए भारत सरकार की एडवाइजरी कमिटी ने मामले की जांच के लिए एक उपसमिति का गठन किया था। उपसमिति ने क्षेत्र में खनन के प्रभाव का अध्ययन कर जांच रिपोर्ट एडवाइजरी कमिटी को सौंपी थी। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि लगभग तीन किलोमीटर लंबी दुमहानी नदी को अवैध खनन के कारण नष्ट कर दिया गया। इसके बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गयी और एनटीपीसी पर भारत सरकार के वन संरक्षण अधिनियम के तहत 857 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका गया।

### जुर्माने की राशि बरकरार, लेकिन मिली आंशिक राहत

एनटीपीसी ने इस जुर्माने के खिलाफ एनजीटी कोलकाता में अपील दायर की। हालांकि मंत्रालय की एडवाइजरी कमिटी ने जुर्माने की राशि को बरकरार रखा। लेकिन परियोजना के तहत पकवा और खोर्रा नाला के किनारे ग्रीन बेल्ट निर्माण के लिए संशोधन किया गया है।

### एक्टिविस्ट की मांग दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

एक्टिविस्ट मंटू सोनी ने एनपीसी पर लगाये गये जुर्माने को न्यायपूर्ण करार दिया। लेकिन इस कार्रवाई को पर्याप्त नहीं कहा उन्होंने अवैध खनन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एमडीओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसको लेकर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की भी बात कही है।

### आगमन उत्सव सह क्रिसमल मेला का हुआ समापन

# बाकी त्योहार की तरह मिलजुल मनाएं क्रिसमस पर्व : हेमंत सोरेन



**सभी के लिए कामना है कि आने वाला वर्ष खुशहाली लेकर आए : कल्पना**

कल्पना सोरेन ने कहा कि नया साल आने वाला है और वर्ष 2024 की भी विदाई होने वाली है। नया वर्ष का आगमन व सुंदर पर्व क्रिसमस के पर्व की मेरी ओर से शुभकामना है। कामना है कि नया साल सभी के लिए खुशहाली लेकर आए। आज आर्च बिशप से आशीर्वाद लिए। पूरे विश्व में क्रिसमस का माहौल चल रहा हैं और खुशी का माहौल हैं।

**रांची।** पांच दिवसीय आगमन उत्सव सह क्रिसमल मेला समापन रविवार को हुआ। आयोजन डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला मैदान में रांची पल्ली खेल समिति के माध्यम से हुई। समापन समारोह में विशेष रूप से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए और पूरे देश-राज्य और मसीही समुदाय को क्रिसमस की शुभकामना दी। इस दौरान उन्होंने केक काटा। अंतिम दिन मेले में हजारों की भीड़ उमड़ी। गायक निलेश टोप्पों के गीतों से युवाओं को खूब नचाया और कड़ाके की ठंड में मेला परिसर को उत्सवी माहौल में बदल दिया। मेले में लोगों ने खूब खरीददारी की और मेला परिसर के बाहर पर्यटन विभाग के द्वारा की गई आकर्षक विद्युत सज्जा का सपरिवार आनंद लिए। पूर्व में सीएम आर्च बिशप हाउस गए और आर्च बिशप विंसेंट आइंद को शुभकमाना दी और निर्मित चरनी का अवलोकन किए। मौके पर जेसुईट सोसाइटी के प्रोविंसियल फादर अजीत खेस, पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, सीएनआई चर्च के बिशप बीबी बास्के, संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च रांची पेरिश प्रिस्ट रेव्ह एस डेविड सहित कई लोग काफी संख्या में मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरह बाकी त्योहार को मिलजुल मनाते हैं, उसी तरह क्रिसमस को मनाना हैं। क्रिसमस का त्योहार है और यह वर्ष उत्साह का वर्ष हैं। मेरी ओर से पूरे देश-राज्य वासियों को क्रिसमस की शुभकामना।

## मुख्यमंत्री व विधायक कल्पना सोरेन आर्चबिशप से मुलाकात कर दी क्रिसमस पर्व की बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूरे झारखंड वासियों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला मैदान में आयोजित क्रिसमस उत्सव -2024 में भी सम्मिलित हुए। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, बिशप विंसेंट आइंद, बिशप बीबी बास्के, फादर आनन्द डेविड खलखो, फादर अजित खेस, डॉ. जोसेफ मरियानुस कुजूर, फादर आनन्द डेविड खलखो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर मुकुल कुल्लू, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक, फादर सेबासटीएन तिर्की, फादर वाल्टर किसपोट्टा, फादर अंजुलुस एक्का, फादर विनय करकेट्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



● मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# उरांव जनजाति की महिला पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव

### एनसीएसटी की सदस्य डॉ आशा लकड़ा को दी गयी मामले की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में उरांव जनजाति की महिला को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। रविवार को लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड स्थित बरवा टोली निवासी झरिया उरांव (36) ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा से इस मामले की लिखित शिकायत की। इसके अलावा सेन्हा थाना प्रभारी से भी इस मामले की लिखित शिकायत की गई है। एनसीएसटी की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



● सेन्हा थाना में मामले की लिखित शिकायत की गई है

इस संबंध में झरिया उरांव ने बताया कि उनकी पत्नी सकलपति उरांव (32) लगभग तीन साल से रांची में रहकर मजदूर का काम कर रही थी। वह पिछले दो साल से रांची में लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड स्थित बंडा गांव निवासी फारूख अंसारी (40) के साथ रह रही थी। इस दौरान उसने अपने घर आना-जाना बंद कर दिया था। दो साल बाद वह अचानक अपने गांव बरवा टोली पहुंची। जब गांव वालों को सकलपति के आने की सूचना मिली तो बैठक की गई। वहीं निर्णय लिया कि सकलपति उरांव को उरांव समाज के माध्यम से ही समाज में शामिल किया जाएगा। गांव वालों के इस निर्णय पर झरिया उरांव व सकलपति उरांव ने सहमति जताई और 15 दिनों का समय लिया। इसके बाद सकलपति अपना सामान लेने रांची आ गई। 12 दिन बाद सकलपति की ओर से ग्राम पंचायत के मुखिया को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। मुखिया की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इस दौरान सकलपति के साथ तीन मुस्लिम महिलाएं भी बैठक में शामिल हुईं। मुस्लिम महिलाएं सकलपति को वापस रांची ले जाने का दबाव बना रही थीं। इसका वहां की स्थानीय महिलाओं ने विरोध किया। इसके बाद मुस्लिम महिलाएं वहां से भाग गईं। वहीं सकलपति ने तीनों मुस्लिम महिलाओं के मोबाइल नम्बर पर कॉल कर सेन्हा चौक बुलाया। इसके बाद मुस्लिम महिलाओं ने सकलपति को बहला-फुसलाकर उसका श्रम कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन से संबंधित कागजात व नकद 40 हजार रुपये ले लिए। रांची पहुंचने के बाद मुस्लिम महिलाओं ने मोबाइल नंबर 9263923606 से मोबाइल नम्बर 7004730912 पर कॉल कर झरिया को गालियां व उरांव समाज को धमकी दी,

## महाकवि घासीराम की जयंती मनाने को लेकर समिति ने की बैठक

**रांची।** महाकवि घासी राम के जन्म स्थल चान्हो स्थित करकट में महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष मकेश्वर राम महली के अध्यक्षता में हुई। 17 जनवरी को महाकवि की जयंती एवं मेला का वृहद आयोजन किया जाता है। इस संबंध में तैयारी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर डॉ शकुंतला मिश्र ने कहा कि महाकवि घासीराम नागपुरी साहित्य के धरोहर थे। उन्होंने नागपुरी भाषा साहित्य को नया आयाम दिया। उनके जयंती पर लगने वाला यह मेला सम्पूर्ण झारखंड में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रबुद्ध लोगों से मिल कर उनका राय विचार लिया जाएगा और उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज महली ने कहा कि हमें तैयारियों में अभी से ही लग जाना चाहिए। रामचरण भगत ने कहा कि हम सभी मिलकर अपने सहयोग से आयोजन को सफल बनाने का प्रयास करेंगे। डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि महाकवि घासीराम नागपुरी के विद्यापति हैं। किंतु यह एक दुखद पहलू है कि हम उन्हें वह सम्मान नहीं दे पा रहे हैं जिसके वे अधिकारी थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे की धूम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'फनथॉन 2024' मिनी स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद भारत की विविध संस्कृति को दर्शाने वाला एक शानदार नृत्य प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और प्राचार्या परमजीत कौर ने गुब्बारे उड़ाकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में जुझार सिंह, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्पेशल ओलंपिक भारत, झारखंड आस्था उरांव, वुशु के क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता और लवली चौबे, लॉन बॉल के क्षेत्र में राष्ट्रमंडल खेल 2022 स्वर्ण पदक विजेता उपस्थित थीं। इसके बाद कई खेलों का आयोजन किया गया, जैसे टेल रेस, क्रैब रेस, मैट रेस और कोन रेस। बच्चों के साथ उनके माता-पिता ने भी सेग्रीगेट द बॉल, ड्रैग द रिंग और स्कॉर्पियन रेस जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने दीपशिखा संस्था के बच्चों के साथ एक टीम गेम में भी भाग लिया। यह संस्था बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए कार्य करती है।

रांची सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता क्षितिज का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें रांची के विभिन्न स्कूलों के 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 500 से अधिक पुरस्कार वितरित किये गये। साथ ही वीर बाल दिवस के अवसर पर सिखों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों, साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी मेहमानों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नन्हे खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है और ऐसे कार्यक्रम न केवल खेल भावना, बल्कि बच्चों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने खेल-एकीकृत शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया जो एनसीएफ 2022-फाउंडेशन स्टेज और एनईपी 2020 का एक अभिन्न अंग है।

## राज्य के अलग-अलग हिस्से में आज बारिश का अनुमान

**रांची।** क्रिसमस से एक दिन पहले राज्य के अलग-अलग हिस्से में बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण राज्य के उत्तर-पश्चिम तथा दक्षिणी हिस्से में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान राज्य के करीब-करीब सभी हिस्से में बादल भी छाये रहेंगे। पिछले कुछ दिनों से राजधानी सहित राज्य के कई हिस्सों में बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है। रविवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेसि के आसपास रिकार्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 15 तथा डालटनगंज का 10 डिग्री सेसि से अधिक रहा। अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हुई है। आकाश में बादल छाये रहने के कारण ठंड का एहसास कम हो रहा है।

## 181 वां निशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम मंदिर के प्रांगण मे जेसीआई राँची उडान के सदस्यों के सौजन्य से 181 वां निशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। भंडारा ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में किया गया। जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त ग्रामीणों, मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का वितरण किया गया। आज के भंडारे में पुडी, कचौडी, आलु चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एव केसरिया खीर का वितरण किया गया। महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल एव बिमला जालान ने जेसीआई राँची उडान की अध्यक्ष ट्विंकल छावनिका सचिव आदिति मेवाडा को अंग वस्त्र एव भगवान की स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल विशाल जालान, पवन पौदार (ताउ), सुरेश अग्रवाल,सजन पाडिया, प्रभाष गोयल, मनीष सोनी, वज्ञान प्रकाश शर्मा, इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### शब्दकार की गोष्ठी में कविताओं के साथ गुजरी एक बेहतरीन शाम

## दुमका के कवि विनय सौरभ ने अपनी कविताओं का किया पाठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्ष 2024 की विदाई और 2025 के स्वागत में शब्दकार साहित्यिक समूह ने काव्य संध्या का आयोजन कांके रोड स्थित डॉ अंशुमिता शेखर के आवास में किया। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध कवि, विनय सौरभ की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया । कार्यक्रम की शुरूआत समायरा शेखर की सुमधुर सरस्वती वंदना से हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार प्रकाश देवकुलीश ने नए रचनाकारों को राजेश जोशी की प्रसिद्ध कविता 'इत्यादि' और राही डुमरचीर की 'बाँसलोई' के माध्यम से मार्गदर्शन करते हुए बिंब और संकेतों के सटीक प्रयोगों के बारे में बताया । विशिष्ट अतिथि विनय सौरभ ने 'गरीब रिश्तेदारों के ताजा हाल हमारे पास नहीं होते/ वे जिक्र करते हैं बड़े फख्र से हमारा, और हमारे मोबाइल में उनका नंबर तक नहीं होता' जैसी दिल को झकझोर देने वाली रचनाओं का पाठ किया। नुपुर अशोक ने चाय पर बहुत ही सुंदर रचना का पाठ किया। शब्दकार की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने वर्ष के सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात को समर्पित बहुत ही सुंदर रचना 'पाब्लो नेरूदा की तरह लिख सकती हूं कुछ उदास पंक्तियां' का पाठ किया। चेतन कश्यप ने 'दूध-दूध रोशनी, नील-नील गगन/उदास रात चमक उठी है तुम्हारी याद से' जैसी छोटी-छोटी कुछ रचनाओं का पाठ किया। शब्दकार की उपाध्यक्ष संगीता कुजारा टॉक ने कहा, 'मुहब्बत से खाली हाथ है आजकल/खुदा इतनी बेरोजगारी किसी को न दे। सत्या शर्मा ने प्रकृति को समर्पित करते हुए 'कितना प्यारा प्रकृति का नजारा मन हर्षाया। जय माला ने माता पिता को स्मरण करते हुए मार्मिक कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन राजीव थेपड़ा ने किया और अपनी कविता सुनाई। इस अवसर पर शब्दकार समूह के सदस्यों के साथ-साथ अपर्णा सिंह, अंशुमिता, सुमिता सिन्हा, सुनीता अग्रवाल, अनुपम श्री, विनय पाठक,सोनल थेपड़ा, सोनू कृष्णन आदि उपस्थित रहे ।

### आज / कल




## संत जेवियर्स कॉलेज में वार्षिक क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

**रांची।** संत जेवियर्स ऑटोनॉमस कॉलेज, रांची के शिक्षा विभाग द्वारा मसीही पर्वीय मौसम में वार्षिक क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन खुशी, सौहार्द और उल्लास के साथ किया। इसे शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. फ्लोरेंस पूर्ति एसजे के नेतृत्व में प्रो.सुधा रानी खल्खो और प्रो. शिल्पा किंडो संचालित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा एसजे, उपप्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप कुजूर एसजे, उपप्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय अरुण मिंज एसजे, डॉ. फादर केनेडी सोरेन एसजे, डीएसडबल्यू डॉ. संजय सिन्हा और डॉ. मार्कस बारला उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत और प्रार्थना से हुई। इसके बाद एडवेंट कैंडल्स को जलाने और क्रिब का आशीर्वाद कर प्राचार्य ने क्रिसमस का संदेश और इसके महत्व को समझाया।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रेन रद्द रहेगी

**रांची।** लिंक रेक अनुपलब्ध होने की वजह से ट्रेन संख्या 08195 टाटानगर - हटिया मेमू पैसेंजर यात्रा प्रारंभ 23 दिसंबर को रद्द रहेगी।

### पासवा ने क्रिसमस का उत्सव मनाया



**रांची।** रविवार को पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रमेश्वर उरांव, राष्ट्रीय अध्यक्ष अलोक कुमार दूबे, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव फलक फातिमा, नीरज सहाय, मेहुल दुबे, रूपा राव और पूरे पासवा परिवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के लिए बोकारो कार्मल स्कूल की सिस्टर एम मलार, सिस्टर प्रेमलता और उनकी पूरी टीम ने तोहफे और केक के साथ बधाई दी। वहीं सिस्टर्स के द्वारा सभी सदस्यों को बधाई दी गई।

### स्नेह वार्षिकोत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं संतोष इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं सम्मानित अतिथि के रूप में एडीजी प्रिया दुबे उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के समापन समारोह में अतिथियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग, ट्राइबल फूड प्रदर्शनी, वाद विवाद, फैंसी ड्रेस, फोटोग्राफी, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह गीत, फैशन शो एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विभाग के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों द्वारा संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका ज्ञान पीयूष का विमोचन किया गया।

### कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडेशन का आयोजन

**रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्ववाधान में रविवार को संत चार्लस स्कूल, कराटे सेंटर हेसाग, हटिया, रांची में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडेशन का आयोजन किया गया। शोकफ से मुख्य कराटे प्रशिक्षक हांसी मानस सिन्हा ने कराटेकरो को स्पोर्ट्स कराटे, वर्ल्ड कराटे के नियमों के तहत प्वाइंट सिस्टम के बारे में एवं सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प में बेल्ट ग्रेडेशन भी किया गया। 35 कराटेकार सफल घोषित किए गए। सारीका टोप्पो, जोसेफ लकरा, प्रेकशा अरोरा को बेस्ट कराटेकार के लिए चुना गया। बेस्ट कराटे करो को हांसी मानस सिन्हा द्वारा मेडल प्रदान किया गया। हांसी मानस सिन्हा का सहयोग सेंसी कुमारी दीपाली द्वारा किया गया।

### दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल

**रांची।** रांची डालटेनगंज मुख्य सड़क एनएच 39 पर बेलांगी पेट्रोल पंप के समीप बाइक जेएस 01 ईई 6295 पर सवार तीन युवक दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी रातू स्थित सीएचसी भेजा गया।

### महिला इतिहासकारों का महाधिवेशन 11-12 जनवरी को रांची में

**रांची।** इतिहास संकलन समिति झारखंड की ऑनलाइन बैठक रविवार को हुई। बैठक में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धींग मजूमदार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में रांची में 11 व 12 जनवरी को होने वाले भारतीय महिला इतिहासकारों के सम्मेलन की तैयारी का जायजा लिया गया। इस क्रम में यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था प्रकाशन, भोजन व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। बैठक में हेमंत धींग मजूमदार ने बहुमूल्य परामर्श दिए, जिन पर आगे काम करने की बात की गई। ऑनलाइन मीटिंग में इतिहास संकलन समिति के बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार के अलावा क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुरेश पाण्डेय, डॉ अनुराधा राजहंस, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिवाकर मिंज, सचिव पंकज कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजय कुमार, बैजयंती रानी, हेमराज, वीपिन, शुभ्रा लकड़ा, किरण गुप्ता, प्रिया टोप्पो, डॉ नेहा नुपूर इत्यादि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास संकलन समिति झारखंड के महामंत्री डॉ मृत्युंजय कुमार द्वारा किया गया।

### गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार की ज्योति कलश यात्रा गेतलसूद पहुंची

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार का ज्योति कलश यात्रा रविवार को गेतलसूद शिव मंदिर पहुंची। भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार की अगुवाई में ज्योति कलश रथ का स्वागत किया गया। ग्रामीण महिला-पुरुषों ने पूजा-अर्चना की। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक संरक्षक युग ऋषि पंडित राम शर्मा आचार्य जी द्वारा देश-विदेश में 40 से भी अधिक अश्वमेध यज्ञ कराए गए। इसी यज्ञ की अखंड दीप लेकर ज्योति कलश यात्रा निकाली गई है। स्वागत दल में अमित चंद्रवंशी, हर्ष सिंह, रवि चौधरी, सोनल कुमार, आयुष गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### साईं मंदिर में भंडारा का आयोजन

**रांची।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं बाबा के दरबार में कान्हा टेंट एंड कैटरर्स रांची के तत्वावधान में भजन एवं भंडारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया ' सरसा के साईं बाबा के मंदिर को फूलों एवं बैलून से आकर्षक रूप से सजाया गया था । सुबह काकड़ आरती के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती के दौरान नगाड़ों एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जैसे भजनों के बीच श्रद्धालु साईं बाबा की श्रद्धा और भक्ति में खूब गोता लगाया। आरती के बाद भजन एवं भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत हो गई ' रांची, धनबाद से आए कलाकारो ने अपने सुमधुर आवाज में बाबा के भजनों का ऐसा समां बांधा कि भक्तगण कुर्सी से उठ कर नाचने को मजबूर हो गए ।

### अपने समाज और गांव की बेटियों को उचित प्रशिक्षण और सुविधाएं देने की जरूरत : सविता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में जेएसएलपीएस लापुंग प्रखंड के तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं के बीच कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं कुर्सी रेस का आयोजन किया गया। कबड्डी में नवाटोली की टीम प्रथम, गाड़ी गांव की टीम द्वितीय एवं लालगंज तृतीय स्थान पर रहा। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में चालांगी की टीम प्रथम, नावाटोली द्वितीय तथा ओला की टीम तृतीय स्थान पर रही। कुर्सी रेस में सविता यादव प्रथम तथा पुरुष वर्ग में नसीम आलम ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा की मुखिया सविता उरांव एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम ने संयुक्त रूप से किया।

### जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध लिया शपथ

**सिल्ली।** शनिवार के दिन प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत शपथ लिया। जनप्रतिनिधियों ने शपथ लिया कि हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे और कभी मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे। सहायता मांगने एवं सहायता देने में पीछे नहीं रहेंगे। सबको हिंसा के खिलाफ जोड़ेंगे। सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम लोग अपने घर से करेंगे। लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ेंगे। बेटी हो या बेटा दोनों के जन्म पर खुशियां मनाएंगे एवं भेदभाव नहीं करेंगे। बाल विवाह और घरेलू हिंसा का विरोध करेंगे। महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा का विरोध करेंगे। पीड़ित महिला को न्याय दिलवाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### खूंटी में क्रिसमस पर गुलजार हुआ बाजार

# तैयारी में जुटे मसीही विश्वासी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** क्रिसमस को लेकर मसीही विश्वसियों का उत्साह चरम पर है। क्या शहर और क्या कस्बा हर ओर क्रिसमस का बाजार सज गया है। विभिन्न जगहों पर गूंज रहे कैरोल गीतों और क्रिसमस गैदरिंग और ईसाइयों का उत्साह बता रहा है कि प्रभु ईसा मसीह का आगमन जल्द होनेवाला है। जिला मुख्यालय के आरसी, जीईएल सीएनआई सहित अन्य गिरजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।विभिन्न गिरजाघरों के रंग-रोगन का काम अंतिम दौर में है। 24 दिसंबर की रात होनेवाली विशेष प्रार्थना के विशेष व्यवस्था की गई है। प्रकाश व्यवस्था के साथ ही चर्च आनेवाले मसीही विश्वासियों के बैठने के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। 24 दिसंबर को रौमन कैथोलिक चर्च में आधी रात को विशेष प्रार्थना शुरू होगी,जबकि जीईएल चर्च में शाम से ही विशेष प्रार्थना और अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा प्रखंड और कस्बाई इलाकों में क्रिसमस का बाजार सज चुका है। मसीही विश्वसियों के घरों से लेकर सड़कों तक क्रिसमस की खुशी साफ तौर पर दिख रही है। विभिन्न चौक-चौराहों पर क्रिसमस के रंग-बिरंगे स्टार्स, क्रिसमस ट्री चरनी, सांता क्लोज की टोपी, ड्रेस विभिन्न प्रकार की लाइट और पटाखों से पूरा बाजार पट गया है। राशन और कपड़ों की दुकान पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पीटर मंडू कहते हैं कि क्रिसमस की तैयारी काफी व्यापक रुप से हो रही है। इसके जरिए हम अपने घर, मन, शरीर और भाव-भावनाओं को स्वच्छ करते हैं। मसीही विश्वासी बंस सुरीन ने कहा कि प्रभु यीशु का आगमन प्रेम और शांति का एहसास करानेवाला है।

### जय माता दी ग्रुप ने 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया

**खलारी।** खलारी के जय माता दी ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। खलारी बीडीओ संतोष कुमार व सीओ प्रणव अम्बष्ट ने फीता काटकर उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की। शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रहित कर रिम्स ब्लड बैंक का सहयोग किया गया। प्रणव अम्बष्ट ने स्वयं रक्तदान किया और लोगों को इस नेक कार्य से जुड़ने की अपील की। व्यवसायी सुशील अग्रवाल व रक्तदान महादान टीम खलारी ने सहभागिता निभाई। सहयोग करने वाले अन्य लोगों में श्रमिक नेता कृष्णा चौहान, अभिषेक चौहान, अजय चौहान, मुन्ना देवी, सिन्नी समाड, वर्षा रानी, वैष्णवी सिन्हा, स्मिता प्रसाद, दीपक प्रसाद, नागेंद्रप्रसाद सिन्हा, मुन्नु शर्मा, पंकज प्रसाद, संजयकुमार सिंह, मंटू ठाकुर, विकेशकुमार सिंह, सचिन कुमार, संजय वर्मा, विनय कुमार, संजय कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, शैलेश सिंह, पंकज उपाध्याय, दीपक तिवारी, दीपक पात्रा, राजशेखर सिंह, विनोदकुमार निषाद, सत्येन्द्र सिन्हा, गुड्डू लोहरा, अरुण सरकार, अमरदीप राय आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्ववर्ती छात्रों ने किया पिकनिक का आयोजन



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव भूर नदी पिकनिक स्पॉट पर 2011 में आदिवासी बाल विकास विद्यालय से पास ऑउट विद्यार्थी ने पिकनिक का आयोजन किया। 13 वर्ष बाद सभी छात्र एक दूसरे से मिले। वहीं विद्यार्थी जीवन का भरपुर आनंद लिया। गीत-संगीत के साथ पिकनिक का पूरा आनंद उठाया। कॉलेज के 2011 बैच के मोनिटर रवि चौरासिया ने कहा कि आने वाले प्रत्येक वर्ष इसी तरह का आयोजन करायेंगे इसी बहाने हमलोग एक-दूसरे की मुलाकता होती रहेगी और इसका लुत्फ उठाया करेंगे। मौके पर बबलु सिंह, कुलदीप गोप, राहुल मुंडा, प्रकाश गोप, संदीप गोप, मनीष, सुजीत साहू, प्रदीप गुप्ता, दिनेश गोप, हर्ष ठाकुर समेत सभी छात्र उपस्थित थे।

### खलारी में अपराधियों ने तीन हाइवा को फूंका



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक के समीप रविवार तड़के अज्ञात अपराधियों ने तीन हाइवा में आग लगा दिया। तीनों जलकर खाक हो गए। अपराधियों ने ड्राइवर-खलासी के साथ मारपीट भी की। दो हाइवा में फ्लाई ऐश तथा एक में चिप्स लदा हुआ था। घटना के बाद पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। मालुम हो कि खलारी गुलजार बाग निवासी कुख्यात अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक जी के घर दो दिन पूर्व कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी प्रतिशोध में अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस अपराधियों के धर पकड़ के लिए सर्च अभियान शुरू कर दी है।

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी : झारखंड पहली पारी में 212 पर ऑल आउट



**रांची।** विजयवाड़ा में विजय मर्चेंट ट्रैफी के तहत खेले जा रहे मैच में झारखंड ने विदर्भ के विरुद्ध पहले दिन खेलते हुए पहली पारी में कुल 292 बनाए। झारखंड की ओर से तोहिद ने 11 चौके की मदद से 87, सिद्धार्थ सिन्हा ने पांच चौके की मदद से 52 एवं स्वरित सिंह ने 28 रन बनाए । विदर्भ की ओर से कृष ने मात्र 12 रन देकर तक पांच विकेट लिया, जबकि लोकेश एवं ओम धोतरे को दो -दो विकेट मिला। एक समय झारखंड का स्कोर दो विकेट पर 100 था, लेकिन इसके बाद 112 रंन के अंदर कुल 8 विकेट गिरे और पहली पारी 212 पर समाप्त हो गई ।

### 142 लाभुकों के बीच 79.35 लाख रुपये की परिसंपत्ति का हुआ वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत डालसा के तत्वाधान में मेगा लीगल कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित कैंप में 142 लाभुकों के बीच 79 लाख 35 हजार की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कैंप के माध्यम से अबुवा आवास के 12 लाभुकों, विधवा पेंशन, विकलांग और वृद्धा पेंशन के 20 , केसीसी अंतर्गत 10 लाभुकों, सावित्री फूले बाई योजना के तहत 5, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के दो , मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के 5, एन एच ए आई के 5, धोती साड़ी योजना के 50 लाभुकों, मनरेगा के तहत आठ नए जॉब कार्ड, बागवानी के 10 लाभुकों, गाय शेड के 5, सुकर शेड के 4, टीसीबी के 2 और मुर्गी शेड के तीन लाभों के बीच 79 लाख 35 हजार की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस मौके पर डालसा की श्रुति सोरेन ने कहां की विधिक सेवा के लिए हमारी ओर से प्रत्येक प्रखंड ही नहीं बल्कि प्रत्येक पंचायत में पीएलवी का गठन किया गया है।

## विस क्षेत्र में दो लाख नए सदस्य बनाने पर बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। इटकी** इटकी के जगन्नाथपुर मंदिर में रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर महतो के नेतृत्व में बैठक हुई। इस दौरान विधानसभा चुनाव में की गई कार्यों की समीक्षा की गई। मंडल के कार्यकारी सहित पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। सभी ने अपने-अपने बूथ की रिपोर्ट प्रस्तुत की । सभी ने कहा कि कुछ कारणों से हम सब चूक गए परंतु जनता ने हम पर जो विश्वास किया उस विश्वास पर खरा उतरना है। सनी टोप्पो ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता या तो जीतते हैं या तो सीखते हैं। हम सब सीख कर आगे बढ़ेंगे और जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। अभी चल रहे सदस्यता अभियान में हम सबको अपने-अपने लक्ष्य को पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के साथ राष्ट्र निर्माण के इस संकल्प के साथ जोड़ना है। जनता के हर सुख दुख में सदैव खड़ा रहना है।




चान्हो में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन, परिसंपतियों का किया वितरण

### जोनल बैंड प्रतियोगिता में पटमदा कस्तूरबा गांधी की टीम रही प्रथम

## संत जेवियर स्कूल चाईबासा की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया

*ब्रास बैंड बालिका वर्ग में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी की टीम ने भाग लिया था*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के गुवाहाटी में आयोजित जोनल लेवल बैंड प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं ब्रास बैंड बालक वर्ग प्रतियोगिता में संत जेवियर स्कूल, लुपुंगुटु,चाईबासा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विजेता पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की टीम गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में होने वाली परेड में शामिल होगी। झारखंड राज्य से जोनल बैंड प्रतियोगिता में दो वर्गों (पाइप बैंड एवं ब्रास बैंड) में चार टीमों ने भाग लिया था। जिसमें 5 मिनट बालक वर्ग में केराली स्कूल, धुर्वा (पाइप) एवं बालिका वर्ग में पीएम केपी पत्तामुंडा, पूर्वी सिंहभूम, (ब्रास), बालक वर्ग में संजीवन स्कूल, लुकिंग गुड्डु, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम एवं ब्रास बैंड बालिका वर्ग में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी की टीम ने भाग लिया था। इन टीमों को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा एक माह का बैंड प्रशिक्षण खेल गांव में कराया गया था। जिन में सिख रेजीमेंट एवं पंजाब रेजिमेंट, रामगढ़ के बैंड प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। जोनल बैंड प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि क रूप में गुवाहाटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नानी गोपाल महानता और समग्र शिक्षा मिशन (असम) के निदेशक डॉ ओम प्रकाश शामिल हुए। जोनल बैंड प्रतियोगिता में झारखण्ड की जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दि. तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत शारीरिक शिक्षा एवं खेल कोषांग, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के सदस्यों एवं शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल ताइक्वांडो अंडर 19 प्रतियोगिता

## राज्य की संजना और अमन ने जीते राष्ट्रीय स्कूली खेल में पदक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 के अंडर-19 ताइक्वांडो में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन 5 खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल का सफर तय किया। पहले दिन देर रात तक चले मुकाबले में संजना और अमन ने अपने-अपने वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे दिन फाइनल मुकाबले में संजना कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा वो 2-1 से हराते हुए स्वर्ण पदक राज्य के खाते में डाला, वहीं अमन मुंडा ने कड़े मुकाबले में सी बी एस ई से तीसरे राउंड में 15-16 अंक से मैच गंवाते हुए रजत पदक अपने नाम करते हुए राज्य का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में संजना कुमारी ने अंडर 40 केजी बालिका वर्ग में पहल मैच में दिल्ली को 2-0 से, प्री क्वाटर फाइनल में असम को 2-0 से, क्वाटर फाइनल में तेलंगाना को 2-0 से, सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश को 2-0 से हरा कर फाइनल में बिना एक भी राउंड हारे फाइनल में प्रवेश किया, जहां हरियाणा को 2-0 से हराते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अमन मुंडा ने अंडर 59 केजी बालक वर्ग में पहल मैच में राजस्थान को 2-0 से, प्री क्वाटर फाइनल में उत्तरप्रदेश को 2-0 से, क्वाटर फाइनल में बिहार को 2-0 से, सेमीफाइनल में दिल्ली को 2-0 से हरा कर फाइनल में बिना एक भी राउंड हारे फाइनल में प्रवेश किया, जहां सी बी एस ई के खिलाड़ी से 1-2 से मैच गंवाते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

### विद्यार्थियों ने आर्य समाज के 130वें वार्षिकोत्सव में दी प्रस्तुति

## आर्य समाज मानवता के उत्थान के लिए समर्पित : आचार्य योगेश शास्त्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेहल डीएवी के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आर्य समाज के 130वें वार्षिकोत्सव एवं स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस समारोह में भाग लिया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर आधारित एक गीत और लघुनाटिका प्रस्तुत कर सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आचार्य योगेश शास्त्री ने ह्यधर्म और संस्कृतिह्न विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज में धर्म के महत्व और वेदों के अनुसार जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनके संबोधन में सभी को जीवन के सकारात्मक मूल्यों और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य एसके मिश्रा ने स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान को याद करते हुए कहा, स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने 150 वर्ष पहले मुंबई में आर्य समाज की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कार्य किया। आर्य समाज न तो कोई मत है और न ही कोई पंथ, बल्कि यह एक समाज सुधार आंदोलन है, जो धर्म, संस्कृति और मानवता के उत्थान के लिए समर्पित है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी की हुई बैठक

## जरूरतमंदों को दिए जाएंगे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन के सभागार में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक सम्मेलन के अध्यक्ष ललित पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपरोक्त बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि के साथ ही रांची जिला के द्वारा किए गए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत चर्चा एवं एवं भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिनों के भीतर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को करीब 1000 कंबल का वितरण करेगी। विगत लगभग 3 वर्षों से सुचारू रूप से चलाए जा रहे दो अन्नपूर्णा सेवाओं की समीक्षा की गई एवं जगह मिलने पर एक और अन्नपूर्णा सेवा शुरू करने की सहमति बनी। जिला सम्मेलन द्वारा पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कई जन सेवा के कार्य चलाए जाएंगे। वहीं सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को मारवाड़ी सम्मेलन का सदस्य बनाया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री विनोद कुमार जैन ने की एवं धन्यवाद-ज्ञापन मनोज चौधरी ने की। बैठक के उपरांत मारवाड़ी सहायक समिति के सभी सेवाधारियों को कंबल वितरण किया गया। बैठक में सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद जैन, कौशल राजगढ़िया, प्रमोद अग्रवाल, किशन साबू, पवन पोद्दार, अंजय सरावगी, राजेंद्र केडिया, नंदकिशोर पाटोदिया, रमन वोडा, अनिल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, आनंद जालान, दिपेश निराला, संजय जैन, निर्मल बुधिया, नरेश बंका, मनोज रूईया, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, अजय खेतान, प्रमोद बगड़िया,द्वारका प्रसाद अग्रवाल, सुनील पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के सभी स्टॉल विशेषताओं से भरे

*स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल में लोगों के लिए निशुल्क जांच की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में आने वाले लोग अपना जांच करा रहे हैं*

### मेले में 25 प्रतिशत की दी जा रही है छुट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड व उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव, 2024-25 का आगाज बड़े ही धूमधाम से किया। रविवार को महोत्सव में करीब पन्द्रह हजार लोगों ने शिरकत किया। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें सरकारी स्टॉल से संबंधित जानकारी दी जाएगी ताकि लोग इसका फायदा उठा सके। विशेष रूप से सरकारी स्लॉट में विभिन्न सरकारी योजना संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है, ताकि महोत्सव में आने वाले आगन्तुक उसका लाभ उठा सके। झारखंड टूरिज्म विभाग के स्टॉल में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। झारखण्ड के भित्तिचित्र परंपराओं की जानकारी तथा हजारीबाग के चित्रित घर, संथाल लोक चित्रकला, जादू पटिया चित्रकला, पैथकर चित्रकला, सोहराय पेंटिंग, कोहवर पेंटिंग इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल में लोगों के लिए निशुल्क जांच की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में आने वाले लोग अपना निशुल्क जांच करा रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विभाग द्वारा जन शिकायत के लिए रांची जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। 9430328080 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत उद्योग की स्थापना से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुस्तकों के शौकीन लोगों के लिए पुस्तकों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। जहां मनपसंद पुस्तक भी प्राप्त की जा सकती है। मानसिक स्वास्थ्य एवं शांति के लिए प्रजापति ब्रह्माकुमार ईश्वरीय विश्वविद्यालय का भी स्टॉल लगा है। कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में दीनबंधु ठाकुर एवं दल, झारखण्ड कला मंदिर द्वारा नागपुरी लोक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति की गई। बच्चों के लिए आयोजित म्यूजिकल प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई। पांच से नौ आयु वर्ग में प्रथम स्थान शिवांगी कुमारी, द्वितीय स्थान युविका एवं तृतीय विभोर ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में दस से चौदह आयु वर्ग में आराध्या प्रथम स्थान, द्वितीय प्राची दास, तृतीय वेदांत सिंह हुए। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कला संस्कृति विभाग की ओर से मृणालिनी अखौरी द्वारा गजल प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए चॉकलेट रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## पलाश दीदी कैफे के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल पर भारी भीड़




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-2025 का तीसरा दिन मोरहाबादी में जीवंत और उत्साहपूर्ण रहा। भीड़ पहले दो दिनों से कहीं ज्यादा बढ़ी। मेले का मुख्य आकर्षण रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, हजारीबाग, खूंटी की दीदियों के द्वारा पलाश दीदी कॅफे में परोसे जा रहे पारंपरिक व्यंजनों में भारी भीड़ रही। इस दिन का एक प्रमुख आकर्षण मांदर स्टॉल था, जिसे लोहरदगा की महिला स्वयं सहायता समूह ने सजाया था। मंदर, झारखंड का पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र है, जिसे इस स्टॉल पर प्रदर्शित और बेचा जा रहा था। मादर को गीत महिला मंडल की 4 से 5 महिलाओं के समूह द्वारा तैयार किया जाता है, जो मिलकर इस वाद्ययंत्र को बनाती हैं। यह स्टॉल क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था और यहाँ आए दर्शकों ने मंदर की शिल्पकला और इसके इतिहास में गहरी रुचि दिखाई। यह महोत्सव स्थानीय कारीगरी, संस्कृति और समुदाय का उत्सव बनकर लगातार दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पलाश एवं अदिवा ब्रांड के उत्पादों की बिक्री 5,48,998/- रुपये की रही जो उनकी श्रम शक्ति के सम्मान को प्रदर्शित कर रहा है। मेला में विभिन्न उत्पादों पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# एक नजर

## सोहराय मिलन समारोह को लेकर आदिवासी समाज की बैठक आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर बरकट्ठा में रविवार को आदिवासी समाज के द्वारा सोहराय मिलन समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजाराम मूर्मू व संचालन सुनिल मूर्मू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरकट्ठा,चलकुशा, टाटीझरिया, एवं ईचाक प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक उत्थान व समाज में फैल रहे सामाजिक कुरीतियां,व नशा मुक्ति को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। वहीं आगामी 12 जनवरी 2025 को 10 बजे से शाम 5 बजे तक सोहराय मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सोहराय मिलन समारोह में मुख्य रूप से आदिवासी समाज के परानिक बाबा, नायके बाबा, जोकमाझी बाबा, समेत समाज सेवी, समाज सुधारक समेत दर्जनों बुद्धिजीवी गण शामिल होंगे।

## खेल से मानसिक दबाव कम होता है और मन शांत रहता है : रवि कुमार महतो

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के बैनर तले महासंग्राम क्रिकेट टूर्नामेंट कुंदरूकलां में आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में 22 दिसंबर का मैच बोंगाबर और जमीरा के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि जेएलकेआम पार्टी के केन्द्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो ने मैच का उदघाटन किया। मुख्य अतिथि रवि कुमार महतो ने कहा कि आज के युग में खेल न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि इनका सामाजिक तथा राष्ट्रीय महत्व भी है। इनमें स्वास्थ्य प्राप्ति के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है। इनसे छात्रों में अनुशासन की भावना आती है। खेल के मैदान में छात्रों को नियमों में बंधकर खेलना पड़ता है, जिससे आपसी सहयोग और मेल-जोल की भावना का भी विकास होता है। खेल-कूद मनुष्य में साहस और उत्साह की भावना पैदा करते हैं।

## श्याम संकीर्तन में गायक अंश के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**रामगढ़।** पटवारी परिवार रामगढ़ के द्वारा आयोजित श्याम संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक अंकित शर्मा अंश के भजनों से श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे, भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा रही. शुक्रवार की देर रात रामगढ़ के निर्माणाधीन श्याम मंदिर में रामगढ़ के पटवारी परिवार की ओर से खाटू के श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया. वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई गई. इसके पश्चात देर शाम 6 बजे से भजन गायन की शुरूआत हुई, जो शनिवार की प्रातः 4 बजे तक जारी रहा. भजन सम्राट फरीदाबाद के अंकित शर्मा अंश ने 'जिन्हें अपना समझते थे उसने ही रुलाया है' 'पानी है सर के ऊपर' 'कीर्तन में बस श्याम होना चाहिए' 'वो हारे के सहारे देना मुझे सहारा' 'मेरा छोटा सा परिवार' 'भर दे रे श्याम झोली भर दे' 'जिसकी नैया श्याम भरोसे' 'क्या जरूरत उसे पूजा और पाठ की जिसने की भक्ति अपने मां-बाप की'।

कोल इंडिया एससीएसटी इम्पलाईज एसोसिएशन का क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न

# प्रबंधन कर्मचारियों का शोषण करना बन्द करें : जनेन्द्र भारती



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विगत शनिवार को सिस्टा कार्यालय रजरप्पा क्षेत्र में कोल इंडिया एससीएसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा का क्षेत्रीय सम्मेलन क्षेत्रीय अध्यक्ष रोगन मांझी कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसका संचालन रिजनल उपाध्यक्ष महेन्द्र मिस्त्री ने किया। इस सम्मेलन का मुख्य अतिथि सिस्टा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव जनेन्द्र भारती, विशिष्ट अतिथि सीसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीराम अवध राम, संयुक्त सचिव अशोक रविदास एवं मंगल हेम्रोम मौजूद थे। सम्मेलन की शुरूआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जनेन्द्र भारती ने कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो, संगठन को आगे बढ़ाना है और किसी को भी किसी तरह से दिक्कत होती है तो संगठन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि शोषण के खिलाफ हमारे पूर्वज लड़े तभी हम खड़े हैं। प्रबंधन एससी/एसटी अधिकारियों, कर्मचारियों को शोषण करना बन्द करें, नहीं तो संगठन आन्दोलन करने पर बाध्य होगी। कहा पूरे कोल इंडिया में हमारी अस्सी प्रतिशत उत्पादन मे भागीदारी है तो हमारी समय पर पदोन्नती सुनिश्चित करे अन्य किसी प्रकार के दिक्कत है तो हम समाधान चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद में जिस तरह से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को अपमानित किया गया उसकी हम निंदा करते हैं। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के विचारों को इन लोगों को पढ़ने की जरूरत है। इसके बाद सिस्टा रजरप्पा क्षेत्र के क्षेत्रीय कमिटी को सर्वसम्मति से क्षेत्रीय अध्यक्ष रोगन मांझी के द्वारा भंग किया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सिस्टा रजरप्पा क्षेत्र के क्षेत्रीय कमिटी को पर्नगठन किया गया।

# बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा पार्क ओरमांझी का किया शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान के बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा,ओरमांझी पार्क आदि स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया। सभी बच्चों को 104 हेक्टर में फैले भगवान बिरसा जैविक उद्यान में स्तनधारी सरीसृपों और पक्षियों और मछली घर के साथ साथ झारखंड की प्राकृतिक सौंदर्य की ओर छात्र छात्राओं का ध्यान आकृष्ट कराया गया। वहीं संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति एक नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा बच्चों को हजारीबाग जिले की सूर्यकुंड धाम जहां 88 डिग्री सेल्सियस गर्म पानी प्रवाहित होती है। बहुत जल्द छात्र छात्राओं को इस प्रकृति धरोहर से बच्चों को अवगत कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक, शिक्षिका स्नेहा बर्नवाल, प्रिंसिपल मिस रानी , अंशु कुमारी, खुशी कुमारी, परी कुमारी, अर्चना कुमारी, सचिन कुमार, प्रकाश कुमार, अविनाश कुमार, सोनू कुमार, लक्ष्मण कुमार, अमीश कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, प्रियंका कुमारी, जयंती कुमारी, कुमकुम कुमारी समेत आदि छात्र छात्राएं शामिल थे।

# न्यूज | बॉक्स

## वार्ड नंबर 6 में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**रामगढ़ ।** पूरे झारखंड में जोर शोर से आरम्भ हुए सदस्यता अभियान में रामगढ़ जिला भी पीछे नहीं है। रविवार को भाजपा कैंट मंडल अंतर्गत आने वाले वार्ड नबर 6 में भाजपा कार्यकताओं ने अभियान के तहत नमो एप और मिस्ड कॉल करवाकर करीब दो सौ नए लोगों को पार्टी से जोड़ा। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित जिला के वरिष्ठ नेता सह मीडिया प्रभारी राजीव रंजन ने बताया की भाजपा समग्र विकास को संकल्पित राजनीतिक दल है इसीलिए आज लोग स्वेच्छा से इससे जुड़कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहें है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजीत गुप्ता,अरविंद सिंह,सत्यजीत चौधरी,संजय श्रीवास्तव,सुरेंद्र शर्मा,सुरजीत सिंह छाबड़ा,मनोज सिंह,मणिशंकर ठाकुर,ईश्वर पासवान आदि बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने शिखर समेद सहित मधुवन का किया सैर




**बरही।** सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण पर जैन तीर्थनगरी पारसनाथ पहुंचे. जहां मधुबन सहित 11 किमी दुर्गम पहाड़ियों का सफर तय करते हुए 1365 की ऊंचाई पर बसा झारखंड व बिहार की सबसे ऊंची चोटी पारसनाथ पहुंचे. जहां विद्यार्थियों ने जैन धर्म के 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के चरण पादुका का अवलोकन किया.जी शिखर सम्मेद के नाम से विश्वविख्यात है. इस दौरान विद्यार्थियों ने पारसनाथ की पहाड़ी स्थित प्रकृति के नैसर्गिक छटा का आनंद उठाते हुए जैन धर्म के इतिहास को जानने का प्रयास किया. शैक्षणिक भ्रमण की अगुवाई केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने अपनी पत्नी ज्योति वर्मा संग किया. उन्होंने बताया कि उनके केंद्र के विद्यार्थी पिछले 27 वर्षों से वर्षांत शैक्षणिक भ्रमण या वन भोज का लुत्फ उठाते हैं. इससे विद्यार्थियों और प्रबंधन के बीच आपसी सद्भावना और विश्वास बढ़ता है. साथ ही नए वर्ष में एक नए थीम और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया जाता है. शैक्षणिक भ्रमण में कई पूर्ववर्ती विद्यार्थी भी शामिल हुए. जिसे सफल बनाने में केंद्र के सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब प्रशिक्षक रोहित कुमार, भोला कुमार, पूर्व वर्ती छात्र गणेश कुमार, बैजनाथ महतो, जुली सिंह, इशरत प्रवीण, जास्मिन प्रवीण, रानी प्रवीण, स्वाति कुमारी, पंकज यादव, धोनी कुमार, शोएब अंसारी, जयकिशन कुमार, दीप ज्योति, शिवेश दीप आदि कई लोग शामिल थे.

# पत्रकार प्रकाश पांडेय के निधन पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
आवाज अखबार के वरिष्ठ संवाददाता प्रकाश पांडेय का निधन पर बरकट्ठा प्रेस क्लब के सदस्यों ने रविवार शाम 4:00 बजे 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति मिलने के लिए भगवान से कामना किया। मौके पर बरकट्ठा प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा दिवंगत पत्रकार प्रकाश पांडेय एक निर्भीक पत्रकार थे। इन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया है। उनके लेखनी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। सचिव रामकृष्ण पांडेय ने कहा मृतक प्रकाश पांडेय एक मिलनसार व्यक्ति और मृदभासी थे। उन्होंने प्रेस क्लब के चुनाव में अपना अहम योगदान दिया। इनका निधन पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति है। मौके पर उपाध्यक्ष ईश्वर यादव ,कोषाध्यक्ष अनिल बर्नवाल ,वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव, पंकज बर्नवाल, छोटी लाल, शाहबाज खान, सूरज मोदी, श्याम किशोर पांडेय, पियूष पांडे, संतोष पांडेय के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## स्कूला में मनाई गई गणितज्ञ रामानुजन की जयंती

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में गणित सप्ताह के छठे दिन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ निवास रामानुजन के जन्म दिवस के पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके कृतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया. वरीय शिक्षक महेश प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशवासियों को आवाहन करते हुए बोला था कि तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा ठीक उसी तरह महेश प्रसाद ने बच्चों को आह्वान करते हुए कहा कि तुम मुझे समय दो मैं तुम्हें गणित दूंगा.

केन्द्र मंत्री अन्नपूर्णा देवी का हजारीबाग में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# महिलाओं और बच्चों का विकास हमारी प्राथमिकता : विधायक

**ग्रामीण महिलाओं को केंद्रीय सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का परिसदन सभागार में भव्य स्वागत किया। श्री प्रसाद ने मंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर क्षेत्रवासियों की ओर से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक श्री प्रसाद ने क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों से संबंधित समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्स महिलाओं और क्षेत्र का विकास करना है और लोगों को सुविधा पहुंचाना है। श्री प्रसाद ने हजारीबाग क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र, स्वरोजगार योजनाएं और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को केंद्रीय सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है। बाल विकास के मुद्दे पर चर्चा करते हुए विधायक ने पोषण अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने और बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस पहल का अनुरोध किया।

झारखंड पेंशनर्स समाज का 10वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# 75 वर्ष से ऊपर के 8 पेंशनर्स को किया गया सम्मानित, 4 नए सदस्यों का हुआ स्वागत

*सेवानिवृत्ती के बाद 5 लाख रूप का कैशलेश चिकित्सीय बीमा की भी शुरूआत किया है, जो काबिले तारीफ है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मध्य विद्यालय बरही के प्रांगण में झारखंड पेंशनर्स समाज अनुमंडल इकाई बरही का 10वाँ वार्षिक अधिवेशन व 42वां पेंशन दिवस सह सम्मान समरोह संपन्न हुआ. समारोह की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष राजेन्द्र रुखरियार और संचालन सुधीर कुमार चौधरी ने किया. अधिवेशन में मुख्य रूप से संगठन के राज्य महासचिव सह राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपध्याक्ष चंद्रकांत सिंह, राज्य सचिव सह अध्यक्ष प्रेमचंद राम सहित अनुमंडल क्षेत्र के 52 से अधिक पेशनर्स सहित शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ भोला महतो के मंगलाचरण से हुई. अतिथियों का स्वागत अनुमंडल इकाई के अधिकारियो ने बुके देकर किया. राज्य महासचिव श्री सिंह ने कि पेंशन कोई खैरात नही, वह उन लोगों का कमाया हुआ वेतन है. जिसे देने के लिए 17 दिसंबर 1982 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देशित किया था. पर खेद है कि केंद्र ने 2004 के बाद से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के पेंशन पर रोक लगा दिया. साथ ही कोरोना अवधि के दौरान 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक कुल 18 महीनो का डीए और रेलवे छूट भी बंद कर दिया है. जिसे शीघ्र चालू करनी चाहिए. वही झारखंड सरकार ने 2004 के बाद सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों का पेंशन तो चालू रखा है, बल्कि सेवानिवृत्ती के बाद 5 लाख रूप का कैशलेश चिकित्सीय बीमा की भी शुरूआत किया है, जो काबिले तारीफ है. राष्ट्रीय उपध्यक्ष ने पेंशन दिवस के इतिहास पर चर्चा करते हुए पेंशन को बुढ़ापे का लाठी बताया. साथ ही सबों से एकजुटता बनाए रखने पेंशनर्स वॉयस पत्रिका का सदस्य बनने की अपील किया। अध्यक्ष सह राज्य सचिव ने पेशनरो की समस्याओं के समाधान का संकल्प लिया.

# लेवी मांगने के आरोप में 11 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बरका सयाल डी सीसीएल एरिया स्थित किये जा रहे रोड निर्माण कार्य में पांडे गिरोह के सदस्यों द्वारा बंदूक का भय दिखाकर धमकी देने व लेवी मांगने के आरोप में पतरातु (भुरकुण्डा) थाना कांड संख्या-294/2024, 16.12.2024, धारा-308 (5)/ 111 (4)/3 (5) बीएनएस दर्ज किया गया । उक्त कांड के उदभेदन हेतू पुलिस अधीक्षक रामगढ द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार छापेमारी व तकनीकी साक्ष्य संकलन कर इस घटना में धमकी हेतू प्रयोग किये गये मोबाईल को बरामद करते हुए इस कांड का उद्भेदन कर इसमें शामिल कुल 11 (ग्यारह) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी 22 दिसम्बर को पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मामले में गिरफ्तार अभियुक्त राजबिन्दर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलु के पास से अन्य मामलों में रंगदारी का 1,41,000/- (एक लाख एकतालिस हजार) रूपया नगद व हथियार बरामद किया गया है। जिस संबंध में पतरातु (भु०) थाना कांड सख्या-301/2024 दिनांक-22.12.2024, धारा-111 (4) /111 (5)/ 3(5)/25 (6)/ 26/35 आर्म्स एक्ट अलग से दर्ज किया गया है।

# गृह मंत्री के बयान का कांग्रेसियों ने किया विरोध, मांगा इस्तीफा



**बरही।** राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेदकर के प्रति दिए गए बयान का विरोध करते हुए नारेबाजी किया. यह कार्यक्रम बाराटांड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष किया गया. कांग्रेसियों ने बताया कि गृहमंत्री ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी के साथ न केवल दुर्व्यवहार किया अपितु बाबा साहब के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया. जो गृहमंत्री के तनावपूर्ण व्यवहार और अयोग्यता को दशार्ता है. गृहमंत्री अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं जो मर्यादा के विपरीत है. इसे लेकर कांग्रेसियों ने गृहमंत्री से अपने पद से इस्तीफा देने की मांग किया है. विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रखंड विस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष मंजीत यादव, युवा मीडिया कोऑर्डिनेटर आकाश भारती, विधानसभा युवा महासचिव फिरदौस खान, प्रखंड सचिव सोनू रविदास, कांग्रेस नेता मनोज रविदास, कपिल भारती, ललिता देवी, यशोदा देवी, पूनम देवी, कुंती देवी, कविता देवी, रूबी देवी आदि शामिल थे.

यूथ विंग ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

# लोगों को सर्दी से बचाना हमारा नैतिक दायित्व है : चंद्र प्रकाश जैन

*सचिव ने बीडीओ से प्रखंड परिसर में पेशनर भवन उपलब्ध करवाने की किया मांग*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग ने शीतकालीन राहत अभियान के तहत रविवार को पुन्दरी, बेश, कटकमदाग के पुराने पंचायत भवन के समीप 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। संस्था का यह अभियान दिसंबर के प्रथम रविवार से निरंतर चल रहा है और अब तक 700 कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचाए जा चुके हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कड़ाके की सर्दी में समाज के वंचित और कमजोर वर्ग को राहत प्रदान करना है। हर सप्ताह 200 कंबल वितरण की योजना के साथ यह कार्यक्रम फरवरी 2025 तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत हजारीबाग जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी इलाकों में जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि यह अभियान केवल कंबल बांटने का कार्य नहीं है, बल्कि यह समाज में सहयोग और सेवा की भावना को जागृत करने का प्रयास है। सर्दी के मौसम में जरूरतमंद और वंचित लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हमारा उद्देश्य है की इस ठंड में कोई भी व्यक्ति कपड़ों की कमी के कारण पीड़ित न हो। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जयसवाल ने इस अवसर पर कहा कि हमारा शीतकालीन राहत अभियान समाज के उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास है, जो ठंढ के इस कठिन समय में सबसे अधिक परेशानियों का सामना करते हैं। यह केवल कंबल वितरित करने का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में एकजुटता और सेवा का संदेश है। हमारी संस्था यह सुनिश्चित करना चाहती है की कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न हो।

# अनुमंडलस्तरी पेंटिंग प्रतियोगिता में भामाशाह स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार को आर के आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज बरही के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड मैदान बरही में अनुमंडल स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न हुआ. जिसमे भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के 74 भैया बहनें शामिल हुई. उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि विभिन्न थीम पर आधारित कुल 700 प्रतिभागियों को ए, बी, सी और डी ग्रुप में रखा गया था. जिसमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत किए गए. इस प्रतियोगिता में उनके विद्यालय के बहन आरुषि झा ने ग्रुप सी में प्रथम और बहन खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान को प्राप्त किया. इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में भैया आशीष कुमार एवं बहन तेजस्वी वात्सल्य को मिला.पूरे कार्यक्रम में बेस्ट परफॉर्मेंस का अवार्ड भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही को प्राप्त हुआ. पुरस्कार स्वरूप आरूषी झा को 5000 व खुशी कुमारी को 2000 नकद राशि सहित ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ. प्रधानाचार्य ने सभी बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं को बधाई दिया है. उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी बच्चे आचार्य मनीष कुमार सिन्हा की अगुवाई में कार्यक्रम में शामिल हुए थे.

# निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज में फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

*अपराधी के पास से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा गोली और बाइक बरामद श्रीवास्तव गैंग द्वारा घटना को दिया गया था अंजाम*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पतरातू रेलवे फाटक के निकट रेल ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर गत 10 दिसंबर को हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल सहित तीन जिंदा गोली और एक बाइक बरामद हुआ है। इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने 22 दिसंबर को जिला पुलिस मुख्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पतरातू डैम के निकट दो व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। टीम ने पतरातू डैम के आसपास छापेमारी अभियान शुरू किया। इस दौरान नीले रंग की पल्सर बाइक (जेएच01बीएफ-3991) पर सवार दो युवक पुलिस को देख भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रांची निवासी साहिल सिंह (23 वर्ष) और राहुल शर्मा (28 वर्ष) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने देशी पिस्टल और तीन जिंदा गोली अभियुक्तों के पास से बरामद किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पतरातु थाना कांड संख्या-300/2024, दिनांक-21.12.2024, धारा-25 (1-बी०) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में दोनों ने पतरातु रेलवे क्रोंसिंग के पास निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज की साइट पर गोलीबारी करने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि घटना को जेल में बंद श्रीवास्तव गैंग के अमन श्रीवास्तव और शिव शर्मा के कहने पर अंजाम दिया गया है।

# क्रिसमस के उल्लास में गांव गांव में मन रहा है मिलन समारोह




## शांति का संदेश लाता है क्रिसमस: विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** क्रिसमस की तिथि नजदीक पहुंचते ही पूरा सिमडेगा क्रिसमस के उल्लास में डूब गया है। रविवार को तो कई पल्ली, कई चर्च और मसीही विस्वासियों के दर्जनों गांव में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन कर प्रभु येसु के आगमन की खुशियां मनाई गई। रविवार को विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी क्रिसमस के उल्लास डूबे रहे। रविवार की अहले सुबह से ही विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा क्रिसमस गैदरिंग महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होना शुरू कर दिए थे। शाम होते होते उन्होंने दो दर्जन से अधिक स्थानों में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। विधायक ने कहा कि शांति के बिना दुनिया का अस्तित्व नहीं है। क्रिसमस का पर्व दुनिया मे शांति का संदेश लाता है। पवित्र शास्त्र में ईसा मसीह को शांति का राजकुमार कहा गया है। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि क्रिसमस प्रेम का संदेश देने वाला त्योहार है। मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए यीशु मसीह ने अपने जीवन को बलिदान के रूप में क्रूस पर दिया। यह ईश्वर का असीम प्रेम का प्रदर्शन है। पवित्र शास्त्र बाइबल में लिखा है परमेश्वर प्रेम है। वही पाकरटांड के क्रुशकेला पल्ली में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। वहीं विधायक मद से निर्मित चबूतरा का उद्घाटन फीता काटकर किया। दिया। कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फादर अजीत पौल केरकेट्टा,सहायक पल्ली पुरोहित फादर चंद्र कुजूर,ब्रदर कुलदीप एक्का,पंचायत सदस्य समिति प्रतिमा कुजूर आदि धर्म बहनें सिस्टर एवं मसीही विश्वासी और ग्रामीण शामिल थे।संत जोसेफ चर्च कटुकोना पल्ली में क्रिसमस गैंदरिंग का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्म पत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। उन्होंने क्रिसमस केक काटकर सबको खिलाते हुए क्रिसमस की बधाई दी। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,प्रतिमा कुजूर आदि भी शामिल थे।बनाबीरा पल्ली में भी रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा साथ, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित होकर लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। विधायक ने क्रिसमस का संदेश देते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ लोगों को क्रिसमस मनाने की अपील की। इसके अलावा सेवई, कुरडेग गड़ियाजोर, सलडेगा सहित कई स्थानों में विधायक भूषण बाड़ा ने ग्रामीणों संग क्रिसमस मनाया।कोचेडेगा के सेवई मंडली में आयोजित 15वां क्रिसमस मिलन समारोह में विधायक शामिल हुए मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,पादरी गोविंदा महतो ,कांडीदत्त शांतियल टोप्पो,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, मुखिया विनीता खाखा, प्रतिमा कुजूर,नीलेश एक्का,अनिल जेम्स बाखला, अनिल जेम्स बाखला, सलमोन मिंज आदि पेरिस कौंसिल,पेरिस महिला संघ,पेरिस युवा संघ अधिकारी एवं मसीही विश्वासी भारी संख्या में शामिल थे।



## टकबा में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

● क्रिसमस का पर्व आपसी भाईचारा और खुशियों का है त्यौहार : राजेश सिंह

**पाकरटांड।** प्रखंड के आसनबेड़ा पंचायत अंतर्गत टकबा गांव में बीती देर रात क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह एवं पंचायत के मुखिया के द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस दौरान झारखंड के गायक दिलीप गोप के द्वारा ईसा मसीह के क्रिसमस गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया मौके पर मजदूर नेता ने अपने संबोधन में कहा क्रिसमस खुशियों एवं आपसी प्रेम का संदेश लाता है इसीलिए परमपिता परमेश्वर के आगमन से पूर्व इस प्रकार का आयोजन कर हम सभी आपसी एकता का संदेश देते हैं। या पाव मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है । आप सभी सच्चे मन से ईश्वर की प्रार्थना करें ईश्वर शांति दया सेवा सुख समृद्धि के साथ आपके जीवन में हमेशा खुशियां लाएंगी ।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार प्रत्येक वर्ष क्रिसमस के मौके पर इस तरह का आयोजन होता है इसके लिए आयोजन समिति को मैं धन्यवाद देता हूं साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मजदूरों के साथ किसी प्रकार का शोषण या फिर मानव तस्करी हो इन सभी चीजों को लेकर सभी लोग संगठित रहकर अपने हक अधिकार के लिए आवाज़ उठाएं उन्होंने कहा कि मजदूरों के लिए हर समय हम खड़े हैं। इस दौरान चिंता देवी रोशन,नरायन बड़ाईक, साहित्य कई बड़े कलाकारों ने अपने गीत के साथ उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य संरक्षक एलेन कुल्लु, समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ,इधर विधि व्यवस्था को लेकर थाना की पुलिस जगह-जगह पर तैनात रही एवं शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सन्त थॉमस चर्च में धूमधाम क्रिसमस गैदरिंग हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के सन्त थॉमस चर्च बुरुइरगी के प्रांगण में ऑल चर्चेस बानो के तत्वावधान में धूमधाम क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया।इस अवसर पर पर जितुटोली पारिष के फादर अजित केरकेट्टा ,जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आज हम प्रभु ईसा मसीह के याद में क्रिसमस गैदरिंग मना रहे हैं।आप सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई।हर साल भांति हर मसीही को शक्ति दे ।क्रिसमस का पर्व हर वर्ष प्रेम का संदेश लाता है।सभी मिलजुल कर ईस्वर का भजन करें। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा क्रिसमस का पर्व आपसी प्रेम,सद्भाव और भाईचारे का पर्व है।प्रभु ईसा मसीह ने कहा था कि पड़ोसी से प्रेम करो ।यह बात आज के समय में बड़ी बात है।इस अवसर पर बुरुइरगी, सुमिंगबेडा ,गटीबान्दू ,बेडाइरगी, ओल्हान ,सूत्रीउली आदि गावों के मसीही उपस्थित थे ।मौके पर विभिन्न मंडली के सदस्यों द्वारा आदिबासी नृत्य , कैसेट डांस ,आदि प्रस्तुत किया गया।मौके पर मुखिया लॉरेंस बागे, संदीप लुगुन ,आमुस कंडुलना, इलियाजर कंडुलना आदि लोग उपस्थित थे।

## हमें शांति, प्रेम, दया एवं करूणा का संदेश देता है क्रिसमस : फादर विजय

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बानो में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। गैदरिंग समारोह को बेहद धूमधाम से संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षिकाओं द्वारा मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि फादर विजय विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी बानो विकास कुमार, डॉ सीमा टोप्पो तथा संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने क्रिसमस को प्रेम एवं शांति का प्रतीक बताया तो वही मौके पर उपस्थित फादर विजय ने कहा की क्रिसमस गैदरिंग हंसी खुशी और खुशियां बांटने वाला त्यौहार है, क्रिसमस प्रेम शांति एवं सौहार्द का त्यौहार है जो हमें शांति, प्रेम, दया एवं करूणा के मार्ग पर चलना सिखाती है । वहीं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि हम सब जीसस के प्रेम,दया और करुणा को अपने जीवन में उतारकर लोगों में खुशियां दें, नशा से दूर रहें, एक दूसरे का सम्मान करें ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. प्रह्लाद मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम करुणा का संदेश देना वाला क्रिसमस हम सबों के जीवन में खुशियों का रंग भरता है, साथ ही उन्होंने मौके पर क्रिसमस तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर संस्थान की छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम का प्रर्दशन किया गया। मौक़े पर संस्थान की सचिव निभा मिश्रा , बिल्लू अग्रवाल, प्राचार्या एरेन बेक , समन्वयक रविकान्त मिश्रा ,एएनएम की प्रभारी प्राचार्या अल्बीना टोपनो, ट्यूटर तनु प्रिया, वंदना धनवार, आई वी सुप्रभा, मनीषा टोरकोड, नीलू कुमारी, लीलावती साहू, मटिलदा तिर्की, प्रिया कुमारी, आईसर्ट हॉस्पिटल सोय से रवि वर्मा सहित संस्थान के कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन जी.एन.एम की छात्रा आरती तथा प्रियंका ने किया। मौके पर एएनएम तथा जीएनएम की सभी छात्राएं मौजूद रही।

## तार-तार होती स्वास्थ्य व्यवस्था टॉर्च की रोशनी में हुआ घायल युवक का इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**




**जलडेगा।** जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल होने पर इलाज टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है। मामला शनिवार देर शाम का है यहां सड़क हादसे में घायल हुए जलडेगा थाना में कार्यरत पूर्व चौकीदार का इलाज जलडेगा पुलिस की मौजूदगी में टॉर्च की रोशनी में किया गया, यहीं नहीं अस्पताल में लाइट नहीं रहने से टॉर्च की रोशनी से ही टांके भी लगाए गए। बाद में घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जलडेगा थाना में कार्यरत पूर्व चौकीदार कृष्णा बड़ाईक, पिता बंधनु बड़ाईक अपने बाइक से जलडेगा से अपने घर भीतबुना जा रहा था। इस बीच केलूगा मैदान में नियंत्रण खोकर सड़क हादसे का शिकार हो गया। और गंभीर रुपए घायल हो गया। जलडेगा पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घायल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्था के चलते युवक को बेहतर उपचार नहीं मिल पाया। दरअसल, जिस समय घायल को अस्पताल लेकर आया गया उस समय लाइट गुल थी और रही सही कसर तक पूरी हो गई जब अस्पताल में लगाया गया जनरेटर इनवर्टर ही काम नहीं कर रहा था। ऐसे में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे युवक को प्राथमिक उपचार के लिए काफी परेशान होना पड़ा। जिसके बाद अस्पताल में कार्यरत कर्मियों ने अपने-अपने मोबाइल की लाइट ऑन की तब कहीं जाकर घायल युवक को टांका लगाया जा सका।

## मोड़ से भंवरपहाड़ तक पीसीसी निर्माण में अनियमितता बरती नहीं जाएगी : सोरेंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा भंवरपहाड़ पर्यटक स्थल के रूप में वर्षों से बना हुआ है।यहां लोग दूर दूर से घूमने भी आते है। लेकिन यहां की सड़क की हालत खराब होने के कारण यहां के स्थाई लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण सरकार के द्वारा कोलेबिरा थाना मोड़ से भँवरपहाड़ तक पीसीसी का निर्माण कार्य चल रहा है जिससे अनियमितता बरती जा रही है। मौके पर सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग के द्वारा जांच किया गया जिसमें पाया गया कि जिस पीसीसी निर्माण में मोरेम मिट्टी का उपयोग करना था लेकिन वहां पर लाल मिट्टी गिरा कर कार्य किया जा रहा है, कोई कार्य गुणवत्तापूर्वक नहीं किया जा रहा है। सरकार के पैसा का बंदरबाट किया जा रहा है।ऐसा कार्य किए जाने पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिला परिषद ने निर्देश दिया है कि निर्माण कार्य के बारे में जानकारी साझा करें, और जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं किया जाएगा तब तक के लिए कार्य रुका रहेगा जिला परिषद का यह भी कहना है कि जहां पर भी इस तरह का कार्य चल रहा है वे सभी अपने कामों के प्रति सुधार लाएं अन्यथा उन पर करवाई की जाएगी।

## राम जानकी मंदिर प्रांगण में चल रही श्री राम कथा का भव्य आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राम जानकी मंदिर प्रांगण में चल रही भव्य श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य वासुदेव गौतम ने बताया कि रामचरित्र जीवन जीने की कला सिखाता है। भाई के प्रति क्या मर्यादा हो, माता-पिता के प्रति क्या मर्यादा हो, गुरुजनों के प्रति क्या व्यवहार हो यह सब राम जी के चरित्र से सीखने को मिलता है। इसलिए राम चरित्र जीवन जीने की कला सिखाता है।उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज द्वारा लिखित रामचरितमानस में प्रत्येक समस्या का समाधान है। अगर सही से कोई मानस का आश्रय ले ले तो जीवन की दैनिक व भौतिक समस्याओं का समाधान श्री रामचरितमानस में है और हनुमान जी के मंदिर में जो जैसी श्रद्धा लेकर आता है ।हनुमान जी उसके अनुसार उसको फल देते है। कथा से पूर्व विधि विधान से भगवान के विग्रहों की पूजा अर्चना की गई कथा के समापन के पश्चात महाआरती कर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के आयोजन में मारवाड़ी महिला मंडल के सदस्य सहयोग कर रही हैं कथा में काफी संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं।

## टैक्सी स्टैंड में हुई मोटरसाइकिल चोरी मामले में नाबालिक को पुलिस ने किया निरुद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के टैक्सी स्टैंड में पिछले 13 दिसंबर को हुए अपाचे मोटरसाइकिल चोरी मामले में पुलिस ने रविवार को सफलता हासिल करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक नाबालिक को निरुद्ध किया है। इस संबंध में सदर थाना परिसर में एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए बताया कि सिमडेगा शहरी क्षेत्र के कुंज नगर निवासी सूरज यादव का मोटरसाइकिल टैक्सी स्टैंड सिमडेगा से चोरी हो गई थी ,जिसके बाद के द्वारा सिमडेगा थाने में लिखित शिकायत किया था और इस मामले में थाने में मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान की गई। इस दौरान सीसीटीवी सहित अन्य तकनीकी टीम की मदद से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टैसेरा से चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ एक नाबालिक को निरुद्ध किया ।एसडीपीओ ने कहा कि इसके अलावा अन्य जगहों पर हुए मोटरसाइकिल की चोरी के मामले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द मोटरसाइकिल बरामद एवं चोर को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने निकाली हुरदा में आभार यात्रा



**बानो।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड क्षेत्र के हुरदा में रविवार को तोरपा विधानसभा से निर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया की जीत पर विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली गयी।आभार यात्रा जमताई से प्रारंभ होकर रायकेरा मरानी होते हुए हुरदा, गिर्दा थाना मैदान पहुंची जहां समर्थकों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक सुदीप गुडिया ने कहा कि सबके प्रयास व आपका आशीर्वाद, प्यार और स्नेह से आज में विधायक बना हूं। क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है. साथ ही बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करना भी हमारी, प्राथमिकता में से एक है.क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा।इस अवसर पर विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद बिरजो कंडुलना,झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सचिव शफीक खान, मोहम्मद तनु,मुखिया सोमा पहान,मुखिया नमजन जोजो,अनिता डांग,तुर्तन गुड़िया,प्रधान लुगुन,सनिका हेमरोम,यशवा कुडु,जोन कंडुलना,सहदेव कोटवार,कामिल डांग के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### लचरागढ व कारीमाटी में 256 बुर्जुगों व असहायों के बीच कंबल का वितरण



**कोलेबिरा।** सिमडेगा सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से प्रखंड के लचरागढ़ एवं जलडेगा प्रखंड के कारीमाटी में बुजुर्गों और असहायों के बीच 256 कंबल का वितरण किया गया। विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रावास में रहने वाले बच्चों के बीच भी कंबल का वितरण किया गया ।इस अवसर पर कैलाश प्रसाद अग्रवाल ने कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत किया ।सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने ठंड से बचाव के बारे में जानकारी दिया तथा कहा कि बुजुर्ग ठंड को लेकर विशेष ख्याल रखें बुजुर्ग नशापान से दूर रहे नशा पान से परिवार बिखरता है। इस अवसर पर सुनील सहाय, कैलाश प्रसाद अग्रवाल, विश्राम बडाइक, अरूण प्रसाद, अशोक पाडेय, रामकिशोर सिंह, प्रकाश कजसरी, उपेंद्र श्रीवास्तल, अनुप श्रीवास्तव, विजय नंद, विनय अखौरी, राजेश अग्रवाल,राजेंद्र साहु,प्रमोद पाणीग्राही के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के क्रम में मौत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अघरमा पंचायत के झुरकेला गांव निवासी 19 वर्षीय प्रवीण केरकेट्टा नामक युवक की पालकोट थाना क्षेत्र के बनडेगा पास शनिवार देर शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में इलाज के क्रम में मौत हो गई ।जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि प्रवीण गुमला की ओर जा रहा था, इसी दौरान बनडेगा के पास अपने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खोकर गिरा, जिससे कि माथे में चोट लगी। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया।

### गरजा बृंगाटोली में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के गरजा बृंगाटोली में रविवार को फांसी लगाकर अशोक प्रधान नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मृतक युवक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक प्रधान की पत्नी के साथ लगातार लड़ाई झगड़ा होता था और इसी को लेकर पत्नी उसे छोड़कर मायके में रहती थी और तब से ही वह मानसिक रूप से तनाव में रहता था। इधर शनिवार की रात किसी बात को लेकर आवेश में आकर वह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पुलिस ने इस मामले में यूडी केश दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### सिमडेगा नगर में भाजपा सदस्यता महापर्व अभियान की हुई शुरुआत

**सिमडेगा ।** भाजपा द्वारा सदस्यता महापर्व अभियान कार्यक्रम के निमित्त रविवार को नगर मंडल में सदस्यता अभियान के नगर संयोजक रवि वर्मा के नेतृत्व में नगर के शक्तिकेंद्र राजकीय मध्य विद्यालय घोंचो टोली शक्तिकेंद्र के संयोजक सह संयोजक के साथ सदस्यता अभियान कि शुरुवात कि गई। अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधानसभा के श्रद्धानंद बेसरा,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर,संजय शर्मा, दीपनारायण दास,अनूप केशरी,रमेश कुमार,कृष्णा ठाकुर,मनोज कुमार के अलावे शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्ष एवं शक्तिकेंद्र के प्रभारी सह प्रभारी उपस्थित थे।

### शेड निर्माण में अनियमितता पाइप भी लग रही है जंग लगी



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के हुटूबदा गाँव मे शेड बनवाये गए है जिसमे अनियमितता के मामले सामने आए इसी प्रकार का शेड प्रखंड के कई आदिवासी बहुल गांव में बनवाया गया है। लाखों रुपए से बने इस योजना के पास कहीं पर आज तक योजना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जिसके कारण शेड किस विभाग और किसके देख - रेख में बनवाया गया है ये कोई नहीं जानता। लेकिन शेड में लगी पाइप बता रही है कि शेड निर्माण में जमकर अनियमितता बरती गई है। दिखावा के लिए नीचे वाला पाइप में रंग मारा गया है लेकिन उपर का एंगल में रंग नहीं मारने से पाइप जंग लगना शुरू हो गया है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

### "क्रिसमस के मौके पर समाज सेवी सह भाजपा नेता ने गरीबों में बांटी साड़ी

**सिमडेगा।** समाज सेवी सह भाजपा नेता सतनारायण प्रसाद ने क्रिसमस के मौके पर गरीब और असहाय लोगों के बीच बाटी साड़ी वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा प्रयास है हमारे द्वारा समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करने के लिए।सतनारायण प्रसाद ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्यार, करुणा और सहानुभूति का प्रतीक है। इस त्योहार के मौके पर हमें गरीब और असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए, ताकि वे भी इस त्योहार को खुशी और उमंग के साथ मना सकें।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करना है। उम्मीद है कि हमारा यह प्रयास समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण साबित होगा।

### भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित

# संगठन को मजबूत बनाने से ही राज्य और देश मजबूत बनेगा : धर्मदास शुक्ला




**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा** दिसंबर (हि.स.)। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश स्तरीय कार्य समिति का 95 वां बैठक स्थानीय सिद्धू कानू सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में रविवार को संपन्न हो गया। बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रत्येक जिले के संगठन मंत्री सहित प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारियों में भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने अपने समापन भाषण में संगठन की मजबूती तथा इसके विस्तार पर कार्य करने की विस्तृत योजना की जानकारी तमाम उपस्थित अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में मजदूर कार्यरत हैं उन्हें पहचान तथा उनके कल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन को जिला स्तर पर मजबूत बनाने से ही यह राज्य एवं देश स्तर पर मजबूत बनेगा। उन्होंने महिलाओं को आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आप आधी आबादी हैं तथा आपको इसे समझना होगा। संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री अंगद उपाध्याय ने बतौर आयोजक इस कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इसकी सफलता में लगे लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सबसे न्यूनतम स्तर पर जाकर अपनी मजदूरों को संगठित एवं मजबूत बनाने के संकल्प पर लगातार चल रहा है। बैठक में झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री बृजेश कुमार, बीएमसी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बलराम यादव, झारखंड प्रदेश के महामंत्री राजीव रंजन सिंह कोषाध्यक्ष चंदन कुमार सहित उपस्थित तमाम अधिकारियों ने जिला स्तर से आए तमाम लोगों को संगठन से जुड़ी बातों को बताया। समापन अवसर पर क्षेत्र के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अजय प्रजापति को मिला कविताम्बरा साहित्य श्री सारस्वत सम्मान

**जमशेदपुर।** तुलसी भवन के सदस्य सह तुलसी प्रभा पत्रिका के सह संपादक अजय कुमार प्रजापति को ह्यकविताम्बरा साहित्य श्री सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया. उक्त सम्मान उन्हें साहित्य एवं आध्यात्म के केंद्र बनारस में कविताम्बरा पत्रिका एवं विश्व हिंदी शोध-संवर्धन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में ह्यशब्द सारथी डॉ. कृष्ण कुमार प्रजापति विशेषांक के लोकार्पण के अवसर पर प्रदान किया गया. इसके अंतर्गत उन्हें प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्पमाल्य, अंगवस्त्र एवं साहित्यिक पुस्तकों से अलंकृत किया गया. सम्मान ग्रहण करने पर अजय प्रजापति ने कहा कि भगवान काशी विश्वनाथ की धरती बनारस में सम्मानित होना उनके लिए गौरवपूर्ण है. कविताम्बरा पत्रिका का वे आभारी हैं और इस सम्मान को तुलसी भवन की पत्रिका तुलसी प्रभा का सम्मान एवं प्रभाव मानता हूं. इस अवसर पर बनारस विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. वशिष्ठ अनूप, आलोचक डॉ. राम सुधार सिंह, डॉ. सविता एवं विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय सहित कई गणमान्य साहित्यकार उपस्थित रहे.

# घटना को अंजाम देने की योजना बनाते 6 अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बनाते हुए 6 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने दो लोडेड देशी कट्टा, दो मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और एक बिना नंबर की बाइक बरामद की है। जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें राजधनवार थाना क्षेत्र के लालबाजार निवासी मो. समीर अंसारी, मिराजुद्दीन अंसारी उर्फ राजा, बिरनी थाना क्षेत्र के जीतकुंडी निवासी फनी भूषण साव, शिबू साव, रेहान अंसारी और रिजवान अंसारी शामिल है। उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी डॉ. विमल कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि बिरनी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बरमसिया झ कोडरमा मुख्य सड़क के किनारे घुज्जी जंगल के समीप कुछ अपराधियों का जमावड़ा लगा हुआ है और यह अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसी के बाद सरिया बगोदर के एसडीपीओ, धनवार थाना प्रभारी, बिरनी थाना प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस की टीम छापेमारी करने के लिए घुज्जी जंगल भेजा गया। पुलिस को देखते ही सभी अपराधी भागने लगे इसके बाद पुलिस की टीम ने सभी 6 अपराधियों को खदेडकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी ली उनके पास से दो लोडेड देशी कट्टा, दो मोबाइल फोन एक बिना नंबर की अपाची बाइक और दो सिम कार्ड को बरामद किया। पूछताछ के क्रम में सभी अपराधियों ने यह कबूल किया कि यह लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, एसपी ने बताया कि इन अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और इस बार भी अपराध की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के दौरान सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कांग्रेस नेता संकल्पित



**बरही ।** पेयजलापूर्ति प्रारंभ करवाने को लेकर कांग्रेस के युवा नेता अरुण साहू पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो से उनके कार्यालय में मुलाकात किया. उन्होंने बरही के जल संकट की समस्याओं का चर्चा करते हुए जलापूर्ति योजना को पूरा करने के मांग किया. उन्होंने बताया कि गर्मी में जल संकट इस प्रकार व्याप्त होते हैं कि लोगो को पीने के लिए पानी खरीदने पड़ते है. कोष आवंटन के बाबजूद यह कार्य प्रशासनिक उदासीनता के कारण अब तक अधूरा है. उन्होंने मंत्री से इस दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए इस अति शीघ्र पूरा करवाने की मांग किया है. इस दौरान श्री साहू के साथ कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता भी थे. उन्होंने भी नल जल योजना के तहत चौपारण में हर्ष एंटरप्राइजेज व एचईपीसी की लापरवाही की शिकायत किया. मंत्री ने नेताद्वय के बातो को गंभीरता से सुना और हर संभव समाधान का आश्वासन दिया.

### बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत के खोरों में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। इस महापर्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रुप से शामिल थे। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी संगठन पर्व चल रहा है। 22 दिसंबर को समूह में सदस्यता ग्रहण करने का दिन तय किया गया था और रविवार को सैकड़ों की संख्या में लोग पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। यह अभियान लगातार चलेगा। घर घर जाकर 14 जनवरी तक सदस्यता अभियान चलाना है। इसके बाद बूथ कमिटी, मण्डल कमिटी जिला कमिटी प्रदेश कमिटी बनेगी ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव में झारखंड प्रदेश भागीदारी कर सके, इसी अभियान को लेकर आए थे। सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। इस मौके पर नुनुलाल मरांडी, चंदौरी मण्डल अध्यक्ष सुनील साव, भाजपा नेता किसुन यादव, सुनील यादव, विकास कुमार , मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूक, इंकज कुमार मौजूद थे।

# चाकू मारकर युवक की हत्या मामले में सात गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को मुख्य आरोपित सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि बीते मुफस्सिल थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के चिलगा गांव के पास कल शनिवार शाम में कबीरबाद कॉल माइंस में ब्लास्टिंग दौरान आउटसोर्सिंग कम्पनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों के जरिये माइंस के पास घूमने आए बाइक सवार कुछ युवकों को हटने को कहा इसपर बाइक सवार युवकों ने आक्रोशित होकर दामोदर यादव सहित अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगा । थोड़ी देर बाद करीब एक दर्जन युवक पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर गोप ( 35 ) पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे इलाज के क्रम में दामोदर गोप की मौत हो गई ।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड को अंजाम देने वाले और दामोदर के पेट में चाकू मारने वाले मुख्य आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब वह जिले से भागने के फिराक में था। मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि मुख्य आरोपित मो तौफिक पुराना अपराधी है और हाल के दिनों में ही जेल से छूटा है। एसडीपीओ जीतवाहन ने बताया कि घटना की सूचना के बाद से लगातार कार्रवाई हो रही है । टीम छापेमारी कर रही है । सात लोगों को गिरफ्तार किया किये गये ।

### जिरवाबाड़ी में कचरा प्लांट के समीप युवक का अधजला शव बरामद

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कचरा प्लांट के निकट खुजली झरना की तलहटी में रविवार को एक युवक का शव बरामद किया गया. शव किसी ज्वलनशील पदार्थ से आधा-अधूरा जलाया गया है. जिस कारण शव की पहचान नहीं हो पा रही है. घटनास्थल पर जुटे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के बाएं पैर में गोली लगने का निशान मिला है. कुछ लोगों ने बताया कि दो दिन पहले उक्त क्षेत्र में गोली चलने की आवाज सुनी गई थी. हालांकि गोली चलने की पुष्टि पुलिस ने नहीं की है. थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे ने बताया सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस का कहना है कि घटना कैसे हुई इसकी जांच होने के बाद ही कहा जा सकता है।

# कांग्रेस खूंटी में 26 दिसंबर को निकालेगी पदयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा के खूंटी स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह सह एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के खूंटी जिला प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने बताया की 26 दिसंबर 1924 को कर्नाटक के बेलगाम में आयोजित कांग्रेस के सम्मेलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। इसके 100 वर्ष पूरे होने पर जिला कांग्रेस के जरिये 26 दिसंबर को स्मारक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रभारी ने कहा कि 28 दिसंबर 2024 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपना स्थापना दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के 139 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर जयंती मनाना है। साथ ही हमें पार्टी की समृद्ध विरासत, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में पार्टी के अहम योगदान पर विचार करने का अवसर मिला है। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि 26 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के जरिये नेताजी चौक खूंटी से दतिया स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पदयात्रा निकाली जाएगी और रेफरल अस्पताल के मरीजों के बीच फलों का वितरण किया जाएगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के स्थापना दिवस के दिन 28 दिसंबर को सुबह नौ बजे जिला, मंडल और पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया जाएगा।

### विधायक कार्यालय में लगा जनता दरबार, सुनी समस्याएं

# नगर निगम को पाइपलाइन की मरम्मत और जल वितरण सुधारने के दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को लोगों की जन समस्याओं को सूना। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। इनमें पानी की आपूर्ति, बिजली कटौती, सड़कों की खराब स्थिति, पेंशन, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि बार-बार कटौती वाले क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू की जाए। जलापूर्ति की समस्या पर उन्होंने नगर निगम को पाइपलाइन की मरम्मत और जल वितरण सुधारने के निर्देश दिए। विधायक ने जनता को आश्वस्त किया। आपकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। मेरे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं। मेरी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की। एक स्थानीय निवासी ने कहा, हमने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कई बार कोशिश की, लेकिन आज विधायक ने तुरंत कार्रवाई कर भरोसा दिलाया कि हमारी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए उसकी जानकारी भी दी।

# जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा खोखरा पहाड़ पर जंगल में रविवार को एक पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया है। लाश मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह हत्या है या आत्महत्या इसको लेकर संशय बरकरार है। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि राधा गोविंद यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाले जंगल के रास्ते में पहाड़ पर पेड़ पर लटका हुआ युवक का शव बरामद किया गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि किसी ने उसकी हत्या की है या फिर युवक ने खुद ही आत्महत्या कर ली है, इसका पता पोस्टमार्टम के बाद चलेगा। उन्होंने युवक की लाश की तस्वीर सभी थाना क्षेत्र और आसपास के गांव में भेजी है, ताकि उसकी पहचान हो सके। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के कपड़ों और आसपास कहीं भी कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके।

### एडमिट कार्ड नहीं मिलने से नाराज चौकीदार अभ्यर्थियों का समाहरणालय में हंगामा

**देवघर।** देवघर जिले में रविवार को चौकीदार नियुक्ति परीक्षा हुई. जिले के 10 सेंटरों पर परीक्षा ली गई. हालांकि एडमिट कार्ड नहीं मिलने के कारण कई अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रह गए. प्रखंड स्तर से ही सभी योग्य अभ्यर्थियों को एडमिट जारी किया गया. लेकिन काफी संख्या में चौकीदार अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड नहीं मिला. इसको लेकर सैंकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी शनिवार की सुबह से देर रात तक समाहरणालय का चक्कर लगाते रहे. बार-बार आश्वासन के बाद भी रात तक एडमिट कार्ड नहीं मिला और कार्यालय बंद हो गया. इससे नाराज अभ्यर्थियों ने देर रात समाहरणालय में जमकर हंगामा किया. कहा कि जब तक एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा, कार्यालय से नहीं जाएंगे. अभ्यर्थियों ने विभाग के लिपिकों व अधिकारियों पर आरोप लगाया कि कुछ लोगों का साइन नहीं होने के कारण एडमिट कार्ड नहीं मिला है और कुछ लोगों को बिट में त्रुटि की बात बताई गई.

### रामगढ़ में 13 पुलिस पदाधिकारियों का हुआ तबादला, एसपी ने जारी की सूची



**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने जिले में 13 पुलिस पदाधिकारी का तबादला कर दिया है। उन्होंने पांच थानों के पदाधिकारी को भी बदल दिया है। रविवार को एसपी ने इसकी सूची भी जारी कर दी है। सूची के अनुसार वेस्ट बोकारो में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रामप्रवेश पासवान को मांडू थाना प्रभारी, रजरप्पा थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर मो नौशाद को कुज्जू ओपी प्रभारी, गोला थाने में पदस्थापित ब्रह्मवत कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी, बरकाकाना ओपी में पदस्थापित विकास आर्यन को बरलांगा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को एसपी कार्यालय में पदस्थापित कर दिया गया है। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह को लाइन क्लोज किया गया है। दो सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार और सुरेश उरांव को रामगढ़ थाना में पदस्थापित किया गया है। एएसआई मो शाहनवाज खान को कुजू ओपी से बरकाकाना ओपी भेजा गया है।

# बिहार के वन कर्मियों ने लोगों के साथ की मारपीट, आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम





**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** जिला के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी चौक समीप दुकान चलाने वाले बकरा व्यवसायी अमित यादव सहित वीरेंद्र कुमार यादव, प्रदीप यादव, कुलदीप यादव सहित अन्य लोगों के साथ बिहार के नवादा जिला के वन विभाग के कुछ कर्मियों ने नीरू पहाड़ी चौक के समीप मारपीट करने का आरोप है। घायलों का ईलाज सदर अस्पताल कोडरमा से चल रहा हैं। वही आक्रोशित परिजनों ने रविवार को कोडरमा गिरिडीह रोड को जाम कर दिया। लोगों का कहना है कि बिहार वन विभाग के कर्मियों जरिये मारपीट की गई हैं। मारपीट क्यों हुई और मारपीट करने वाले कौन लोग थे। वहीं घटना की सूचना पाकर नीरू पहाड़ी चौक पर डोमचांच थाना की पुलिस, कोडरमा थाना की पुलिस, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन पर लोग माने और फिर जाम हटा। मारपीट में घायल हुए लोगों के जरिये डोमचांच थाने में आवेदन देकर करवाई की मांग की गई हैं। बिहार से आये वन विभाग कर्मियों के जरिये आमलोगों से मारपीट के पूरे मामले को लेकर घटना की निंदा करते हुए ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि बेवजह मारपीट करने वाले बिहार से आये वन विभाग कर्मियों की जांच करवाकर उनके विरुद्ध नियम संगत करवाई की जानी चाहिए । साथ ही उन्होंने कहा दोषी वन विभाग कर्मियों पर कानूनी करवाई नहीं होंगी तो आगे आंदोलन भी हो सकता है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा से सटे रजौली थाना के पंचायत सवैयाटांड़ में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर रविवार के अहले सुबह वनकर्मियों एवं पुलिस बलों के संयुक्त कार्रवाई में तीन टेम्पो एवं चार बाइकों पर लदे माइका को जब्त किया गया। साथ ही अवैध खनन में जुटे छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं कार्रवाई के बाद लौट रहे वनकर्मियों की टीम पर नीरू पहाड़ी के समीप कुछ लोगों ने बीच रास्ते में हमला कर दिया और माइका लदे एक टेम्पो को जबरन छुड़ा ले गए।

### बालू चोरी रोकने पुलिस ने धमनी नदी घाट पर बनाया कैंप

**गोड्डा।** बालू तस्करों पर लगाम कसने के लिए गोड्डा पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो गई है. बालू चोरी रोकने व तस्करों पर नजर रखने के लिए धमनी नदी किनारे पुलिस का अस्थाई कैंप बनाया गया है. इससे तस्करों में हड़कंप है. बालू तस्करी को लेकर सुंदरपहाड़ी प्रखंड क्षेत्र हाल ही में चर्चा में आया था. सुंदरपहाड़ी के अंचलाधिकारी ने धमनी नदी घाट पहुंचकर बालू लदे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया था. इससे नाराज तस्करों ने सीओ पर हमला कर दिया और जब्त ट्रैक्टरों को छुड़ा ले गए थे. सुंदरपहाड़ी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीओ व अन्य अधिकारियों को छुड़ा लाई थी. इस मामले में पुलिस ने जिप सदस्य के पति शैलेश साह, भागवत पंडित समेत अन्य लोगों को जेल भेज दिया था, जबकि कई फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है. सीएम हेमंत सोरेन का चुनाव क्षेत्र होने के कारण यह घटना सुर्खियों मे थी. एसपी के निर्देश पर धमनी नदी घाट किनारे अस्थाई कैंप बनाकर वहां पुलिस बलों की तैनाती की गई है.

### संत कोलंबस मिशन होस्पिटल में अनोखे अंदाज में मनाया गया क्रिसमस

# प्रभु यीशु का समाज में खाई को कम करने में भूमिका अहम रही है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

*नृत्य, कविता और कैरोल गायन से प्रतिभागियों ने मोह लिया सभी का मन एवं लोगों का जमकर बटौरी तालियां*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में भव्य व अनोखे अंदाज में क्रिसमस मनाया गया। कार्यक्रम में संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सदस्य सह असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित सोरेन एवं पूजा उपाध्याय सहित कई अतिथियों ने शामिल होकर केक काटकर क्रिसमस की सभी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनोखा कार्यक्रम कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नृत्य, कविता और कैरोल गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सजावट बेहद आकर्षक एवं सुंदर रहा। झालरों, क्रिसमस ट्री एवं सतरंगी लाइटों का अद्भुत छठा बिखेरा। कार्यक्रम में नृत्य, कविता और कैरोल गायन से प्रतिभागियों ने सभी का मन मोह लिया एवं लोगों का जमकर तालियां भी बटौरी। मौके पर संचालक प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में प्रभु यीशु का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु पूरी दुनिया में भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। समाज में ऊंच-नीच की खाई को कम करने में उनकी भूमिका अहम रही है। वह गरीबों एवं असहाय के बीच रहना ज्यादा पसंद करते थे। इसलिए वह हर व्यक्ति के लिए प्रिय साबित हुए। मौके पर संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सदस्य सह असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन हमें याद दिलाने आया है कि वह गरीबों, दलितों, बेसहारा लोगों को सहारा देने को आया।


वास्तविक रूप से धर्म का पालन ध्यान में स्थिर बैठकर ईश्वर से वार्तालाप करने में निहित है। परन्तु आप गहनता के उस बिन्दु तक नहीं पहुँचते, आप अपने मन को पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं करते, और इसी कारण आप अविद्या में रहते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरंतर खोज'

संपादकीय

## हंगामे से नहीं बहस से संसद में उठेंगे जनमुद्दे

जनता की गाढ़ी कमाई से संसद के महंगे संचालन से अधिक महंगा वह समय होता है जो जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से जुड़ा होता है पर गैर जरूरी मुद्दों पर हंगामे के कारण संसद की अनुत्पादक अवधि बढ़ रही है जो चिंताजंक है। संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ। सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए।बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र? क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था? हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं? संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई? देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दशार्ते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45%, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता। साथ ही संसद के कामकाज का प्रतिशत लगातार कम होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दशार्ना चाहते हैं? कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है? विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बबार्दी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी? वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाए ? वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं? पिछले वर्ष संसदीय व्यवधान पर 'पीड़ा' व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'लोकतंत्र के मंदिर' में ऐसे आचरण के विरुद्ध माहौल और जनमत तैयार करने के लिए जनांदोलन चलाने का जो आह्वान किया था वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

# बहुउद्देशीय पैक्स-ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक



डॉ हेमा यादव
निदेशक, वामनिकॉम



भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सामग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैक्स, और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है।

देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

### इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है

- अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना
- मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण

अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 6,000 नई बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।

### मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन

इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है । बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ-साथ अंतर-मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

### राज्यों की उपलब्धियां

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे । इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा। आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य-केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

उत्तराखंड ने 2018 से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के विविधीकरण और आधुनिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई है । 2023 में मॉडल उपनियमों की शुरूआत ने सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी समितियों में विकसित होने के लिए प्रेरित किया । इन समितियों ने कम्प्यूटरीकरण को अपनाया है, जिससे वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, एलपीजी वितरण केंद्र और पेट्रोल खुदरा दुकानों को संचालित करने में सक्षम हो गए हैं। ओडिशा में, 1,529 बहुउद्देशीय पैक्स हैं जो आकांक्षी जिलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत हैं, जो प्रभावी कार्यान्वयन और सार्थक क्षेत्रीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं।

महत्वपूर्ण भौगोलिक और क्षेत्रीय असमानताओं की विशेषता वाले राजस्थान ने डेयरी सहकारी समितियों पर विशेष जोर देते हुए 738 बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित किए हैं। इसी तरह, गुजरात और महाराष्ट्र बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रगति कर रहे हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ हैं जो आजीविका का स्रोत हैं, हालाँकि ऋण और बाजार तक पहुँच में ग्रामीण क्षेत्रों को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। मॉडल उपनियमों के संबल से बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्रीय आर्थिक विकास में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भागीदारी को बढ़ाएगा। आवश्यक बुनियादी ढाँचे के साथ बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, ऑनलाइन और भौतिक दोनों बाजारों तक बेहतर पहुँच, प्रौद्योगिकी का एकीकरण और कृषि मशीनीकरण को अपनाने से सप्लाई चेन में काफी मजबूती आएगी, जिससे अंततः किसानों और उत्पादकों को फायदा होगा।

कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में खेत से लेकर खाने तक के बीच प्रभावी चेन या लिंकेज बनाने के लिए, एकत्रीकरण, कृषि-लॉजिस्टिक्स और उत्पादकों को बाजार की जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जिससे वे बेहतर रूप से बाजार की मांग को पूरा कर सकें। यह दृष्टिकोण लाखों उत्पादकों को अवसरों का लाभ उठाने और उन्हें उनके बाजारों का विस्तार करने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य और स्थायी आय और आजीविका प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

अलग बात

## हिन्दी साहित्य के कल्पवृक्ष : रामवृक्ष बेनीपुरी



बिनोद सिंह गहवार

कहा जाता है कि जिस तरह प्रेमचंद का होरी (गोदान) और नागार्जुन का बलचनमा (बलचनमा) अमर हैं उसी तरह रामवृक्ष बेणीपुरी का मखना ( कहीं धूप कहीं छाया) अमर है। ग्रामीण परिवेश में व्याप्त विषमता, छूआ- छूत, भेद - भाव, रूढ़िवाद , शोषण, दमन, एवं उत्पीड़न को अपने साहित्य का आधार बनाने वाले सारस्वत साधक, चिंतक , पत्रकार, संपादक, विचारक, समाज सुधारक एवं ग्रामीण चेतना के ध्वजवाहक लेखकों में जैसे प्रेमचंद, फणीश्वरनाथ रेणु, नागार्जुन के नाम जन-जन के मानस पटल पर अंकित हैं उसी तरह हिन्दी साहित्य के कल्पवृक्ष रामवृक्ष बेनीपुरी जी का व्यक्तित्व और कृतित्व अविस्मरणीय है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी रामवृक्ष बेनीपुरी देशप्रेम, राष्ट्रीयता, धार्मिक एकता, राजनैतिक एवं सामाजिक विषमता तथा देश की समस्याओं पर लेखनी चलाकर अपनी चिंतनशीलता, बुद्धिमता एवं रचनाधर्मिता का प्रमाण दिया है। प्रेमचंद का समस्त रचना काल 1896 से 1936 तक प्रशस्त है लेकिन बेनीपुरीजी का रचना काल स्वतन्त्रता पूर्व से आरंभ होकर स्वातन्त्रयोत्तर काल तक रहा है। देश की आजादी से पहले बेनीपुरी जी अंग्रेजों के खिलाफ लड़े और देश अजाद होने के बाद देश के भीतर व्याप्त सामाजिक विषमता से लड़े। प्रेमचंद, सोजे वतन, लिखकर अंग्रजी हुकुमत के आँखो की किरकिरी बने तो बेनीपुरी, 'कैदी की पत्नी', निबंध लिख कर अंग्रेजी शासन के आँखो में आठो पहर खटकते रहे। प्रेमचंद, नमक का दारोगा, ठाकुर का कुँआ, 'पूस की रात', कहानी के माध्यम से सामाजिक विषमता , भ्रष्टाचार, छुआ- छूत सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हैं तो रामवृक्ष बेनीपुरी ,'सुभान खाँ', 'कहीं धूप कहीं छाया', जैसी कालजयी कहानी लिखकर समाजिक विषमता और गरीबों पर उच्च वर्ग द्वार किए गए उत्पीड़न पर करारा चोट करते हैं।कहा गया है कि समर्पित , सजग एवं साहसी साहित्यकार वह है जो अपने समय की कुरीतियों से अविरत लड़ता रहे। बेनीपुरी जी इस कसौटी पर एकदम खड़े उतरते हैं। चाहे उनकी रचना, पतितों के देश में, या, कहीं धूप कहीं छाया, इस तथ्य का सशक्त प्रमाण है।कहीं धूप कहीं छाया का मुख्य पात्र मखना बुखार से पीड़ित है फिर भी उसे बाबू साहेब के यहाँ बेगारी करनी पड़ती है जिसके चलते सुबह में उसकी मौत हो जाती है। इधर मखना का अर्थी उठ रहा है और उसकी पत्नी के चीत्कार से ....., हमरा के छोड़ के कहँवा गइलऽ हो रजउ, से धरती और आकाश दहल रहा है और उधर बाबू साहब की लड़की के बरात के शामियाना में लौंडा झूम-झूम कर गा रहा है, गरवा से गरवा लगा ल हो सजनवा कि जियारा के कवन बा ठेकान।

23 दिसंबर 1899-9 सितंबर 1968



राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

## झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिकंजे में उपभोक्ता



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

ग्राहक धोखाधड़ी ऐसी समस्या है जिसका जाने-अनजाने में हम नित्य शिकार होते है, लेकिन बहुत बार हम जानकर भी अनसुना करते है, या ज्यादा गंभीरता नहीं दशार्ते, परंतु इसका बहुत गहरा प्रभाव होता है और जानमाल का नुकसान होकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रणाली को आघात पहुँचता है। आम इंसान के रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली चीज वाहन का ईंधन है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत और मापन पर संदेह हमेशा आम जनता को परेशान करते हैं। अनेक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद वहां गाड़ी के टायरों में हवा भरवाते वक्त कर्मचारी हवा चेक करने के लिए पैसे लेते हैं, जबकि पेट्रोल की कीमत में कुछ सेवाएं मुफ्त दी जाती है, जैसे झ शौचालय का प्रयोग, पिने का पानी, टायरों में मुफ्त हवा, इंधन के गुणवत्ता और मात्रा की जांच, प्राथमिक चिकित्सा किट, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन कॉल। इन सेवाओं का चार्ज पेट्रोल विक्रेता के कमीशन में जोड़कर ही हमें पेट्रोल बेचा जाता हैं। यह सेवाएं पेट्रोल पंप पर मिलना अनिवार्य है अन्यथा ग्राहक सेवा में अवरोध निर्माण करने के लिए ऐसे पंपो के विरुद्ध शिकायत दर्ज की जा सकती है।

भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा पारित किया गया था। तभी से 24 दिसंबर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को सुरक्षा, सूचना, विकल्प, कहना, शिकायत व निवारण और उपभोक्ता अधिकार शिक्षा जैसे छह अधिकार मिले हैं। हम आधुनिक दुनिया के उस पड़ाव पर आ चुके है जहां हर ओर अंधाधुंद भागदौड, प्रतिस्पर्धा, टकराव नजर आता है। उत्पादों के केवल ऊपरी आवरण को खूबसूरत बनाकर बेचने का चलन चल पड़ा है। ग्राहक भी समय और पैसों की बचत की खातिर क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी को प्राथमिकता देता है, परंतु जो पैसे खर्च हो रहे है उस मुताबिक उत्पाद ग्राहक को मिल रहे है? आज के समय में मिलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पाट्र्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**जब कोई प्राण त्याग रहा होता है, तो यद्यपि वह बोल नहीं सकता, फिर भी उसकी चेतना में एक इच्छा व्यक्त होती है। वह सोच रहा होता है, मैं अपने प्रियजनों को छोड़ रहा हूँ; क्या मैं उन्हें पुनः कभी देख पाऊँगा? और जिन्हें वह पीछे छोड़ कर जा रहा होता है वे भी सोचते हैं, मैं उसे खो रहा हूँ।**

## मृत्यु को समझना




श्री श्री परमहंस योगानंद


यद्यपि साधारण मनुष्य मृत्यु को भय और उदासी से देखता है, फिर भी जो पहले मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं वे इसे शान्ति और स्वतन्त्रता के एक अद्भुत अनुभव के रूप में जानते हैं। शायद हम उनके बारे में सबसे अधिक उत्सुक होते हैं जिनसे हम प्रेम करते हैं। वे कहाँ हैं? उन्हें उड़ा कर हमसे दूर क्यों ले जाया गया है? एक संक्षिप्त विदाई, और फिर वे मृत्यु के पर्दे के पीछे ओझल हो जाते हैं। हम कितना असहाय और उदास अनुभव करते हैं; और इसके विषय में हम कुछ भी नहीं कर सकते।... जब कोई प्राण त्याग रहा होता है, तो यद्यपि वह बोल नहीं सकता, फिर भी उसकी चेतना में एक इच्छा व्यक्त होती है। वह सोच रहा होता है, मैं अपने प्रियजनों को छोड़ रहा हूँ; क्या मैं उन्हें पुनः कभी देख पाऊँगा? और जिन्हें वह पीछे छोड़ कर जा रहा होता है वे भी सोचते हैं, मैं उसे खो रहा हूँ। क्या वह मुझे याद रखेगा? क्या हम पुनः मिलेंगे?... जब इस जीवन में मैंने अपनी माँ को खोया, तो मैंने स्वयं को यह वचन दिया कि मैं पुनः किसी से कभी मोह नहीं रखूँगा मैंने अपना प्रेम प्रभु को दे दिया। मृत्यु के साथ वह पहला अनुभव मेरे लिए बहुत गम्भीर था। परन्तु इसके माध्यम से मैंने बहुत कुछ सीखा। मैंने साहस के साथ महीनों और वर्षों तक खोज की, जब तक कि मुझे जीवन और मृत्यु के रहस्य का उत्तर नहीं मिला ।...मैं जो आपको बताता हूँ, उसका मैंने अनुभव किया है।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




### आज का दोहा


**सूत्रधार, किरदार, ना, कथा वस्तु में खास।**
**जनता का जासूस कवि, सबके दिल के पास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

## मार्केट में आमूल चूल परिवर्तन के लिए चाहिए बड़े सकारात्मक कारक



शशांक भारद्वाज
वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक
चॉइस ब्रोकिंग



भारतीय शेयर मार्केट में पिछले सप्ताह बड़ी गिरावट रही। निफ्टी 1181 अंक टूट 23587 पर बंद हुआ। अमेरिका में भी 50 वर्षों की सबसे अधिक लगातार गिरावट से भी भारतीय शेयर मार्केट के दुर्बल मनोभाव में और भी वृद्धि रही। मार्केट, खरीदना नहीं है, के भाव में चला सा गया तथा क्रेता अनुपस्थित से लगे। इसलिए अपेक्षाकृत छोटी बिकवाली पर बड़ी गिरावट देखी जाने लगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में पिछले सप्ताह के सभी पांचों सत्रों में बिकवाली की तथा कुल 15878 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।उनकी तुलना में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 11874 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए।ये एफआईआई की बिकवाली से 4004 करोड़ रुपए कम का क्रय था।संकेत यह है कि डीआईआई भी थोड़े सतर्क हो क्रय कर रहे हैं। अतः आने वाले दिनों में एफआईआई के बिक्री आंकड़ों में परिवर्तन नहीं आया तो मार्केट और भी नीचे आ सकते हैं।मार्केट में खरीदारी के अभाव का अनुमान इस बात से भी लगाया जा सकता है कि रिलायंस इंडस्ट्री जैसा शेयर वर्ष के निम्नतम भाव पर आ गया है। भारतीय शेयर मार्केट के मूल्यांकन के महंगे होने की अवधारणा और भी फैल रही, बलवती सी हो रही है। जबतक इसमें परिवर्तन नहीं आता, लघु अवधि में बड़ी तेजी आने की संभावना कम ही है।

प्रमुख वैश्विक वित्तीय संस्थान तो भारतीय शेयर मार्केट में अगले एक वर्ष में अच्छी तेजी की भविष्यवाणी कर रहे। गोल्डमैन साक्स ने निफ्टी का लक्ष्य 27000 दिया है। पर पता नहीं कौन से रहस्यमय विदेशी विक्रेता हैं कि बेचे ही जा रहें हैं, इन स्तरों पर भी। मार्केट में अब अमूलचूल परिवर्तन के लिए कुछ बड़े सकारात्मक कारक चाहिए। अभी उछाल आते भी हैं तो टिक नहीं रहें। अर्थव्यवस्था में भी दुर्बलता की बातें पसर रही हैं। व्यापार घाटा बढ़ गया है। डीजीपी वृद्धि दर कम हुई है। रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। मुद्रास्फीति अपेक्षित निचले स्तर पर नहीं है, कंपनियों के लाभ में यथेष्ठ वृद्धि के संकेत नहीं है, आदि आदि। ब्लॉक चिप तथा बड़े पूंजीकरण के शेयरों में बिकवाली बनी हुई है। अनेक प्रमुख शेयर 20 प्रतिशत से अधिक गिर गए हैं। अर्थव्यवस्था में पर्याप्त निजी निवेश नहीं आ रहा। म्यूचुअल फंड में निवेश में कमी आई है। अभी के कारकों को देखते हुए थोड़ी मध्यम अवधि में भी भारत शेयर मार्केट के एक सीमित दायरे में ही व्यापार का करने की संभावना ही है। हां, कोई बहुत क्रांतिकारी बजट आ जाए तो अलग बात है। ऐसी परिस्थितियों में आशा की रैली भी आती है। अतः अभी समय छोटे छोटे लाभ लेते रहने का है। गिरावट पर थोड़ा थोड़ा खरीदिए, उछले तो लाभ ले लीजिए। अमेरिका में फेड ने ब्याज दरों में 25 प्रतिशत की कमी की परंतु वर्ष 2025 में दो ही और कटौती की बात भी कह दी।अमेरिकी मार्केट धड़ाम हो गए। एक ही दिन में डाओ 1123 अंक गिरा। सप्ताह के अंतिम ट्रेडिंग सत्र में अवश्य 498 अंक चढ़ा। यहां से अमेरिकी मार्केट अच्छे होंगे तो भारत मार्केट पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ सकता है।

एफआईआई अब स्टॉक फ्यूचर में भी बड़ी बिकवाली करने लगे हैं तथा पिछले सप्ताह उन्होंने 14593 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, लगभग नकद संभाग में अपनी बिकवाली के बराबर। ये आक्रामक तथा सट्टा वाला विक्रय है तथा मार्केट को उठने नहीं दे रहा है। तकनीकी आधार पर भी मार्केट दुर्बल है। निफ्टी के 24800 के ऊपर तीन दिन बंद होने पर मार्केट तेजी की दिशा में जा सकता है। अत्यधिक पीई तथा कई गुणा बढ़ चुके शेयरों में बड़ी बिकवाली तथा गिरावट दिख सकती है। अभी एकदम न्यायोचित मूल्यांकन के शेयरों में क्रय करना चाहिए।अगले दो वर्षों में जब अर्थव्यवस्था का आकर और भी बढ़ जायेगा, कंपनियों के लाभ में वृद्धि से मार्केट की पीई न्यायोचित हो जाएगी, म्यूचुअल फंड तथा उसमें एसआईपी का आकार अच्छा खासा बड़ा हो जाएगा, तब भारतीय शेयर मार्केट का आधार अच्छा सुदृढ़ हो जाएगा तथा ठोस एवं बड़ी तेजी दिखेगी। क्रूड का मूल्य 72.56 डॉलर प्रति बैरल है। यूरोपिय देशों के द्वारा रूस के तेल खरीदने पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं। इससे क्रूड में बड़ी तेजी नहीं आनी चाहिए। यह भारत के लिए अच्छा होगा। रक्षा, सरकारी बैंक, तेल वितरण कंपनियों के शेयर क्रय किए जा सकते हैं। जिन कंपनियों के कोई अच्छे समाचार हैं, उनमें भी निवेश किया जा सकता है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर से प्रभु श्रीराम का है अटूट संबंध

**एजेंसी। महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रयागराज सनातन संस्कृति की प्राचीनतम नगरियों में से एक है। प्रयागराज की महत्ता और प्राचीनता का विवरण हमें ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण, महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन मतावलंबियों के आराध्य प्रभु श्री राम के जीवन और वनवास प्रसंग से प्रयागराज का विशेष संबंध है। रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकलकर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी और वहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे थे। श्रृंगी ऋषि की तपस्थली होने के कारण ही यह क्षेत्र श्रृंगवेरपुर कहलाता है। महाकुंभ में सीएम योगी के मार्गदर्शन में श्रृंगवेरपुर में भव्य कॉरिडोर, विशाल प्रतिमा और निषादराज पार्क का निर्माण हुआ है।

श्रृंगवेरपुर धाम और प्रभु श्रीराम का संबंध उनके जन्म के भी पहले का है। रामायण में वर्णन आता है कि पुत्रकामेष्टि यज्ञ के लिए राजा दशरथ ने वशिष्ठ मुनि के कहने पर श्रृंगी ऋषि को अयोध्या बुलाया था। श्रृंगी ऋषि के यज्ञ फल से ही राजा दशरथ को राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के रूप में चार पुत्रों की प्राप्ति हुई थी। ऋषि विभाण्डक के पुत्र श्रृंगी ऋषि की तपस्थली होने के कारण गंगा तट का यह क्षेत्र श्रृंगवेरपुर कहलाता है। रामायण की कथा में वर्णित है कि प्रभु श्री राम की बहन शांता का विवाह श्रृंगी ऋषि के साथ ही हुआ था। आज भी श्रृंगवेरपुर में श्रृंगी ऋषि और शांता मां का मंदिर है, जहां श्रद्धालु संतान प्राप्ति की कामना और पूजन करते हैं। श्रृंगवेरपुर धाम ही वह स्थान है, जहां प्रभु श्री राम का मिलन अपने बाल सखा निषादराज से हुआ था। वाल्मीकि रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में वर्णन आता है कि जब प्रभु श्री राम राजा दशरथ की आज्ञा का पालन कर वनवास के लिए अयोध्या से निकले तो सबसे पहले वो श्रृंगवेरपुर ही पहुंचे थे। यहां उनका मिलन अपने बाल सखा निषादराज से हुआ था, जिनके कहने पर उन्होंने यहां एक रात्रि निवास भी किया था। केवटों का वह गांव आज भी रामचौरा के नाम से जाना जाता है। गंगा जी के तट के पास राम शयन आश्रम भी है, मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ने माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ यहां ही रात्रि निवास किया था। श्रृंगवेरपुर के घाट से ही निषादराज ने प्रभु श्रीराम को अपनी नौका में बैठा कर गंगा पार करवाई थी और भारद्वाज मुनि के आश्रम लेकर गए थे।




### 52 फीट की प्रतिमा और पार्क का निर्माण

धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 में सौंदर्यीकरण और भव्य कॉरिडोर का निर्माण करवाया है। सीएम योगी के दिशा-निर्देश पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से श्रृंगवेरपुर धाम में भव्य कॉरिडोर का निर्माण हुआ। प्रभु श्रीराम और उनके अनन्य मित्र निषादराज की मुलाकात की 52 फीट की प्रतिमा और पार्क का निर्माण कराया गया है।

### आगमन के दृश्यों के म्यूरल बनाए गए

श्रृंगवेरपुर धाम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रयागराज के पिछले दौरे में किया था। इसके साथ ही श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा जी के तट पर संध्या और रामचौरा घाट तथा निषादराज पार्क में प्रभु श्रीराम के आगमन के दृश्यों के म्यूरल बनाए गए हैं। साथ ही पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए फैसिलिटी सेंटर और होम स्टे जैसी सुविधाएं भी चला रहा है।

## महाकुंभ में 'साइकिल वाले बाबा' ने भारत और सनातम धर्म की जय-जयकार का लिया संकल्प



**प्रयागराज।** आस्था की संगम नगरी प्रयागराज में लगने वाले 2025 महाकुंभ की शुरुआत होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। देश-दुनिया से श्रद्धालुओं और साधु-संतों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। उन्हीं में से एक संत आपको कुंभ क्षेत्र में साइकिल चलाते हुए जाएंगे। आस्था नगरी प्रयागराज के महाकुंभ में तमाम साधु-संत श्रद्धालु और महात्मा हजारों किलोमीटर का सफर तय कर धर्म की नगरी में आस्था डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन एक ऐसे भी बाबा हैं जो साइकिल की सवारी करते हुए संगम की रेती पर धूनी रमाने के लिए आए हुए हैं। उन्होंने अपनी साइकिल को आश्रम का रूप दे दिया है। साइकिल को हाईटेक नहीं बल्कि जुगाड़ टेक्नोलॉजी से इस तरह तैयार किया है कि वह हाईवे पर भी फर्राटा भर सके। महाकुंभ में लोग इन्हें साइकिल वाले बाबा के नाम से पुकारते हैं। खुद को भगवान भोलेनाथ का परम भक्त बताने वाले बाबा का नाम पंडित संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी हैं जो बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। संपत दास रामानुज ब्रह्मचारी हैं। यह बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। बाबा के साइकिल से तीर्थ स्थलों के भ्रमण करने की कहानी भी बेहद अनूठी है।

## आधुनिक उपकरणों से स्वच्छता, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की तैयारी

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**




महाकुंभ-2025 में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्नानार्थियों को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करने के लिए आधुनिक स्वच्छता उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से तैयारी कर ली गई है और मेला शुरू होने से पूर्व इन आधुनिक उपकरणों को तैनात कर दिया जाएगा। इन उपकरणों की खरीद पर 45 से 50 लाख खर्च होने की संभावना है। इन उपकरणों में 10 मैनुअल वॉक-बिहाइंड स्वीपिंग मशीन और 2 बैटरी ऑपरेटेड वैक्यूम टाइप लीटर पिकर शामिल हैं। यह कदम न केवल महाकुंभ को स्वच्छता प्रदान करेगा, बल्कि, श्रद्धालुओं को एक साफ और हरित वातावरण भी देगा। महाकुंभ 2025 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं स्नानार्थियों को बेहतर सुविधा और अनुभूति के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के पक्के घाटों, फुटपाथों, सड़कों और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के लिए कॉम्पैक्ट मैनुअल स्वीपिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल उपकरण के रूप में, यह ईंधन या बिजली की आवश्यकता के बिना संचालित होता है, जिससे इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। मशीन को मैनुअल रूप से संचालित किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि यह धूल उड़ाए बिना प्रभावी ढंग से सफाई करती है। इसका एर्गोनोमिक डिजाइन उपयोग के दौरान कम्फर्ट सुनिश्चित करता है, जबकि सड़कों की सफाई में इसकी दक्षता, इसे संचालित करना और रखरखाव करना आसान बनाती है। यह उपकरण स्वच्छता कर्मियों को अपने कार्यों को अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से करने के साथ-साथ स्वच्छ और हरित वातावरण में योगदान करने के लिए सक्षम बनाता है।

# संभल में मंदिर होने के प्रमाण मिले, हम इसे लेकर रहेंगे : स्वामी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान पर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने असहमति जताई। मोहन भागवत ने कहा था कि कुछ लोग हिंदुओं के नेता बनने की कोशिश कर रहे हैं, इस पर स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि मैं मोहन भागवत जी के बयान से बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मोहन भागवत अनुशासक रहे हैं, लेकिन उनका विचार इस मामले में उनके साथ नहीं मिलता। स्वामी रामभद्राचार्य ने आगामी महाकुंभ मेला के बारे में कहा कि महाकुंभ एक अद्भुत आयोजन है, जिसमें लाखों लोग भाग लेंगे। सभी को इस मेले में आकर धर्म के प्रति अपनी आस्था और समर्पण को व्यक्त करना चाहिए। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि भारत की अखंडता बनी रहे और सभी लोग शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ इस आयोजन में भाग लें।

**एजेंसी। मुंबई (आईएएनएस)**

जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में चल रहे विवाद, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मोहन भागवत के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी। संभल विवाद सामने पर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संभल में जो कुछ भी हो रहा है, वह बुरा हो रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में एक सकारात्मक पहलू यह है कि वहां मंदिर होने के प्रमाण मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम इसे लेकर रहेंगे, चाहे वह वोट से हो, कोर्ट से हो, या फिर जनता के सहयोग से हो। मंदिर के मुद्दे पर उनका संघर्ष जारी रहेगा और वह इसके लिए सभी संभव रास्तों का उपयोग करेंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हिंदुओं पर अत्याचार कर रही है। बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री को 'दुष्ट' बताते हुए उन्होंने कहा कि इंतजार कीजिए, सबका सर्वनाश होगा। चिंता मत कीजिए। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है।

## कांग्रेस-भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे: मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**



राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर जारी सियासी संग्राम जारी है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में आक्रोश है। लेकिन, कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा और स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है। लेकिन, उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

## 'वादों' के जरिए चुनाव के पूर्व सीमांचल को साधने पहुंचे तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**



बिहार में सीमांचल के नाम पर राजनीति खूब होती रही है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' के दौरान भी सीमांचल के वोटरों को साधने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। उन्होंने सीमांचल की समस्याएं गिनाते हुए इस इलाके को सबसे पिछड़ा बताया तो वादों की झड़ी भी लगा दी। दरअसल, तेजस्वी अपनी यात्रा के क्रम में कटिहार, अररिया, पूर्णिया पहुंचे। यहां उन्होंने महिला मतदाताओं को भी विशेष रूप से साधने की कोशिश की। सीमांचल में विधानसभा की करीब 24 सीटें हैं और इस इलाके में ज्यादातर सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। राजद का वोट बैंक भी यादव और मुस्लिम मतदाताओं को माना जाता रहा है। ऐसे में तेजस्वी इस क्षेत्र अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। राजद के प्रमुख लालू यादव इस इलाके को अच्छी तरह समझते हैं। माना भी जाता है कि सीमांचल के जरिए बिहार की सत्ता की राह आसान हो जाती है।

## संभल में मिली 250 फीट गहरी बावड़ी, राजस्व विभाग करा रहा खुदाई

**एजेंसी। संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में चंदौसी में शनिवार को राजस्व विभाग ने एक जमीन की खुदाई की। उस दौरान एक विशालकाय बावड़ी के बारे में खुलासा हुआ। 250 फीट गहरी बावड़ी के मिलने से इलाके में हलचल मच गई है। बावड़ी के बारे में यह कहा जा रहा है कि यह बहुत पुरानी हो सकती है और इसमें ऐतिहासिक महत्व हो सकता है। बताया जा रहा है कि चंदौसी के लक्ष्मणगंज इलाके में 1857 से पहले हिंदू बाहुल्य था। यहां सैनी समाज के लोग रहते थे लेकिन वर्तमान में यहां मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या अधिक है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेसियां ने बताया कि खतौनी के अंदर पॉइंट 040 अर्थात 400 वर्ग मीटर क्षेत्र है। वह बावली तालाब के रूप में यहां दर्ज है। स्थानीय लोग बताते है कि बिलारी के राजा के नाना के समय बावड़ी बनी थी। इसका सेकंड और थर्ड फ्लोर मार्बल से बना है। ऊपर का तल ईंटों से बना हुआ है। इसमें एक कूप भी है और लगभग चार कक्ष भी बने हुए हैं। धीरे धीरे मिट्टी निकाल रहे हैं ताकि इसकी संरचना को किसी भी प्रकार की कोई हानि न हो। वर्तमान में इसका 210 वर्ग मीटर एरिया ही लग रहा है, शेष क्षेत्रफल कब्जे में है।

## अहमदाबाद के साबरमती ब्लास्ट मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद के साबरमती इलाके में हुए बम विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रूपेन बारोट को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, बम बनाने में मदद करने वाले रोहन रावल को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तैयार पार्सल बम, एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की टीम मामले की गहराई से जांच कर रही है।गुजरात हाई कोर्ट के वकील को शनिवार को संदिग्ध पार्सल भेजे जाने के बाद साबरमती इलाके में बम धमाका हुआ था। पार्सल में विस्फोट से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रूपेन बारोट और उसके साथियों ने इस ब्लास्ट को अंजाम दिया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस ब्लास्ट के पीछे आरोपी ने जानबूझकर विस्फोटक पदार्थ का उपयोग किया था। पुलिस ने घटना के बाद 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी रूपेन बारोट और उसके साथी रोहन रावल को गिरफ्तार कर लिया।

## नीतीश की यात्रा का उद्देश्य सरकार के कामों का फीडबैक लेना : संजय झा

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी संदर्भ में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने रविवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यात्रा के उद्देश्य और विपक्ष की आलोचनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार का यह कदम ऐतिहासिक है और ये एक महत्वपूर्ण यात्रा है, जो हर बार बिहार के विकास और बदलाव के लिए समय-समय पर आयोजित होती रही है। नीतीश कुमार 2005 से लगातार यात्रा निकालते आ रहे हैं। एक पुरानी कहावत है कि 'राजा को रात के अंधेरे में निकल कर देखना चाहिए कि जनता किस हाल में है।' नीतीश कुमार की यात्रा भी उसी मकसद से शुरू हो रही है, ताकि यह देखा जा सके कि बिहार में विकास कहां तक पहुंचा है और आगे किस दिशा में कार्य करना है।

# वार्षिक राशिफल 2025

## मेष

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मेष राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा ?

**राशि नामाक्षर- चु,चे,चो,ला,ली,लू,ले,लो,अ**

### नौकरी और व्यवसाय

व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अच्छा रहेगा। कार्य व्यवसाय में अच्छा लाभ होगा। व्यापार में बड़े भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जो लोग नौकरीपेशा वाले हैं वह कार्य कुशलता और अपनी कार्य दक्षता के बल पर सफलता प्राप्त करेंगे किंतु कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं द्वारा रुकावट डाली जा सकती है इसलिए बिना किसी पर विश्वास किया आप अपनी बौद्धिक शक्ति के अनुसार कार्य करते रहे। वर्ष के प्रारंभ में देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से द्वितीय भाव में होगा कार्य व्यवसाय और नौकरी के दृष्टिकोण से यह गोचर कुछ लाभदायक सिद्ध हो सकता है किंतु मई के बाद देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से तृतीय भाव पर होने से आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ बढ़िया रहेगा। द्वितीय स्थान पर गुरु ग्रह के गोचरीय प्रभाव से आपके धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। जिससे आप इच्छित बचत करके आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। मई के पश्चात जब देवगुरु बृहस्पति का गोचर राशि से तीसरे भाव पर होगा उसे समय पर आर्थिक मामलों में भाग्य का सपोर्ट मिलेगा। राहु और केतु का गोचर भी आपके लिए वर्ष के मध्य से लाभदायक हो जाएगा। जब राहु का गोचर कुंभ राशि पर होगा तो आकस्मिक धन लाभ की कई संभावनाएं इस वर्ष आपके लिए बनेंगी।

**पारिवारिक राशिफल :** घर परिवार और रिश्ते के दृष्टिकोण से वर्ष का प्रारंभ अच्छा रहेगा। वर्ष के आरंभ में द्वितीय भाव में गुरु के प्रभाव से परिवार में सदस्य संख्या में वृद्धि होगी यह वृद्धि विवाह या जन्म के माध्यम से हो सकती है। आपके परिवार में एक दूसरे के प्रति समर्पण की भावना से सुख शांति व भाइयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। संतान के लिए वर्ष का प्रारंभ अनुकूल है द्वितीय भाव के गुरु के प्रभाव से आपके बच्चों की उन्नति होगी यदि आप संतान की इच्छा रखते हैं तो गर्भाधान का सुंदर समय चल रहा है। यदि आपका बच्चा विवाह के योग्य है तो विवाह हो जाएगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अच्छा रहेगा। शारीरिक ऊर्जा व कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। समय का सदुपयोग कर अपनी जीवन शैली को बेहतर बनाने की कोशिश करें। किसी आर्थिक मुद्दे को लेकर या किसी विरोधी के कारण तनाव न पालें। आपकी राशि से 12वीं भाव में राहु का गोचर कुछ अनावश्यक के स्वास्थ्य समस्याएं आपको पिछले कुछ समय से दे रहे हैं।

**प्रेम राशिफल :** वर्ष का प्रारंभ प्रेम संबंधों के मामले में अच्छा रहेगा। द्वितीय गुरु कुछ नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनाएगा किंतु वर्ष के मध्य में राहु और केतु का गोचर जो आपके पंचम भाव को प्रभावित करेगा तो प्रेम संबंधों में परेशानियां भी देगा। आपस में विश्वास बनाए रखें किसी छोटी बात को तूल न दें तो इस वर्ष प्रेम संबंध अच्छे बने रहेंगे।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से करें और इस वर्ष नित्य प्रति श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते रहें। बुधवार को गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं एवं 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का पाठ करें।*

## वृषभ

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि वृषभ राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- ई,उ,ए,ओ,वा,वू,वे,वो**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। वर्ष के आरंभ में सप्तम भाव पर गुरु एवं शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से आप व्यवसाय व कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। जिससे आपकी आय में वृद्धि होगी। इस वर्ष आमदनी के नए स्रोत मिलने की उम्मीद है और नया व्यापार शुरू करने के लिए भी अच्छा समय रहेगा। वर्ष के मध्य में जब शनि का गोचर आपकी राशि से 11वें भाव में होगा तब नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बनेगी और व्यापार में कुछ नया और जोड़ने की संभावनाएं बनेंगे। एकादश भाव के शनि लाभ भाव में आपकी आमदनी में निश्चित रूप से वृद्धि करेंगे किंतु कार्यक्षेत्र में और नौकरी में कठिन परिश्रम की आवश्यकता भी इस वर्ष रहेगी।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष अत्यधिक अनुकूल रहेगा। वर्ष के आरंभ में व्यापारिक अनुकूलता के कारण धनागम में वृद्धि होगी। एकादश स्थान के राहु वर्ष के मध्य तक अचानक धन लाभ करते रहेंगे वर्ष के मध्य के पश्चात एकादश भाव के शनि आपको आर्थिक लाभ देते रहेंगे। आपको बड़े भाइयों से लाभ प्राप्त होता रहेगा और रुके हुए पैसे जो काफी लंबे समय से जिनके लिए आप प्रयासरत थे वह आपको इस वर्ष मिलेंगे। वर्ष के मध्य के बाद गुरु के गोचरीय प्रभाव के कारण आप बचत करने में भी सफल रहेंगे।

**पारिवारिक राशिफल :** वर्ष के आरंभ में सप्तम भाव पर गुरु एवं शनि ग्रह के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से पत्नी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। आपके परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। आपस में भावनात्मक लगाव बढ़ेगा जो लोग विवाह के दहलीज पर हैं उनके लिए वर्ष के मध्य तक रिश्ते आने और विवाह होने की संभावनाएं बनेगी।संतान की दृष्टि से यह वर्ष उत्तम रहेगा पंचम स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आपके बच्चों की उन्नति होगी। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। नव विवाहित व्यक्तियों के लिए संतान प्राप्ति का उपयुक्त समय रहेगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** राशि में स्थित गुरु के प्रभाव से इस वर्ष आपका स्वास्थ्य अनुकूल बना रहेगा। आपके मन में हमेशा अच्छे विचार आएंगे जिससे आप मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। प्रत्येक कार्य को आप सकारात्मक रूप से करेंगे किंतु अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप खान-पान पर विशेष ध्यान दें एवं अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। मार्च के पश्चात शनि की दृष्टि आपके राशि पर होगी।

**प्रेम राशिफल :** .प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष की शुरुआत में देवगुरु बृहस्पति जहां आपके संबंधों को सुधारने में सहायक होंगे वहीं वर्ष के मध्य तक राहु और केतु प्रेम संबंधों में अनावश्यक रूप से तनाव भी पैदा करेंगे। अप्रैल से शनि की दृष्टि आपके पंचम भाव पर होगी इसलिए प्रेम संबंधों में ईमानदारी बनाए रखें तभी या वर्ष प्रेम संबंधों के मामले में आपके लिए अच्छा रहेगा।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत प्राणायाम एवं ध्यान से करें एवं नित्य प्राणायाम करने का नियम बनाएं। अपने घर में स्फटिक श्रीयंत्र स्थापित करें और नित्य उसके सामने श्री लक्ष्मी सूक्त का पाठ करें और घी का दीपक जलाएं।*

## मिथुन

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं मिथुन राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- का,की,कु,घ,छ,के,को,हा**

### नौकरी और व्यवसाय

व्यवसाय की दृष्टि से देखें तो वर्ष का प्रारंभ मिला-जुला रहेगा। वर्ष के आरंभ में द्वादश स्थान पर गुरु ग्रह के गोचरीय प्रभाव से कार्य व्यवसाय में कुछ विशेष लाभ प्राप्त नहीं होगा। आपको अपने व्यापार में सफलता प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करना पड़ेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए द्वादश भाव का गुरु स्थानांतरण की संभावनाओं का संकेत वर्ष के प्रारंभ में दे रहा है। वर्ष के मध्य के पश्चात आपकी राशि पर गुरु के प्रभाव से आपके कार्य व्यवसाय में विशेष लाभ अर्जित होगा। इसलिए कार्य व्यवसाय में कुछ परिवर्तन या कुछ नया जोड़ने की संभावनाएं बनी रहेगी। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए भी स्थानांतरण की संभावनाएं या नौकरी में परिवर्तन की संभावनाएं वर्ष के मध्य तक रहेंगे।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से या वर्ष मिला-जुला रहेगा। वर्ष आरंभ में द्वादश स्थान के गुरु धनागम में रुकावट उत्पन्न करेंगे जिससे आर्थिक उन्नति में कमी हो सकती है। इस समय के अंतराल में निवेश न करें नहीं तो लाभ की उम्मीद बहुत कम होगी। वर्ष के मध्य के पश्चात गुरु का गोचर आपकी राशि पर होगा इसलिए तब आर्थिक स्थिति में विशेष रूप से सुधार देखने को मिलेगा। दशम स्थान के शनि अप्रैल के महीने से आपके लिए आमदनी के नए स्रोत उत्पन्न करेंगे। वर्ष के मध्य तक राहु का गोचर दशम भाव पर होगा पांचवी दृष्टि से राहु आपके द्वितीय भाव को देखेंगे।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टि से यह वर्ष सामान्यतः अनुकूल रहेगा। वर्ष के आरंभ में चतुर्थ स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से पारिवारिक अनुकूलता बनी रहेगी। परिवार में एक दूसरे के प्रति परस्पर सहयोग की भावना उत्पन्न होगी। वर्ष मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति की सातवें भाव पर दृष्टि पत्नी के साथ संबंधों में बहुत अनुकूलता प्रदान करेगी जिससे परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति की दृष्टि पंचम और साथ में और नवम भाव पर होगी इसलिए परिवार में कुछ मांगलिक कार्य होने के योग बनेंगे।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्यतः अनुकूल नहीं रहेगा। द्वादश स्थान का गुरु आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति बना सकते हैं। मधुमेह रोगियों को अधिक परहेज करने की आवश्यकता रहेगी। गुरु ग्रह के कारण संक्रामक या पेट से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। मई के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर राशि में होने से आपकी मानसिक स्थिति में बहुत सुधार होगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में यह वर्ष विशेष रूप से अनुकूल नहीं रहेगा। वर्ष के शुरुआत से वर्ष के मध्य तक प्रेम संबंधों में किसी न किसी कारण तनाव बना रहेगा। मई के पश्चात जब देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि पर होगा इसके पश्चात आपके प्रेम संबंधों में सुधार की स्थिति देखी जाएगी। राहु का गोचर वर्ष के मध्य के पश्चात आपके नवम भाव पर होगा।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत मंदिर या धार्मिक स्थान पर पीले फल और बेसन के लड्डू वितरित करके करें।बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं और नित्य प्रति भगवान गणपति के मंत्र का जाप करें।*



तृषा को प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया।

# भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को हराकर जीता पहला महिला अंडर-19 एशिया कप

- जी. तृषा ने शानदार 52 रन बनाए
- भारत को बांग्लादेश पर 41 रनों की जीत दिलाई।
- स्पिन गेंदबाजों ने सात विकेट चटकाकर
- बांग्लादेश 18.3 ओवरों में 76 रनों पर सिमट गई।

**कुआलालंपुर, 22 दिसंबर (आईएएनएस)।** भारत की युवा महिला टीम ने एशिया कप जीतकर रचा इतिहास रच दिया है। जी. तृषा के शानदार 52 रन बनाए और स्पिन गेंदबाजों ने सात विकेट चटकाकर भारत को बांग्लादेश पर 41 रनों की जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पहले अंडर-19 महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला रविवार को बायुमास क्रिकेट ओवल में हुआ।

तृषा 2023 में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। उन्होंने इस बार 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और मुश्किल पिच पर भारत ने 117/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, बांग्लादेश की टीम 18.3 ओवरों में 76 रनों पर सिमट गई। भारतीय स्पिनर आयुषी शुक्ला ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुईं। पारुणिका सिसोदिया और सोनम यादव ने भी अहम विकेट लिए और पावरप्ले के बाद बांग्लादेश की रन गति रोक दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शुरूआत में कुछ विकेट गंवा दिए।

इसके बाद तृषा ने कप्तान निकी प्रसाद (12) के साथ 41 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली। इनके आउट होने के बाद मिथिला विनोद ने 17 रन की तेज पारी खेली और टीम को 110 रन के पार पहुंचाया। बांग्लादेश की फरजाना इस्मिन ने 4 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजों को कड़ी टक्कर दी। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरूआत खराब रही। जोशिता वीजे और सोनम यादव ने पावरप्ले में दो विकेट झटके। फहमीदा छोया (18) और जुआइरिया फिरदौस (22) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्पिनर्स की सटीक गेंदबाजी के आगे वे टिक नहीं पाईं।

बांग्लादेश का स्कोर 64/5 से गिरकर 76 ऑल आउट हो गया। तृषा को प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। भारत की यह जीत खास है, क्योंकि टीम अगले महीने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे संस्करण में अपनी खिताब की रक्षा के लिए तैयार है।

## एक नजर

### गत विजेता अनमोल खरब, आयुष शेट्टी प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया और रविवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में गत विजेता अनमोल खरब सहित सभी शीर्ष छह महिला एकल खिलाड़ी हारकर बाहर हो गईं। हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची अनमोल को 12वीं वरीयता प्राप्त श्रेयांशी वलीशेट्टी ने 21-12, 21-15 से हराया, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप को 21-19, 21-17 से हराया। अन्य कोर्ट पर, 15वीं वरीयता प्राप्त श्रेया लेले ने बेंगलुरू में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जहां उन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूर्व चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को 13-21, 21-18, 21-14 से हराया। 13वीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग ने अपना संयम बनाए रखते हुए चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण की उपविजेता तन्वी शर्मा को 21-19, 21-18 से हराया, जबकि गैर वरीयता प्राप्त रुजुला रामू ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मानसी सिंह को 21-19, 20-22, 21-13 से हराया और 14वीं वरीयता प्राप्त साक्षी फोगाट ने छठी वरीयता प्राप्त अदिता राव का अभियान 21-18, 21-19 से समाप्त किया। सातवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ, जिन्होंने होनहार रक्षिता श्री एस को 23-21, 21-19 से हराया, अब अंतिम आठ में सबसे अधिक वरीयता प्राप्त हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला तस्नीम मीर से होगा।

### स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी, भारत ने वेस्टइंडीज को दिया 315 रन का लक्ष्य



**वडोदरा।** स्मृति मंधाना की 91 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले महिला एकदिवसीय मैच में 9 विकेट पर 314 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। शानदार लय में चल रही मंधाना की लगातार पांचवीं अर्धशतकीय पारी (टी20 और एकदिवसीय) है। उन्होंने 102 गेंद की पारी में 13 चौके लगाने के साथ अपना पदार्पण वनडे खेल रही प्रतिका रावल (69 में से 40) के साथ 110 रन की साझेदारी में ज्यादातर रन बनाकर टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। मंधाना की शानदार पारी के बाद हरलीन देयोल (50 गेंद में 44 रन), हरमनप्रीत कौर (23 गेंद में 34 रन), रिचा घोष (12 गेंद में 26 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद में 31 रन) ने तेजी से रन बनाए जिससे भारतीय टीम ने 300 रनों के आंकड़े को पार किया। भारतीय टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करने वाली शेफाली वर्मा के टीम से बाहर होने के बाद भारत ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर मंधाना का साथ देने के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाया।इस क्रम में रविवार को दिल्ली की खिलाड़ी प्रतिका को मौका मिला। उन्होंने 57.97 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इस 24 साल की खिलाड़ी को 10वें ओवर में जीवनदान भी मिला। वह उस समय तीन रन पर बल्लेबाजी कर रही थी। उन्होंने अपनी पारी के चारों चौके लेग साइड में जड़े। प्रतिका जहां तेजी से रन बनाने में संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरे छोर से मंधाना ने अपने शानदार कवर ड्राइव और पुल शॉट से दर्शकों का मनोरंजन किया।

### खेल मंत्री ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इस सप्ताह की शुरूआत में शुरू किए गए फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान की निरंतरता को बनाए रखते हुए, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल को हरी झंडी दिखाई। खेल मंत्री के अलावा, इस कार्यक्रम में 500 से अधिक राइडर्स मौजूद थे, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), भारतीय खेल प्राधिकरण के कैंपर्स और आईजी स्टेडियम के युवा जिमनास्ट, वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न साइक्लिंग क्लब शामिल थे। रविवार के फ्लैग-ऑफ समारोह में पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार शैंकी सिंह भी मौजूद थे, जिन्हें पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जिंदर महल की टैग टीम का हिस्सा होने के लिए सम्मानित किया जाता है। इस बीच, पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मौमा दास ने भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) कोलकाता में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। साइक्लिंग अभियान के व्यापक प्रभाव का उल्लेख करते हुए, मांडविया ने कहा, फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल भारत में 1100 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित की जा रही है। इस सप्ताह की शुरूआत में साइकिलिंग अभियान की शुरूआत ने साइकिल चलाने के प्रति जागरूकता को तेजी से फैलाया है। खेल मंत्री ने कहा, साइकिल चलाना आज की जरूरत है। विकसित भारत के विजन के लिए एक स्वस्थ व्यक्ति की जरूरत है, जो बदले में एक स्वस्थ समाज बनाता है और अंततः एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है।

## भारत दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जो रूट की इंग्लैंड की वनडे टीम में वापसी

**एजेंसी। लंदन**

भारत के वनडे दौरे और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की एक साल से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की 50 ओवर के प्रारूप की टीम में वापसी हुई। रूट इस प्रारूप में पिछली बार 2023 में भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप में खेले थे। ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को चयन के लिए नहीं चुना गया, वह इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं।

अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टीम की अगुआई करेंगे और लंकाशर का यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी भी करेगा जो वनडे से पहले होगी। भारत के सफेद गेंद के दौरे के दौरान इंग्लैंड पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगा। इस साल के शुरू में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले लेग स्पिनर रेहान अहमद को टी20 टीम में शामिल किया गया है।

## रोहित शर्मा, राहुल और आकाश को अभ्यास सत्र में लगी चोट

**मेलबर्न, 22 दिसंबर (आईएएनएस)।** रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बाएं घुटने में चोट लग गई, जिसके बाद फि ज़ियो भी वहां पर आए। हालांकि चोट ज्यादा गंभीर मालूम नहीं पड़ रही है, रोहित ने उसके बाद बल्लेबाजी नहीं की लेकिन घुटने पर बर्फ. लगाते हुए नजर आए। रोहित जो अब मिडिल ऑर्डर में खेल रहे हैं - उन्होंने अभ्यास सत्र में केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और शुभमन गिल को नई गेंद से अभ्यास करने को दिया। रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे, जहां वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में अपने बाएं घुटने पर चोट लगा बैठे। अभ्यास सत्र खत्म होने तक रोहित ठीक नजर आ रहे थे और वह आराम से कोच और टीम के साथियों के साथ बात करते हुए चल रहे थे।



अगर इतना ही काफी नहीं था, तो राहुल को प्रशिक्षण सत्र में अपने दाहिने हाथ पर भी चोट लग गई और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। आकाश दीप को भी बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगी लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस में आने के बाद उन्होंने इस चोट को मामूली बताया। उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है ये प्रैक्टिस विकेट सफेंद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी।



### रोहित नंबर छह पर खेलते समय अपनी सफेद गेंद की मानसिकता को अपनाएं : शास्त्री

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि कप्तान रोहित शर्मा को गुरुवार से मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरते समय अपनी सफेद गेंद की सफल रणनीति को अपनाने की जरूरत है। रोहित ने पर्थ में 295 रनों की जीत में सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल के अच्छे प्रदर्शन के बाद नंबर छह पर कदम रखा, यह मैच वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। लेकिन बल्लेबाजी क्रम में छठे नंबर पर आने के बाद, रोहित ने अब तक चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 10, तीन और छह रन बनाए हैं।

## प्रधानमंत्री ने अश्विन को उनके संन्यास पर लिखा 'एक कैरम बॉल जिसने सबको चकमा दिया'





**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले ऑफ-स्पिन मास्टर रविचंद्रन अश्विन को उनके शानदार करियर के लिए हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिकेट के मैदान में उनकी जर्सी नंबर 99" की कमी खलेगी।

गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद अपने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का समापन करते हुए, अश्विन ने भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक के रूप में एक समृद्ध विरासत छोड़ी है। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट था, जहां उन्होंने अपने 18 ओवरों में 1-53 विकेट लिए और बल्ले से 29 रन बनाए। अपने पत्र में, पीएम मोदी ने अश्विन के संन्यास को एक आश्चर्यजनक मोड़ बताया और इसे प्रत्याशित ऑफ-ब्रेक के बजाय एक अप्रत्याशित कैरम बॉल के बराबर बताया।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से आपके संन्यास की घोषणा ने भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों को चौंका दिया। ऐसे समय में जब हर कोई कई और ऑफ-ब्रेक की उम्मीद कर रहा था, आपने एक कैरम बॉल फेंकी जिसने सभी को चकमा दे दिया। हालांकि, हर कोई समझता है कि यह आपके लिए भी एक कठिन निर्णय रहा होगा, खासकर भारत के लिए खेलते हुए आपके शानदार करियर के बाद।

पत्र में लिखा है, कृपया एक ऐसे करियर के लिए मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें जो प्रतिभा, कड़ी मेहनत और टीम को हर चीज से ऊपर रखने से भरा रहा है।

## खो-खो वर्ल्ड कप 2025 का खेल प्रशंसक स्टेडियम में मुफ्त आनंद उठा सकेंगे



**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** अगले वर्ष जनवरी में राजधानी दिल्ली और नजदीक के नोयडा में होने वाले खो-खो विश्व कप में दर्शकों का प्रवेश मुफ्त रहेगा।

खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वर्ल्ड कप आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने बताया कि खेलों को फैंस के नजदीक लाने और खिलाड़ियों तथा प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए खो-खो वर्ल्ड कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों को फ्री एंट्री दी जाएगी ताकि समाज के हर तबके के खेल प्रशंसकों की स्टेडियम में एन्ट्री सुनिश्चित हो और खेल प्रेमियों को टिकटों की खरीद के झंझट में न पड़ना पड़े और दर्शकों की जेब पर कोई अतिरिक्त बोझ पड़े।

सुधांशु मित्तल ने बताया कि यह मेगा इवेंट 13 जनवरी 2025 को शुरू होगा और ओपनिंग डे पर पहला मैच इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच आयोजित किया जायेगा। खो-खो गेम के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए खो-खो फेडरेशन ने डीएवी स्कूलों और बाल भारती स्कूलों की मैनेजमेंट से अनुबंध किया है जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कार्यरत इन दोनों प्रतिष्ठित स्कूलों की सभी शाखाओं के बच्चे खो खो वर्ल्ड कप में दर्शक दीर्घा में बैठकर मैचों का मुफ्त में लुत्फ

### जडेजा प्रेस कॉन्फ्रेंस विवाद के बीच ऑस्ट्रेलिया के साथ मीडिया मैच का बहिष्कार किया

**मेलबर्न।** भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के बीच निर्धारित प्रेस मैच को रद्द कर दिया गया, क्योंकि कथित तौर पर भारतीय मीडिया ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा से जुड़े प्रेस कॉन्फ्रेंस विवाद के बाद पहले से तय मैच का बहिष्कार किया। द एज की एक रिपोर्ट में कई स्त्रोतों के हवाले से बताया गया कि मेलबर्न के जंक्शन ओवल में रविवार को होने वाला टी20 मैच रद्द कर दिया गया, क्योंकि भारतीय टीम के मीडिया मैनेजर ने इसमें भाग नहीं लेने का फैसला किया। इस फैसले के कारण यात्रा करने वाले मीडिया दल के कई सदस्यों ने भी नाम वापस ले लिया, जिससे औपचारिक मैच आयोजित करना असंभव हो गया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय स्टार्टअप संस्थापकों ने लिया 284 करोड़ रुपये का वेतन




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश की 28 भारतीय न्यू एज स्टार्टअप कंपनियों के 51 संस्थापकों ने वित्त वर्ष 24 में कुल 283.5 करोड़ रुपये का वेतन लिया है। आईएनसी 42 की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में स्टार्टअप संस्थापकों के औसत वेतन में वित्त वर्ष 2024-25 में कमी देखने को मिली है और यह वित्त वर्ष 2023-24 के 7.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 26.9 प्रतिशत कम होकर 5.55 करोड़ रुपये रह गया है। इन कंपनियों में स्टॉक ब्रोकिंग से लेकर कंज्यूमर गुड्स स्टार्टअप तक शामिल हैं। इन सभी स्टार्टअप में ई-कॉमर्स स्टार्टअप फर्स्टक्राई के संस्थापक, सुपम माहेश्वरी ने वित्त वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक 103.8 करोड़ रुपये का वेतन लिया है। हालांकि, यह वित्त वर्ष 2023-24 में लिए गए वेतन 200.7 करोड़ रुपये से करीब 50 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 24 में फर्स्टक्राई की परिचालन से आय 6,480 करोड़ रुपये रही है और इस दौरान कंपनी को 321.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। जीरोधा के संस्थापक निखिल और नितिन कामथ इस लिस्ट में वित्त वर्ष 2024-25 में दूसरे स्थान पर थे। दोनों भाईयों में से प्रत्येक ने 33.8 करोड़ रुपये का वार्षिक वेतन पिछले वित्त वर्ष में लिया है। वित्त वर्ष 2023-24 प्रत्येक ने 48 करोड़ रुपये के वेतन लिया था। वित्त वर्ष 24 में जीरोधा की परिचालन से 9,372.1 करोड़ रुपये थी और इस दौरान कंपनी को 5,496.3 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

कैपिलरी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक अनीश रेड्डी इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर थे। वित्त वर्ष 2024-25 में उन्होंने 13.3 करोड़ रुपये का वेतन लिया है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के वेतन 84 लाख रुपये से 1,480 प्रतिशत अधिक है।

नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री सोलहेम ने की भारतीय प्रधानमंत्री की तारीफ, कहा

## पीएम मोदी के लिए ग्रीन इकोनॉमी है लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का एक रास्ता

### कहा, स्वच्छ ऊर्जा नीतियां पैदा कर रही हैं कुछ अद्भुत अवसर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** नॉर्वे के पूर्व जलवायु और पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ ऊर्जा नीति की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ ऊर्जा नीतियां कुछ अद्भुत अवसर पैदा कर रही हैं, जो न केवल भारत को अपना नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगी, बल्कि लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में भी सहायक होगी। नीति आयोग के एक हालिया पेपर के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में लगभग 25 करोड़ भारतीय ह्यबहुआयामी गरीबीह्न से बाहर आ गए हैं, और गरीबी का स्तर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गया है। सोलहेम ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने पर काम कर रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में कई आर्थिक अवसर पैदा होंगे। अनुभवी राजनयिक ने कहा, जब सरकारें और उद्योग हरित अर्थव्यवस्था के बारे में बात करते हैं, तो मैं बहुत आशावादी हो जाता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए हरित अर्थव्यवस्था अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, मध्यम वर्ग को अधिक धन बनाने में मदद करने और सौर, हवा, जल विद्युत और अन्य सभी हरित परिसंपत्तियों की क्षमता का दोहन करके देश को वैश्विक क्षेत्र में चमकाने का एक और तरीका है। गुजरात के गांधीनगर में हाल ही में संपन्न चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सरकार ने बायो ई-3 नीति शुरू करके उच्च प्रदर्शन वाले जैव-विनिर्माण को प्राथमिकता दी है, जिसका उद्देश्य भारत के हरित विकास और नेट जीरो कार्बन अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को गति देना है। ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है।

इसके लिए हमने करीब 20 हजार करोड़ रुपये का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लांच किया है। इस बीच, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के अनुसार, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक लगभग 15 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जोड़े गए 7.54 गीगावाट से लगभग दोगुनी है।

गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षेत्र में देश की कुल स्थापित क्षमता 214 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाती है, क्योंकि देश का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता हासिल करना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि इस योजना ने अब तक 6.85 लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन हासिल कर लिए हैं। यह लगभग एक साल में एक दशक की सौर वृद्धि को पार कर जाएगी। इस साल फरवरी में लांच होने के बाद से 6,85,763 इंस्टॉलेशन के साथ यह योजना पहले ही एक दशक में लगाए गए इंस्टॉलेशन के 86 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

## अगले हफ्ते एफआईआई डाटा से तय होगी शेयर बाजार की चाल

### यूएस बांड यील्ड एवं डॉलर इंडेक्स भी होगा अहम

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारत शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। बीते हफ्ते हुई बड़ी गिरावट के बाद आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें यूएस बांड यील्ड, डॉलर इंडेक्स, कच्चे तेल की चाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) से जुड़े डाटा पर रहेंगी। 16-20 दिसंबर तक के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी 1,180 अंक या 4.77 प्रतिशत गिरकर 23,587 और सेंसेक्स 4,091 अंक या 4.98 प्रतिशत गिरकर 80,000 के अहम सपोर्ट को तोड़ता हुआ 78,041 पर बंद हुआ। इसके अलावा, बैंक निफ्टी 2,824 अंक या 5.27 प्रतिशत गिरकर 50,759 पर बंद हुआ। बीते हफ्ते केवल फार्मा सेक्टर ही तेजी के साथ बंद हुआ है, जबकि बाकी सभी सेक्टरों में बिकवाली थी।

## सीपीएसई का मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में 47 प्रतिशत बढ़ा

### कुल बाजार पूंजीकरण भी हुआ दोगुना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) का कुल शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 3.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बाजार पूंजीकरण में वृद्धि में मुख्य योगदान एनटीपीसी लिमिटेड, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड और इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड का रहा है। वित्त मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, लाभ में वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम समूह से आया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि पेट्रोलियम समूह में कुल शुद्ध लाभ में बढ़ाने में प्रमुख योगदान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (0.31 लाख करोड़ रुपये) का है।

## एक नजर

### विभाग ने तीन लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा

**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में बिजली विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर मौके से तीन लोगों को अवैध रूप से बिजली चलाते पकड़ा है। जिन लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा गया है। राम तिवारी सिंह पिता स्वर्गीय विशुनधारी सिंह यह अपने विद्युत मीटर के बाईपास से अवैध रूप से बिना मीटर के बिजली का उपयोग करते पकड़े गए इनके ऊपर 7200 का जुर्माना लगाया गया। वही संतोष कुमार पिता स्वर्गीय रोहिणी राम यह निगम के मुख्य एलटी लाइन से अवैध रूप से टोक लगाकर बिना मीटर के बिजली उपयोग करते पाए गए। इनके ऊपर 9600 का जुर्माना लगाया गया। वही राम सुंदर राम पिता विश्वनाथ राम यह भी निगम के मुख्य एलटी लाइन में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए गए। इनके ऊपर भी 9600 का जुर्माना लगाया गया। इन तीनों के ऊपर बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने रविवार को चिनियां थाने में लिखित आवेदन देकर इन तीनों के ऊपर क्षतिपूर्ति का जुर्माना लगाते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के धारा 135/138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### स्कूल बस ने बाइक में मारी टक्कर

**मेराल।** एन एच 75 सड़क के पिलर नंबर 31 पर स्कूल बस और बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार बाप बेटा घायल हो गए। घायल व्यक्ति राजेंद्र राम और उनका पुत्र शामिल है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेवियल इंटरनेशनल स्कूल कांडी के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उस बस में सवार थे। गाड़ी नगर की ओर से आ रही थी।लोगो के अनुसार बेतला पार्क बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जा रहा था इसी दौरान मेराल में 31 नंबर पिलर के पास टक्कर हो गई जिससे गंभीर रूप से बाप बेटे घायल हो गए। घायलों को इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन

**लातेहार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावागढ़ मे रविवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाभार्थियों को स्वास्थ्य लाभ यथा एनसी बीपी सुगर विडाल मलेरिया टीवी लेप्रोसी टीकाकरण स्किल सेल माइनर सर्जरी दाँत आई किशोरी स्वास्थ्य एनसीडी की निःशुल्क जाँच की गई। शिविर मे बुजुर्ग व्यक्तियों को वाकिंग स्टिक प्रदान किया गया। और शिवर में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत परिवार नियोजन विधि के बारे मे जानकारी दी गई। मौके पर कई लोग शामिल थे।

## मनरेगा घोटाले का आरोप, बीपीओ को हटाने की मांग

- मनरेगा के दीदी बड़ी योजना में हुई है करोड़ रुपए के घोटाले
- जब रोजगार सेवक कनीय अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा कर्मी हड़ताल पर थे तभी हुए करोड़ों के घोटाले



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में अनियमितता और करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप सामने आया है। सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुमार ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पत्र लिखकर प्रभारी बीपीओ मुकेश कुमार को तत्काल हटाने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ओम प्रकाश कुमार ने आरोप लगाया कि जब रोजगार सेवक, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता हड़ताल पर थे, उस दौरान प्रभारी बीपीओ मुकेश कुमार ने बिचौलियों के साथ मिलकर दीदी बड़ी, टिसीबी, आम बागवानी, योजना सहित अन्य योजनाओं के नाम पर फर्जी निकासी की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का धरातल पर कोई अस्तित्व नहीं है। साथ ही, कई योजनाओं से जुड़े दस्तावेज, जैसे योजना पंजी, मस्टर रोल और माफी पुस्तिका, गायब हैं। ओम प्रकाश ने कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो गारू प्रखंड में करोड़ों रुपए का मनरेगा घोटाला उजागर हो सकता है। सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और फर्जी निकासी से आम जनता का विश्वास टूट रहा है। इस मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि फर्जी निकासी का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने दावा किया कि सभी पैसे की भुगतान पंचायत सेवकों के हस्ताक्षर के आधार पर ही किए गए हैं।

### उपद्रवियों ने व्यवसायी से की मारपीट, मामला दर्ज

## उपद्रवियों ने फिल्मी स्टाईल में दुकान में मचाया उपद्रव

- दुकान और घर के दरवाजे पर शौच करने को लेकर हुआ मारपीट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक के समीप मुन्नी साव के कोल्ड्रिन व अंडा दुकान पर शनिवार की रात्रि आपराधिक प्रवृत्ति के युवकों ने जमकर तोड़ फोड़ व गुंडागर्दी की एवं दुकानदार विवेक कुमार के अंडा के ठेला को पलट दिया एवं फिल्मी स्टाइल में करीब दस की संख्या में उपद्रवियों ने पूरा काउन्टर को तोड़ा एवं कई लोगों को मारकर घायल कर दिया । वहीं खड़े लोग मुदर्शक बन कर तमाशा देखते रहे, इस घटना में रोहित कुमार,विवेक कुमार,व मुन्नी साव तथा उनकी पत्नी को भी मारकर घायल कर दिया गया। घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को मिली तो पुलिस गस्ती दल आया जिसके बाद उपद्रवियों बाइक से चलते बने इस सबन्ध में विवेक कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत कराया हैं। जिसमें लिखा है कि हमलोग रोज की तरह दुकान चलाते थे उसी समय तीन लोग चिंटू सिंह,मोन्टी सिंह,सन्नी तीन लोग अंडा खाने के बहाने शराब के नशे में आये और मेरे दुकान के बगल घर जिसमें महिला लोग रहती हैं , उसी में शौच करने लगा था, जब महिलाओं ने विरोध किया तो उनलोगों ने गाली गलौज व मारपीट करने लगे । इसके पुनः कुछ देर बाद तीन चार मोटरसाइकिल पर अन्य दस की संख्या में लाठी, हॉकी, स्टिक लेकर आये और दुकान में वेखौफ जमकर तोड़फोड़ किया और उपद्रव किया और भीड़ मूकदर्शक बना रहा,वही घटना की सूचना पर थाना गस्ती दल पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने महिला की गोली मारकर हत्या की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में रविवार को जपला देवरी मुख्य सड़क के गैस गोदाम के समीप एक होटल के पास दिन दहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद ओवरब्रिज के रास्ते होते हुए जपला छतरपुर सड़क की ओर भाग निकले। घटना शाम चार बजे की बतायी जाती है। मृतक महिला जपला देवरी रोड के नर्तकी मोहल्ला की रूपचंद कुमार की पत्नी पूजा देवी 28 वर्ष बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंच कर इस घटना की छानबीन में जुट गए। वहीं पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने महिला को फोन कर घर से बुलाया। पूजा देवी अपनी दस वर्षीय बेटी को साथ में लेकर अपने घर से महज सौ कदम की दूरी पर पहुंची, तो अपराधियों ने उसे एक होटल के पास बुलाया। दोनों के बीच कुछ बातों को लेकर बहस होने लगी। तभी एक अपराधी ने पिस्टल निकालकर उसके बांए कनपटी में सटाकर गोली मार दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। इस घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला दंगवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया हैं। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने भी पहुंचकर पुलिस प्रशासन को अपराधियों को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र मे दहशत का माहौल है।





### हुसैनाबाद में गोली चालन की घटना में नर्तकी की मौत के बाद अस्पताल में उमड़ी लोगों की भीड़

**हुसैनाबाद।** नर्तकी मुहल्ले में गोली मारकर नर्तकी की हत्या किये जाने की घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला दंगवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया हैं। उत्तेजित ग्रामीण अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ बीस लाख रुपए मुआवजा व आश्रित परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। वही सड़क जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव,एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब जाम स्थल पर पहुंचकर लोगों को आश्वाशन दिया की शीघ्र ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। लेकिन लोग जाम स्थल पर जमा रहे। जाम होने के कारण जपला दंगवार मुख्य सड़क पर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं घटना के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना के खबर मिलते ही हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बसपा नेता शेर अली, बिनोद कुमार सिंह,कृष्णा बैठा आदि ने पुलिस प्रशासन से मिलकर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## सांसद काली चरण सिंह ने जांगी में भाजपा की सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा (हि.स.)।** चतरा सांसद काली चरण सिंह ने जांगी में भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।

इसके माध्यम से उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सांसद काली चरण सिंह ने अपने संबोधन में भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आमजन को पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों और क्षेत्रीय विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह अभियान समाज के हर वर्ग तक भाजपा की विचारधारा पहुंचाने और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने का प्रयास है। सांसद ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे भाजपा की सदस्यता लेकर क्षेत्र और देश की प्रगति में भागीदार बनें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए।

## डी फार्मा डिग्रीधारी युवती ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** शनिवार को सिलीदाग पंचायत निवासी दुःखरण राम की 21 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी ने अपने कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गत वर्ष पूर्व ही दुःखरन राम की पत्नी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी अभी उस दुःख को भूल भी नहीं पाए थे की बेटी की असमय मृत्यु से दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा। पिता पुत्री की शादी के लिए वर तलाश रहे थे, लेकिन उन्हें क्या पता था शादी की डोली के जगह पुत्री की अर्थी को कंधा देना पड़ेगा ।घटना की सुचना गांव में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गयी सभी के जुबां पर बस एक ही बात था ,की आजकल के युवा आखिर आत्महत्या क्यों कर रहे हैं अपने मन की समस्या परिजनों, दोस्तों और परिचितो को क्यों नहीं बताते, क्या आत्महत्या ही किसी भी समस्या का समाधान है? जानकारीनुसार मृतका अपने बड़ी बहन के साथ घर पर थी एक भाई बाहर कमाने गया था , दूरसा भाई गत दिन ही ससुराल में और पिता जी रिस्तेदार के यहां गये थे।मृतका दिन में अपने घर के कामकाज कर रात्री दस-ग्यारह बजे सोयी। शनिवार की सुबह में सात-आठ बजे तक जब ज्योति (छोटी) कमरे से बाहर नहीं निकली तो बड़ी बहन ने कमरे में जाकर देखा तो पाया की ज्योति पंखे से लटकी हुयी हैं। इसकी जानकारी अपने पिता भाई को दी। घटना की जनकारी पा कर रमना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

## अनियंत्रित ट्रेलर सड़क छोड़ दुकान में घुसा, चालक घायल

- पुलिस ने ट्रेलर की बाड़ी को काटकर ड्राइवर को सीएचसी पहुंचाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर स्थित पुरानी बस स्टैंड के समीप अनियंत्रित ट्रेलर ट्रक सीजी 04 क्यूए 5920 एनएच 139 के किनारे स्थित मनोज पत्तल थाली तथा सन्ना मोबाइल दुकान से जा टकराया। यह घटना रविवार की अहले सुबह करीब 3:30 बजे की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भवन का पीलर को तोड़ते हुए ट्रेलर दुकान में घुस गया। इस घटना में दुकान और भवन को नुकसान पहुंचा है। वहीं 20 वर्षीय ट्रेलर चालक आकाश कुमार बुरी तरह घायल हो गया। ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक वाहन में ही फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, शशि शेखर पांडेय, अजय कुमार सिंह, एएसआइ मनोज दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रेलर के शीशा तोड़कर गैस कटर की मदद से चालक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि चालक का बायां हाथ तथा दोनों पैरों में फ्रेक्चर है। घायल चालक की पहचान छतरपुर थाना अंतर्गत रुदवा गांव निवासी टीपू यादव के पुत्र रूप में हुई है। उधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि संभावना है कि तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिससे यह हादसा हुआ है। वाहन से चालक को समय पर सहायता नहीं मिलती तो उसकी जान जा सकती थी।

## थाना परिसर के बगल में स्थित गंगा तालाब से समरसेबल चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** शनिवार की रात्रि मूर्ति टोला बगौंधा स्थित श्री हनुमान मंदिर का समर सेबुल गंगा तालाब थाना परिसर के बगल से चोरी हो गया। इसकी लिखित सूचना मंदिर निर्माण समिति एवं ग्रामीणों के द्वारा थाना को दिया गया है। इस सम्बन्ध में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुदर्शन बियार ने बताया कि मंदिर में पानी के लिए एक लुबी कंपनी का समरसेबल गंगा तालाब में लगा हुआ था, इसके द्वारा विगत करीब तीन वर्षों से श्री हनुमान मंदिर एवं गंगा तालाब छठ घाट के लिए पानी का आपूर्ति किया जा रहा था। फिलहाल पिछले कई माह से मंदिर में गुंबद प्लास्टर का कार्य चल रहा था। प्लास्टर कार्य पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में गार्डवाल का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी देर शाम तक समरसेबूल से काम किया गया है। रविवार को प्रातः ग्रामीण पहाड़ी तरफ शौच के लिए गए तो उनकी नजर तालाब तट पर बिखरा पड़ा पाईप पर पड़ा। नजदीक से देखे तो पाईप कटा हुआ था और समरसेबुल गायब था। इसके बाद समिति एवं ग्रामीणों की बैठक मंदिर परिसर में हुई जिसकी लिखित सूचना रमना थाना को दिया गया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी आकाश कुमार बताये की चोरी की सुचना मिली है, जल्द ही चोर गिरफ्त में होंगे।

## पेज एक के शेष

### कुवैत ने पीएम...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर को कुवैत पहुंचे थे। वह 43 साल में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पीएम बन गए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी यात्रा भारत और कुवैत के लोगों के बीच विशेष संबंधों और मैत्री के बंधन को और मजबूत करेगी।

### कुवैत यात्रा से...

उन्होंने कुवैत को धन्यवाद करते हुए लिखा, इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों में बहुत वृद्धि होगी। मैं कुवैत की सरकार और लोगों को उनकी गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं कुवैत के प्रधानमंत्री को भी विदाई के लिए हवाई अड्डे पर आने के विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। कुवैत के प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा के साथ सार्थक चर्चा की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हमारी बातचीत में भारत-कुवैत संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापार, वाणिज्य, लोगों के बीच आपसी संबंध और बहुत कुछ शामिल है। महत्वपूर्ण सहमति पत्रों और समझौतों का भी आदान-प्रदान हुआ, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। कुवैत में महामहिम शेखा एजे अल-सबा से मुलाकात करने की तस्वीर साझा करते हुए पीएम मोदी ने ह्यएक्सह्ल पर लिखा, महामहिम शेखा एजे अल-सबा ने योग और फिटनेस के प्रति अपने जुनून के लिए खुद को प्रतिष्ठित किया है। उन्होंने अपना खुद का योग और वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है, जो कुवैत में काफी लोकप्रिय है। हमने युवाओं के बीच योग को और अधिक लोकप्रिय बनाने के तरीकों के बारे में बात की।

### कुवैत के साथ...

ज्ञापन द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक रूपरेखा प्रदान करेगा। इसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा कर्मियों का प्रशिक्षण, तटीय रक्षा, समुद्री सुरक्षा और रक्षा उपकरणों का संयुक्त विकास तथा उत्पादन शामिल है। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की ह्यस्पष्ट रूप से निंदाह्न की और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों को बाधित करने तथा आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का आह्वान किया।

## ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित, फसल और स्कूली बच्चों को हो रही कठिनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में रविवार को तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंड और कनकनी का प्रभाव बढ़ गया। इस बदलते मौसम ने न केवल आम जनजीवन को प्रभावित किया है, बल्कि छात्रों, किसानों, व्यवसायियों और मजदूरों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

### दैनिक कार्य बाधित स्कूली बच्चों को स्वेटर व जूते-मोजे का इंतजार

ठंड के कारण प्रखंड के किसान और मजदूर अपने दैनिक कार्य छोड़कर घरों में दुबके आग तापते नजर आ रहे हैं। स्कूलों में भी ठंड का असर बच्चों की उपस्थिति पर पड़ा है। कई बच्चे स्कूल न जाकर घरों के पास आग तापते देखे गए। चिंता का विषय यह है कि ठंड के मौसम में भी सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब तक स्वेटर, जूते और मोजे का वितरण नहीं किया गया है। इससे बच्चों को स्कूल जाने में और अधिक परेशानी हो रही है। अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।



### किसानों की फसलों पर मौसम का असर

माझिगावां पंचायत के किसानों ने बताया कि अत्यधिक ठंड का बुरा प्रभाव उनकी फसलों पर पड़ रहा है। क्षेत्र के अधिकांश किसान धान और चैती फसलों पर निर्भर हैं। गेहूं, सरसों, चना, टमाटर और आलू जैसी फसलों में ठंड से प्रभावित होने के कारण रोग लगने की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम ऐसा ही रहा तो उनकी मेहनत और फसल दोनों पर बुरा असर पड़ेगा। खरौंधी प्रखंड में लगभग 80 से 90 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। फसलों में रोग और खराब मौसम के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। ठंड के कारण मवेशियों की देखभाल में भी किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### वाहनों पर बढ़ी सतर्कता जनजीवन प्रभावित

प्रखंड क्षेत्र में ठंड के कारण सुबह और शाम को कोहरा छा रहा है, जिससे छोटी-बड़ी गाड़ियों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए लाइट का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। सड़क पर वाहन चालकों को अधिक सतर्कता बरतनी पड़ रही है।

### सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार

ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से ठंड के प्रकोप से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। स्कूली बच्चों को स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है।ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। यह जरूरी है कि प्रशासन जल्द से जल्द कदम उठाए ताकि बच्चों, किसानों और मजदूरों को राहत मिल सके।

### ओबीसी अधिकार मंच का नावाबाजार के कंडा में हुई बैठक

## प्रखंड स्तरीय कमेटी का किया गया विस्तार, अजय बने प्रखंड अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** ओबीसी अधिकार मंच के द्वारा नावाबाजार प्रखंड स्तरीय कमेटी विस्तार को लेकर कंडा गांधी आश्रम में रविवार को बैठक आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ओबीसी अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी की आरक्षण की लड़ाई है, हम सबों को मिलकर लड़ने की जरूरत है। झारखंड सरकार पिछले कार्यकाल में ओबीसी को 27% आरक्षण देने की बात कही थी। जो की वर्तमान में झामुमो की सरकार बनी है। जिसमें हम सभी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सुरक्षित करने के लिए आवाज को अब बुलंद करना होगा। आज पूरे देश में ओबीसी को अपना हक अधिकार नहीं मिल पाता है। जहां युवा को नौकरी, राजनिती शिक्षा सहित अन्य कार्यों में आरक्षण से वंचित रहना पड़ता है। जिसे हम सभी मिलकर झारखंड में अपना हक अधिकार के लिए एकजुटता का परिचय देते हुए, प्रत्येक प्रखंड में कमेटी के विस्तार कर जिला स्तर पर पार्टी को मजबूत करते हुए चरणबद्ध आंदोलन करने की जरूरत है। वही प्रखंड स्तरीय कमेटी विस्तार में प्रखंड अध्यक्ष अजय राम, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनीता यादव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी, संयोजक संतोष कुमार गुप्ता, महासचिव बिहारी प्रजापति, उपाध्यक्ष नंदू चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, सदस्य परिखा पाल, भोला पाल, श्याम सुंदर ठाकुर, विनोद कुमार यादव, पानपती देवी, भारती देवी का दायित्व दिया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया के जंगल में लगी भीषण आग




**एजेंसी**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में लगी भीषण आग को लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को अपने घरों से दूर रहने की हिदायत दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी राज्य विक्टोरिया में मेलबर्न से लगभग 230 किलोमीटर पश्चिम में स्थित ग्रैंपियंस नेशनल पार्क के आसपास के छह शहरों में रहने वाले हजारों लोगों को शुक्रवार और शनिवार को घर खाली करने का आदेश दिया गया, क्योंकि पार्क में लगी आग से घरों और लोगों की जान को खतरा है।

## 300 से ज्यादा दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में लगे हैं

सोमवार को बिजली गिरने से लगी आग शुक्रवार और शनिवार के बीच तेज हवाओं के कारण तीन गुना बढ़ गई। रविवार सुबह तक 34,000 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन आग की चपेट में आ गई थी। 300 से ज्यादा दमकलकर्मी और पानी की बौछार करने वाले विमान इस पर काबू पाने के लिए काम कर रहे है। शनिवार को हुई बैठकों में निवासियों को बताया गया कि अधिकारियों को आशंका है कि आग कई हफ्तों तक नहीं बुझेगी। कंट्री फायर अथॉरिटी के डिप्टी चीफ ऑफिसर गैरी कुक ने कहा कि शनिवार रात को अनुकूल परिस्थितियों के कारण दमकलकर्मियों को उत्तरी किनारे पर नजर बनाए रखने के लिए कहा गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि रविवार को तेज हवाओं के पूर्वानुमान के कारण फिर से नियंत्रण प्रयासों को धक्का लगा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम को बताया, यह एक बड़ी आग है, इसलिए आने वाले दिनों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। कुक ने रविवार को कहा कि यह क्षेत्र बहुत शुष्क था और समुदायों को संभवत: शेष गर्मियों में आग के खतरे से निपटना होगा।

## पीएम मोदी कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस के क्रिसमस समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली स्थित सीबीसीआई सेंटर परिसर में कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से होगा। प्रधानमंत्री मोदी कार्डिनल्स, बिशप्स और चर्च के प्रमुख नेताओं सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से बातचीत करेंगे। यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होगा। कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) की स्थापना 1944 में हुई थी। यह निकाय पूरे भारत में सभी कैथोलिकों के साथ मिलकर काम करता है।

## नागरिक कर्मियों के सम्मान में नौसेना का 30 को होगा यादगार कार्यक्रम

- कार्यक्रम डीआरडीओ भवन के डॉ डीएस कोठारी ऑडिटोरियम में होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना परिचालन तैयारियों में नागरिक कर्मियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के लिए 30 दिसंबर को एक यादगार कार्यक्रम करने जा रही है। यह कार्यक्रम डीआरडीओ भवन के डॉ डीएस कोठारी ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा और परिचालन में अपने नागरिक कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## ब्राजील में सड़क हादसा, बस में लगी आग, 38 लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**ब्राजील।** ब्राजील में शनिवार को बस में आग लगने से एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में बस सवार 38 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के राज्य मिनास गेरैस में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है, जबकि 13 अन्य घायल हैं। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा शनिवार को टेओफिलो ओटोनी नगरपालिका में हुआ, जब ट्रक से ग्रेनाइट का एक बड़ा ब्लॉक सड़क पर गिर गया, जिससे बस विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। वाहनों के टकराने के बाद बस में आग लग गई।

### कुवैत में भारतीय श्रमिकों से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# आपका प्यार मुझे यहां तक खींच लाया

- बिहार के पुरुषोत्तम शर्मा ने पीएम से कहा, नालंदा विश्वविद्यालय के उद्घाटन के लिए धन्यवाद

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया। पीएम मोदी ने कुवैत के मीना अब्दुल्ला क्षेत्र में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया, जिसमें लगभग 1,500 भारतीय नागरिक कार्यरत हैं। पीएम मोदी ने श्रमिकों से बात करते हुए कहा कि आप मेहनत अपने परिवार के लिए करते हैं। मैं भी परिवार के लिए काम करता हूं। मेरे परिवार में एक सौ चालीस करोड़ लोग हैं। चालीस साल के बाद कोई प्रधानमंत्री यहां आया है और सबसे पहले अपने भाई-बहनों को मिलने जा रहा है। मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि आप सबसे मिलने का अवसर मिला। आपका प्यार मुझे यहां तक खींच कर लाया है। पीएम मोदी ने कहा, जब मैं 2047 विकसित भारत की बात करता हूं, तो इसका कारण यही है कि मेरे देश में इतना दूर आकर मजदूरी करने वाला मेरा एक श्रमिक साथी भी सोचता कि मेरे गांव में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बने। यह मेरे देश की ताकत है। मैं दिन भर सोचता रहता हूं कि मेरा किसान कितनी मेहनत करता है, अपने खेत में हमारा श्रमिक कितनी मेहनत करता है। जब ये सब मेहनत करते हैं, तो मुझे भी करनी चाहिए। अगर वे 10-11 घंटे काम करते हैं, तो मुझे 11-12 घंटे करना चाहिए। मेरे परिवार में एक सौ चालीस करोड़ लोग हैं, तो मुझे ज्यादा काम करना पड़ता है।

बिहार के सिवान जिले के रहने वाले पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा, मैं यहां 15 साल से काम कर रहा हूं। हम लोग जब आए थे, उस समय हम लोगों को परिवार से बात करने में दिक्कत होती थी। कभी-कभी घर पर बात करने के लिए एक-एक हफ्ता हो जाता था, लेकिन अभी हम लोग को इतनी सुविधा है कि हर समय बात कर सकते हैं। हमारे बिहार में जो आपने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। उसके लिए भी आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इससे वहां के छात्रों को बहुत आगे बढ़ने का बहुत अच्छा मौका मिलेगा। पीएम मोदी ने इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों से आए भारतीय श्रमिकों से बातचीत की, उनका हालचाल पूछा और गल्फ स्पिक लेबर कैंप में नाश्ते के समय उनमें से कुछ के साथ एक मेज पर बैठे।

### कुवैत में भारतीय की आबादी 21 प्रतिशत है

विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की ओर से गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा विदेशों में भारतीय श्रमिकों के कल्याण के लिए दिए गए महत्व का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण के लिए ई-माइग्रेट पोर्टल, मदद पोर्टल और उन्नत प्रवासी भारतीय बीमा योजना जैसी कई पहल की हैं। विदेश मंत्रालय ने कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, पीएम मोदी ने भारतीय कामगारों से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। प्रधानमंत्री का दिन का पहला कार्यक्रम यह दर्शाता है कि भारत विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण को कितना महत्व देता है। कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत की कुल आबादी में भारतीय 21 प्रतिशत (1 मिलियन) हैं और इसके कार्यबल (लगभग 9 लाख) में 30 प्रतिशत हैं।

## रवि लामिछाने और उनकी पत्नी की संपत्ति होगी जब्त

### नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री हैं लामिछाने

**एजेंसी**



**काठमांडू।** सहकारी बैंक घोटाला, ठगी, जालसाजी और मनी लांड्रिंग के आरोप में पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने और उनकी पत्नी निकिता पौडेल की संपत्ति जब्त करने के लिए रविवार को अदालत में अर्जी दी गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने दलील दी है कि रवि लामिछाने सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ करीब 150 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, इसलिए सभी आरोपितों और उनके परिवार वालों की संपत्ति जब्त की जाए। पोखरा जिला अदालत में पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ आरोप पत्र दायर करते हुए सीआईबी ने रवि और उनकी पत्नी निकिता की संपत्ति जब्त करने की अर्जी दी है। पुलिस ने पहले ही रवि लामिछाने के सभी बैंक अकाउंट और उनकी चल-अचल संपत्ति पर रोक लगाई हुई है। रविवार को अदालत में लामिछाने की पत्नी के बैंक अकाउंट में अस्वाभाविक ट्रांजैक्शन देखे जाने के कारण उनके बैंक अकाउंट को फ्रीज करने और चल-अचल संपत्ति पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## जर्मनी में क्रिसमस बाजार हमले में घायल लोगों में सात भारतीय भी

**बर्लिन।** जर्मनी के एक शहर मैगडेबर्ग में बेकाबू कार के हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। भारतीय नागरिकों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं और प्राथमिक इलाज के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि वो घायल हुए सभी लोगों के संपर्क में है। भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुई इस हमले की निंदा की है।

### महाराष्ट्र में प्रशासकीय स्तर पर हो रही जोरदार तैयारी

## अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा जाएगा : सीएम देवेंद्र फडणवीस

**एजेंसी**



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ तेज करके उन्हें वापस उनके देश में भेजा जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्तर पर जोरदार तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के धार्मिक स्थलों को राज्य के नियंत्रण में लाने की मांग का अध्ययन करेगी। देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर में कहा कि राज्य सरकार मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने पर अडिग है। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और उन्हें निर्वासित किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सभागृह में हिंदुओं के अलावा अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों को राज्य सरकार के नियंत्रण में लाने की आवश्यकता जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह जनता की मांग है कि न केवल हिंदू मंदिर, बल्कि अन्य धर्मों के पूजा स्थलों को भी सरकारी नियंत्रण में लाया जाना चाहिए।


मुख्यमंत्री फडणवीस ने दो दिन पहले विधानसभा में यह भी दावा किया था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान को नक्सल आंदोलन के कुछ प्रतिबंधित फ्रंटल संगठनों का समर्थन प्राप्त था। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिख कर इन संगठनों के नाम सार्वजनिक किए जाने की मांग की थी।

## राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास कार्यमुक्त

**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ।** अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास 87 वर्ष के हो गए हैं। राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट ने उनसे कार्य मुक्ति का निवेदन किया। ट्रस्ट ने उनसे यह भी कहा है कि कार्य मुक्ति के बाद भी रामजन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट से आजीवन वेतन मिलता रहेगा। मुख्य पुजारी पहले की तरह जब भी चाहेंगे, उनके राम मंदिर में आने-जाने व पूजा-अर्चना करने पर कोई रोक नहीं रहेगी। इस बारे में आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि ट्रस्ट ने तो कार्यमुक्त कर ही दिया है, फिलहाल मैं अभी मंदिर जाता हूं, कोई रोक नहीं है। आचार्य सत्येंद्र दास 1 मार्च 1992 से राम मंदिर में मुख्य अर्चक के रूप में सेवा दे रहे हैं। शुरुआत में उन्हें 100 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाता था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनका वेतन बढ़कर 38,500 रुपये हो गया है।

मालूम हो कि बीते 25 नवंबर को हुई रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में यह निर्णय हुआ कि राम मंदिर में पिछले 34 सालों से सेवा दे रहे आचार्य सत्येंद्र से कार्य से मुक्ति का निवेदन किया जाए। सत्येंद्र दास 87 साल के हो गए हैं। उनका स्वास्थ्य भी अब अनुकूल नहीं रहता, इसलिए उनसे सेवा से मुक्ति का निवेदन किया जाना चाहिए। यह भी निर्णय हुआ कि अभी उन्हें जो पारिश्रमिक यानी वेतन दिया जा रहा है, वह वेतन आजीवन दिया जाएगा। इस पर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों की सहमति भी मिल गई। आचार्य सत्येंद्र दास को यही वेतन आजीवन दिया जाता रहेगा। इस समय राम मंदिर में आचार्य सत्येंद्र दास सहित कुल 14 पुजारी सेवा दे रहे हैं।




> ट्रस्ट ने तो कार्यमुक्त कर ही दिया है, फिलहाल मैं अभी मंदिर जाता हूं, कोई रोक नहीं है।
> **मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास।**

- आजीवन मिलेगा वेतन 1992 में मिलता था 100 रुपये, अब 38,500
- राम मंदिर में आचार्य सत्येंद्र दास सहित कुल 14 पुजारी दे रहे हैं सेवा

उनके साथ 4 सहायक पुजारी भी लंबे समय से राम मंदिर में कार्यरत हैं, जबकि 9 नए पुजारियों की नियुक्ति हाल ही में की गई है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास विवादित ढांचे के विध्वंस से लेकर राम मंदिर के निर्माण व भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक के साक्षी हैं। आचार्य सत्येंद्र दास ने टेंट में रहे रामलला की 28 साल तक उपासना-पूजा की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद लगभग चार साल तक अस्थायी मंदिर में विराजे रामलला की सेवा मुख्य पुजारी के रूप में की। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अभी तक वह मुख्य पुजारी के रूप में सेवा दे रहे हैं। इस बारे में मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि राम मंदिर के ट्रस्टी आश्रम पर आए थे। स्वास्थ्य व बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए कार्य से मुक्ति का निवेदन किया है। कहा गया है कि जब इच्छा हो मंदिर जाएं, न हो तो न जाएं। ट्रस्ट ने यह भी कहा है कि जितना वेतन अभी मिलता है आजीवन देते रहेंगे। ट्रस्ट ने तो कार्यमुक्त कर ही दिया है, फिलहाल मैं अभी मंदिर जाता हूं, कोई रोक नहीं है।

## कंगना और अन्य महिला स्टार्स ने लोकसभा में जमाया रंग

**एजेंसी**









**नई दिल्ली।** इस साल दुनिया ने भारत को लोकतंत्र का महापर्व मनाते देखा। सफलता से लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया ऐसा कि एलन मस्क तक हमारे देश के मुरीद हो गए। लोगों ने बड़े मान से अपने प्रतिनिधि चुने। इनमें कुछ सेलिब्रिटी भी थे। कई स्टार्स पहली बार तो कुछ दूसरी या तीसरी बार संसद पहुंचे। इनमें कंगना रनौत, हेमा मालिनी, जून मलैया, रचना बनर्जी और शताब्दी रॉय का नाम शामिल है। 5 ऐसी अभिनेत्रियां जो ऑफ स्क्रीन भी उतनी ही बुलंद और बेबाक हैं जितनी बड़े पर्दे पर दिखती हैं। बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट जीती। दिग्गज विक्रमादित्य सिंह को पटखनी दी। छह बार मुख्यमंत्री रह चुके वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य को बड़े अंतर से चुनाव हराया। इस जीत ने कंगना को राजनीति में एक नया मुकाम दिलाया। वो संसद से लेकर सड़क तक जनता के तमाम मुद्दों को लेकर मुखर नजर आती हैं। उनका पूछा पहला सवाल भी सटीक, सादा और कला से जुड़ा था। उन्होंने हिमाचल की काठ कुणी कला शैली को लेकर प्रश्न पूछा। संसद के बाहर भी विभिन्न मुद्दों पर धड़ल्ले से बोलीं। मथुरा से जीत की हैट्रिक लगाते हुए दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी संसद पहुंची। "ड्रीम गर्ल" के नाम से मशहूर हेमा मालिनी भाजपा के टिकट पर एक बार फिर मथुरावासियों का समर्थन हासिल करने में कामयाब रहीं। निचले सदन में एक सवाल ऐसा किया जो भारत की जड़ों से जुड़ा है। हेमा ने अपने जिले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की घटती संख्या पर फिक्र जाहिर की थी। अपनी ही सरकार से सवाल किया कि क्या इसे लेकर कुछ काम हुआ है। हेमा अपनी बात तोल मोल कर बोलती हैं। कई बार मीडिया ब्रीफिंग में खामोश रहकर बात रखना बेहतर समझती हैं। बंगाली अभिनेता से नेता बनीं टीएमसी की जून मालिया छोटे और बड़े पर्दे का बड़ा नाम हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर से अपनी दोस्त और भाजपा की अग्निमित्रा पॉल को कड़े मुकाबले में हराकर जीत हासिल की। 2021 में मालिया मेदिनीपुर से पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्य के रूप में चुनी गईं।

टीएमसी की ही शताब्दी रॉय चौथी बार संसद पहुंचीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के बीरभूम से भाजपा के देबतनु भट्टाचार्य को हराकर जीत हासिल की थी। साल की शुरुआत में ही यानि जनवरी 2024 में उन्होंने एक भगवान राम को लेकर ऐसा बयान दिया की विवाद खड़ा हो गया।

## एलियन पर वैदिक विज्ञान व प्राचीन ज्ञान पर होगा सार्वभौमिक सम्मेलन

- दिल्ली में 15 मार्च को जुटेंगे कई देशों के विशेषज्ञ, अंतरिक्ष यात्री और शोधकर्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** स्वामी विवेकानंद और निकोला टेस्ला इंटरनेशनल फाउंडेशन (एसवीएनटीआईएफ) अगले 15 मार्च को नई दिल्ली में यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन आयोजित करेगा। इस सम्मेलन में अभूतपूर्व आयोजन वैदिक विज्ञान, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ यूएफओ और एलियन घटनाओं के प्रतिच्छेदन पर गहन चर्चा होगी। इससे प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के बीच एक अद्वितीय संवाद को बढ़ावा मिलेगा। ये जानकारी एसवीएनटीआईएफ के अध्यक्ष मानस डेका ने दी है। उन्होंने बताया कि यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन 15 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में होगा।

इस सम्मेलन में इसरो, नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए), जापानी, इतालवी और रूसी अंतरिक्ष एजेंसियां, अंतरिक्ष निर्माण सलाहकार परिषद, अंतरराष्ट्रीय यूएफओ कांग्रेस, यूरोपीय यूएफओ कांग्रेस, स्पेसएक्स, आईआईटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (आईएयू) जैसे प्रमुख संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा।



## केंद्रीय वित्त मंत्री ने किए शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन

**जैसलमेर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जैसलमेर में शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां तनोटराय से देश में खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने तनोट परिसर में ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का अवलोकन किया।